दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — धान खरीदी के मुद्दे पर सदन में विपक्ष...
4 अभिव्यक्ति — अब करनी होगी महिला...
9 मनोरंजन/खेल — जुबैदा के सीक्वल में काम करेंगी करिश्मा...
11 व्यापार — निवेशकों ने कुछ ही देर में गंवाए पांच लाख करोड़...

www.navpradesh.com

बिलासपुर, शनिवार 29 फरवरी, 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-318 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

दिल्ली के दंगों को लेकर अगर जनता के नुमाइंदे सियासत नहीं करेंगे तो क्या घुइया छिलेंगे? जब लोगों के घर जलते है और दुकाने जलती है तभी राजनीतिज्ञों की दुकाने चलती है। फिर ऐसे दंगे कोई रोज तो होते नहीं। कभी कभार ही इन गिद्धों को भोज नसीब होता है। वैसे इनकी कोशिश तो यही रहती है कि रोज दंगा फसाद हों। इसके लिए ये लगातार भड़काऊ बयानबाजी करते रहते है और यदाकदा सफल भी हो जाते है। यदि इनकी चले तो ये अपनी पार्टी का चुनाव चिन्ह बदल कर पत्थर, लाठी, बंदूक, छुरा, पेट्रोल बम और तेजाब आदि रख लें।

अंग्रेजी का ऐसा विरोध कि 500 छात्रों ने घेर लिया डीईओ ऑफिस

जितेंद्र नामदेव

कवर्धा। नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर दिया। दरअसल नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल को अंग्रेजी माध्यम का किए जाने से यहां अध्ययनरत 900 विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। यह पहल स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ही रास नहीं आ रही है। पहले से हिंदी मीडियम में पढ़े विद्यार्थियों को अब अचानक से अंग्रेजी में पढ़ाई कठिन लग रही है। इसलिए वे अपने भविष्य को लेकर आशंकित हैं। स्कूल के करीब 500 छात्र-छात्राओं ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर लिया। वे कार्यालय के सामने ही अपनी मांग को लेकर बैठ गए। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विद्यार्थी बोले- न बदला जाए स्कूल को

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने वाले नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का कहना है कि स्कूल को अंग्रेजी माध्यम का किए जाने से उनका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने मांग की है कि उनके स्कूल को न बदला जाए, ताकि सभी विद्यार्थी वहां शिक्षा ग्रहण कर सकें। कवर्धा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब 500 ब'चे एक साथ डीईओ कार्यालय के सामने सड़क पर बैठकर अपनी मांगों को रख रहे हैं।

सभी 900 बच्चों को नहीं मिलेगा एडमिशन

नवीन हाई सेकेंडरी स्कूल को बदलकर अंग्रेजी माध्यम किया जा रहा है, जिसके चलते वहां अध्ययनरत 900 छात्र-छात्राओं को हटाकर पुनः नई भर्ती की जानी है। नई भर्ती में इन बच्चों को नहीं लिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में छठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं।

अन्यत्र स्कूलों में मिलेगा दाखिला

वर्तमान में स्कूल में जो विद्यार्थी अध्ययनरत छात्र हैं उन्हें अन्यत्र स्कूलों में दाखिला दिलाया जाना है। जिस स्कूल में अंग्रेजी माध्यम किया जा रहा है उस स्कूल में दूसरे विद्यालयों के इंग्लिश मीडियम के छात्र-छात्राओं की भर्ती की जाएगी। - **केएल महिलांगे,** डीईओ कबीरधाम

आईटी ने कार्रवाई का बढ़ाया दायरा पहले 12 अब 32 ठिकानों पर दबिश

दूसरा दिन: रायपुर के साथ ही बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, बस्तर में भी कार्रवाई

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में दिल्ली से पहुंची इंकम टैक्स की डीजी इन्वेस्टिगेशन टीम के नेतृत्व में चल रही कर अपवंचन संबंधी जांच का दायरा शुक्रवार को दूसरे दिन और विस्तारित हो गया है। गुरुवार 27 फरवरी को अचानक ही राजधानी रायपुर, बिलासपुर और भिलाई में नौकरशाहों, नेताओं और शराब कारोबारियों समेत निजी अस्पताल में आयकर टीम ने दबिश देकर पड़ताल शुरू की।

शुक्रवार 28 फरवरी को जांच का एरिया वृहद हो गया। पहले दिन करीब 12 जगहों को टारगेट में लेकर टीम करअपवंचन की जांच में जुट गई थी। शुक्रवार को अचानक ही करीब 32 नए ठिकानों पर जांच टीम ने दस्तक देकर सभी को चौंका दिया। दिल्ली, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल की संयुक्त आयकर टीम ने जांच दायरा बढ़ाने के साथ ही अपने साथ अब ईडी को भी शामिल कर लिया है। अब जांच टीम की संयुक्त कार्रवाई में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आयकर टीम की गाड़ियों को छोड़ा रायपुर पुलिस ने

राजधानी में विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर रही आयकर विभाग की टीम की गाड़ियों को गुरुवार देर रात बीच सड़क पर खड़ी होना का हवाला देकर रायपुर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था। करीब 20 गाड़ियों के टायर में लॉक लगा दिया गया था। यातायात पुलिस ने करीब 12 घंटे के बाद शुक्रवार को इन गाड़ियों को चालानी की कार्रवाई कर छोड़ दिया। इससे पहले आयकर विभाग की टीम ने कहा था कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हम करें तो बदलापुर, ये कौन सा 'पुर' है भाई

आयकर जांच और कार्रवाई का घेरा बढ़ने के बाद छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बयान दिया है कि राज्य सरकार जब भी कोई कार्रवाई करती है तो उसे विपक्षी दल बदलापुर की राजनीति कह प्रचारित करता है। अब दिल्ली से सीधी कार्रवाई को कौन सा पुर कहा जाए। इतना ही नहीं मंत्री सिंहदेव ने कहा कि इस कार्रवाई से राज्य और केंद्र के बीच टकराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। यह बयान उन्होंने आयकर जांच में जुटी टीम की गाड़ियों की पुलिस विभाग व्दारा जब्ती बनाने व जुर्माना किये जाने के बाद कही। उन्होंने कहा जो नियम है उसके तहत ही कार्रवाई की जानी चाहिए।

कार्रवाई को कांग्रेस ने बताया दुर्भावनापूर्ण

आयकर छापों को राज्य सरकार ने दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई माना है। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने सीएम भूपेश बघेल समेत मंत्रिमंडल राजभवन के लिए रवाना हो चुके हैं। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि संघीय ढांचे में केंद्र और राज्य सरकार के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक होता है। कल से आयकर के छापे पूरे प्रदेश में चल रहे हैं। आईएएस अधिकारियों महिला अधिकारियों और कारोबारियों के घर छापे मारे जा रहे हैं. लेकिन इसे लेकर कोई भी सूचना ना सरकार को दी गई और न ही मीडिया से साझा की गई है। यह बेहद गंभीर विषय है। इसलिए सरकार की ओर से पूरा मंत्रिमंडल राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने जा रहा है। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने आगे कहा कि महिला अधिकारी के घर ताला बंद होने के बावजूद छापे की कार्रवाई की गई। दूर से ही समझ आता है कि तमाम कार्रवाई दुर्भावना के तहत की गई है। हमारी लड़ाई पूर्ववर्ती सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ है। इसी वजह से केंद्र ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना से कोहराम

■ साढ़े 4 साल की बड़ी गिरावट

1448 अंक लुढ़का सेंसेक्स, 414.10 अंक गिरा सेंसेक्स

मुंबई /नवप्रदेश। कोरोना वायरस के कारण वैश्विक आर्थिक विकास पर विपरीत असर पड़ने की आशंका में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली का असर शुक्रवार को घरेलू स्तर पर भी दिखा जिससे शेयर बाजारों में कोहराम मच गया और इनमें साढ़े चार साल की सबसे बड़ी गिरावट देखी गयी। बीएसई का सेंसेक्स 1,448.37 अंक यानी 3.64 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 414.10 अंक यानी 3.56 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की समाप्ति पर सेंसेक्स 38,297.29 अंक पर रहा जो 14 अक्टूबर 2019 के बाद का निचला स्तर है। निफ्टी 11,219.20 अंक पर रहा जो 07 अक्टूबर 2019 के बाद का निचला स्तर है।

24 अगस्त 2015 को इससे ज्यादा गिरा था बाजार

शेयर बाजार की शुक्रवार की गिरावट 24 अगस्त 2015 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। उस दिन सेंसेक्स 1,624.51 अंक और निफ्टी 490.95 अंक टूटा था।

56 पैसे फिसला रुपया

शेयर बाजार में हुई भारी बिकवाली का असर रुपये पर दिखा और यह 54 पैसे फिसल गया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छह विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

■ **दिल्ली में भड़काऊ भाषण देने वालों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग**

नई दिल्ली/नवप्रदेश। गैर कांग्रेसी छह विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से दिल्ली हिंसा के आरोपी एवम भड़काऊ भाषण देने वाले नेताओं के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है और राहत शिविर खोलने का अनुरोध किया है। कोविंद ने इन दलों को जब मिलने के लिए समय नहीं दिया तो मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) महासचिव सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल पटेल, आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टीआर बालू और लोकतांत्रिक जनता दल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों को दी शुभकानाएं

नई दिल्ली वार्ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर शुक्रवार को वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं। मोदी ने ट्विटर पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा, 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमारे वैज्ञानिकों की प्रतिभा और दृढ़ता का सलाम करने का अवसर होता है। नवाचार के प्रति उनके उत्साह और अग्रणी शोध ने भारत और विश्व की मदद की है। मैं चाहता हूं कि भारतीय विज्ञान का विकास जारी रहे तथा हमारे युवा विज्ञान के प्रति और जिज्ञासा विकसित करें।' उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक सी. वी. रमन ने 28 फरवरी 1028 को रमन प्रभाव की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। विज्ञान के प्रति युवाओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

26/11 हमलों के हीरो को यौन शोषण मामले में 5 साल की जेल

मुंबई ए. । एक स्पेशल कोर्ट ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्शुअल ऑफेंसेज ऐक्ट के तहत पूर्व दमकलकर्मी को 2018 में एक नाबालिग बच्चे का यौन शोषण करने के मामले में दोषी करार दिया है। एक स्पेशल जज ने आरोपी दयानंद कांबले को पॉक्सो ऐक्ट की धारा 8 और 12 के तहत अपराधी मानते हुए पांच साल कठोर जेल की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कांबले को आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध) के तहत आरोप से बरी कर दिया गया है। कांबले ने मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों में आग बुझाने का काम किया था।

छात्रावास में आदिवासी छात्रा के प्रसव मामले में घिरी सरकार

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष बोला- धिक्कार है

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। बजट सत्र का शुक्रवार को पांचवा दिन था। प्रश्नोत्तर काल के बाद ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में भी विपक्षी दल सरकार को घेरने में कामयाब रहा। दंतेवाड़ा जिले के पातररास में गर्ल्स हॉस्टल की आदिवासी छात्रा के गर्भवती होने, उसका स्कूल में ही प्रसव कराए जाने और मामले में दोषियों के साथ ही जांच के संबंध में विपक्ष के सवालों का संतोषजनक जवाब देने में सरकार सफल नहीं रही। स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम आक्रामक सवालों में उलझते चले गए और विपक्ष ने उन्हें घेर लिया। करीब 30 मिनट तक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम का किया वादा, विपक्ष तब हुआ शांत

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा और नारायण चंदेल ने सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाते हुए दंतेवाड़ा जिले के पातररास कन्या छात्रावास का मामला जब उठा रहे थे तब नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि सिर्फ एक छात्रावास ही नहीं, जिस तरह की घटनाएं प्रदेश भर में कई स्थानों में छात्रावास में आई उसे देखते हुए छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टिकोण से शासन के द्वारा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो. एक होमगार्ड की तैनाती भी की जाए. साथ ही छात्रावास में पुरुष सदस्यों की उपस्थिति ना हो. यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने भरोसा दिलाया कि सभी छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं।

चीन: कोरोना वायरस से अब तक 2788 की मौत

बीजिंग वार्ता। चीन में कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या 2788 हो गयी है तथा इससे प्रभावित लोगों की कुल संख्या 78824 पर पहुंच गयी है। चीन की स्वास्थ्य समिति के अनुसार देश के 31 प्रांतों के विभिन्न अस्पतालों में अब तक इस संक्रमण के 78824 मामले सामने आये थे जिनमें से 39919 लोग अब भी अस्पताल में भर्ती है। बीमारों में से 7952 लोगों की हालत गंभीर है। वहीं विभिन्न अस्पतालों में भर्ती 36117 लोगों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। स्वास्थ्य समिति के अनुसार हुबेई में पिछले 24 घंटों में इस घातक विषाणु के संक्रमण के 318 नये मामले दर्ज किये गये हैं जिनमें से 313 वुहान शहर में हैं।

दिल्ली हिंसा : हाईकोर्ट ने केंद्र व दिल्ली सरकार से मांगा जवाब

मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 43

नई दिल्ली ए.। दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तरपूर्व दिल्ली में हुई हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए यूएपीए के तहत जांच कराने के अनुरोध संबंधी याचिका पर केंद्र, दिल्ली सरकार से जवाब मांगा।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में तीन दिनों तक हुई हिंसा मरने वालों की संख्या 43 हो गई है। कोर्ट ने हिन्दु सेना द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए केन्द्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में एआईएमआईएम अकबरुद्दीन ओवैसी, असदुद्दीन ओवैसी और वारिस पठान के खिलाफ एफआईआर की मांग की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली दंगा और हेट स्पीच को लेकर दाखिल याचिकाओं पर पर सुनवाई की। वहीं हाईकोर्ट ने कथित रूप से नफरत फैलाने वाले भाषण देने के मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एसएन श्रीवास्तव बनाए गए दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर

दिल्ली में हिंसा के बाद पुलिस की कमान बदल गई है। चार दिन पहले ही दिल्ली के स्पेशल पुलिस कमिश्नर (लॉ ऐंड ऑर्डर) बनाए गए एसएन श्रीवास्तव को अब नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। 1985 बैच के आईपीएस अधिकारी का नया कार्यकाल 1 मार्च से शुरू होगा। दिल्ली के मौजूदा पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक का कार्यकाल 31 जनवरी को खत्म हो रहा था, लेकिन उन्हें एक महीने का एक्सटेंशन दिया गया था।

गरमा-गरम

गुहार

दंतेवाड़ा की बुलगुम ग्राम पंचायत में 25 फरवरी को हुई ग्राम सभा में सीआरपीएफकैंप के लिए जमीन देने का हुआ था निर्णय

कलेक्टर से बोले सरपंच, जान को खतरा है साहब, ग्राम सभा निरस्त करें

नव प्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। बुरगुम ग्राम पंचायत के सरपंच हरीम मरकाम व अन्य जनप्रतिनिधियों ने दंतेवाड़ा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप उनसे 25 फरवरी को बुरगुम में हुई ग्राम सभा व इसमें लिए गए निर्णय को रद्द करने की अपीली की है। इस ग्राम सभा में सीआरपीएफ कैंप के लिए जमीन देने का निर्णय लिया गया था।

लेकिन सरपंच ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि ग्राम सभा पुलिस दबाव में हुई और अब इसके कारण उनकी जान को खतरा है।

ज्ञापन में इस बात का भी उल्लेख है कि ग्राम सभा में लिए गए फैसले के कारण गांववालों का गुस्सा उन पर फूट रहा है और यहां तक कि गांववालों ने उनकी पिटाई भी कर दी।

बता दें कि 25 फरवरी को कुआकोंडा ब्लाक के अरनपुर थानाक्षेत्र ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दस्तावेज पर सरपंच व 62 ग्रामीणों के हस्ताक्षर

इस निर्णय संबंधी दस्तावेज पर ग्रामसभा में पहुचे 62 महिला-पुरुष ग्रामीणों के अंगूठे के निशान और सरपंच सहित ग्रामसभा में मौजूद अन्य लोगों के हस्ताक्षर भी किए गए। लेकिन दो दिन बाद ही अब बुरगुम सरपंच हरीम मरकाम सहित बुरगुम के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने दन्तेवाड़ा पहुंचकर इस ग्रामसभा को गलत बताते हुए पुलिस दबाव में जबरन ग्रामसभा कराने की बात करते हुए कलेक्टर से निरस्त कराने की अपील की है।

चिन्मयानंद के खिलाफ मुकदमा दिल्ली लाने की याचिका पर दो मार्च को सुनवाई

नई दिल्ली वार्ता। उच्चतम न्यायालय कानून की छात्रा से दुष्कर्म मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद पर उत्तर प्रदेश में चल रहे मुकदमे को दिल्ली स्थानांतरित करवाने की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबड़े की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष मामले का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा यह मामला बहुत ही गंभीर है और आरोपी रसूखदार आदमी है तथा पीड़िता और उसके परिजनों को पिता को जान का खतरा है।

दिल्ली: अब राख का ढेर और नालों से निकल रही लाश

■ **राजधानी दिल्ली के हिंसा प्रभावित कई इलाकों में धारा 144 लागू है**

नई दिल्ली(ए.)। जीटीबी अस्पताल में आज एक और मौत। दिल्ली दंगों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दंगे थमने के बाद अब धड़कनें ज्यादा बढ़ी हुई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में अब राख के ढेर और नाले लाशें उगल रहे है। इसके चलते मृतकों की तादाद को लेकर भी आशंकाएं गहरा गई हैं। बता दें कि खुफिया ब्यूरो (ढ्ढक्च) के एक कर्मचारी अंकित शर्मा का शव मिलने के बाद गुरुवार को गोकुलपुरी के गंगा विहार जंक्शन के पास नाले से 2 और शव बरामद हुए हैं। नाले से शव मिलने की खबरें जंगल की आग की तरह फैल रही हैं। पुलिस शवों की तलाश में अब उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उन नालों को खंगाल रही है, जो बंद हैं। बता दें कि दिल्ली हिंसा में अब तक 38 लोगों की मौत हुई है।

शवों की तलाश में नालों में खोज

निगम कर्मचारी और पुलिस और शवों की तलाश में कूड़ा से बजबजाते नालों में खोज कर रहे हैं। इस बारे में सिंचाई और बाढ़ विभाग, पूर्वी दिल्ली नगर निगम और पुलिस के बीच बैठक भी हुई है। श्वष्ठस्रू कमिश्नर डॉ. दिलराज कौर और प्रवक्ता अरुण कुमार ने बाद में बताया कि निगम पुलिस को शवों की खोज में हर संभव मदद देगी।

'हर जगह खोजा, अस्पताल में शव मिला'

वैसे मृतकों के परिजनों से बात की, जिसके शव नाले से निकाले गए थे। चांद बाग के नाले से मुशर्रफ का शव मिला था। मृतक की बहन फ्रहीन ने कहा, 'हम हर जगह गए लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। हमारे एक जानने वाले ने बताया कि मुशर्रफ (35) को नाले में फेंक दिया गया है। जब हम उसे नाले में नहीं खोज पाए, तो हम गुरुवार सुबह जीटीबी अस्पताल गए। वहां हमें उसका शव मिला।'

नालों से निकल रहे हैं शव

सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के कर्मचारी अनिल त्यागी ने बताया कि गुरुवार को नाले के कचरे में एक शव तैरता मिला। उन्होंने कहा, 'जैसे ही शव मिलने की खबर मिली, यहां भीड़ जुटनी शुरू हो गई। लेकिन इस इलाके में कर्फ्यू लगा है, तो तुरंत फोर्स पहुंची और लोगों को वहां से हटा दिया।'

शवों की पहचान नहीं

दोनों शव को गुरुवार सुबह 11 बजे हटा लिया गया था। हालांकि उनकी पहचान नहीं हो पाई थी। जब हमारे सहयोगी अखबर टाइम्स ऑफइंडिया की टीम दोपहर 2.30 बजे इस इलाके में पहुंची तो कॉलोनियों में फ्लैग मार्च किया जा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लाउड स्पीकर पर कह रहे थे, धारा 144 लगी हुई है और देखते ही गोली मारने के आदेश हैं। लोगों से आग्रह है कि वे अपने घरों में रहें।'

जलाए गए मकान और गाड़ी से एक-एक लाश

सिग्नेचर ब्रिज से चलते समय वजीराबाद रोड की बाईं तरफ पड़ने वाले खजूरी खास, दयालपुर, करावल नगर और गोकलपुरी थाना इलाकों में उपद्रवियों की हिंसा की गवाही जली हुईं दुकान, मकान और गाड़ियां चीख-चीखकर दे रही हैं। अभी तक शिव विहार की एक जली दुकान और एक गाड़ी से एक-एक लाश मिल चुकी है। इससे आशंका जताई जा रही है कि राख के ढेर में तब्दील हो चुके मकानों, दुकानों, गाड़ियों के अलावा हिंसा प्रभावित बड़े नालों को खंगाला जाएगा तो कुछ और शव मिल सकते हैं। खजूरी पुश्ते से लेकर यूपी बॉर्डर तक, चांदबाग पुलिया से करावल नगर चौक तक, यहां से शिव विहार तिराहे तक, बृजपुरी रोड से वापस वजीराबाद रोड तक, शिव विहार समेत कई कॉलोनियों में सैकड़ों मकान, दुकान और गाड़ियां जलाई गई हैं। अभी इनकी खाक को छाना नहीं गया है।

'मारकर नाले में फेंक दिया'

मोहशीन का शव भजनपुरा नाले में मिला था। मोहसीन के चाचा वारिस अली खान ने कहा, 'मंगलवार को करीब शाम 5 बजे, वह किसी काम के लिए भजनपुरा आया था। भीड़ ने उसकी कार घेर ली और उसे अपनी पैंट उतारने को कहा। इस दौरान उसने अपने किसी दोस्त को फोन किया। लेकिन जबतक कोई उसे बचाने के लिए कुछ कर पाता, लोगों ने उसे मारकर नाले में फेंक दिया।'

आशंकाओं के बीच पटरी पर लौट रही जिंदगी, अब तक 42 की मौत

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली दंगे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। धुएं का गुबार छंटने के बाद शहर में तीन दशक के सबसे भयावह दंगों से हुआ वास्तविक नुकसान अब सामने आ रहा है। वहीं आशंकाओं के बीच लोग काम के लिए घरों से बाहर निकलते दिखे और हिंसा प्रभावित इलाकों में कुछ दुकानें एवं अन्य प्रतिष्ठान भी खुले। इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया है और वहां का हालात जाना है।

कई इलाकों में धारा 144 लागू

दंगा प्रभावित इलाकों की स्थानीय मस्जिदों ने शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की और लोगों को अफ्वाहों पर यकीन न करें और पुलिस के साथ सहयोग करें। इन दंगों में अब तक 42 लोगों की मौत हुई है। उत्तरपूर्व दिल्ली के जाफ्राबाद, मौजपुर, चांदबाग, खुरेजी खास और भजनपुरा जैसे इलाकों में भड़की सांप्रदायिक हिंसा में 250 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जीटीबी अस्पताल के बाहर, बेचैनी बढ़ी हुई थी।

पुलिस बोली, अफ्वाहों पर न दें ध्यान

पुलिस के अधिकारियों ने कहा है कि वे अफ्वाहों को रोकने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं और लोगों के बीच भरोसा पैदा करने के लिए प्रभावित इलाकों के आस-पड़ोस में नियमित रूप से फ्लैग मार्च और बातचीत कर रहे हैं। रविवार से दिल्ली पुलिस आयुक्त का पदभार संभालने जा रहे एस एन श्रीवास्तव ने कहा, 'मेरा काम यह सुनिश्चित करना है कि लोग सुरक्षित महसूस करें और यह भी कि पुलिस उनके साथ है।' उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में प्रभावित इलाकों में 331 शांति बैठकों को आयोजन हुआ है।' इस हफ्ते दिल्ली में हिंसा शुरू होने के बाद उन्हें दिल्ली पुलिस का विशेष आयुक्त (कानून-व्यवस्था) नियुक्त किया गया था।

सड़कों पर पत्थर साफकर रहे निगमकर्मी

निगमकर्मी जहां चार दिन की सांप्रदायिक हिंसा के बाद उत्तर-पूर्व दिल्ली की सड़कों एवं गलियों से पत्थर, कांच के टुकड़े और मलबे साफकरते दिखे वहीं, कुछ दुकानदार अपनी जली हुई और टूटी-फूटी दुकानों का मायूसी से मुआयना करते नजर आए। पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के कर्मी मस्जिदों में जुमे की नमाज के मद्देनजर सख्त चौकसी बरतते नजर आए। कुछ स्थानों पर दुकानें एवं प्रतिष्ठान खुले और सड़कों पर कुछ और निजी वाहन भी नजर आए। कुछ इलाकों में ऑटो और ई-रिक्शा भी चलने शुरू हुए जब लोग काम के लिए या जरूरी कार्यों के लिए घर से बाहर निकलने शुरू हुए।

'हिंदू भाइयों ने हमें 2 दिन घर में रखा, मस्जिद तक लाइन बनाकर सुरक्षित पहुंचाया'

नई दिल्ली(ए.)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली जब दंगों की आग में जल रह थी, उस समय वहां इंसानियत और भाइचारे की लौ भी टिमटिमा रही थी। दंगों की आग बुझने के बाद अब दिल को कुछ सुकून देने वाली ये कहानियां सामने आ रही हैं। शुक्रवार को अपने रिश्तेदार का हालचाल जानने जीटीबी अस्पताल पहुंचीं तबस्सुम और ईश्वरी ने बताया कि कैसे हिंदू परिवारों ने गली के करीब 10 मुस्लिम परिवारों को दंगाइयों की भीड़ से बचाया। दो दिन तक अपने घर पर पनाह दी और फिर ह्यूमन चेन बनाकर सुरक्षित रिश्तेदारों के घर तक पहुंचाया। पढ़िए ईश्वरी और तबस्सुम की जुबानी उस खौफ्नाक रात में भाईचारे की कहानी...

'हिंदू भाइयों ने अपने घर में शरण दी, बच्चों को खाना खिलाया': तबस्सुम बताती हैं, 'यह 24 और 25 फरवरी की रात की बात है। उस दिन हमारी गली में अचानक ही भीड़ घुस आई। कुछ के सिर पर हेलमेट थे। कुछ हथियार लिए हुए थे। मेरे गली वालों ने हमें अपने घरों में छिपा लिया। हमारे बच्चों को खाना खिलाया।

'मस्जिद तक ह्यूमन चेन बनाकर हमें निकाला'

तबस्सुम आगेत बताती हैं, 'उन्होंने हमें निकालने के लिए लाइन बनाई। हमारा हौसला बढ़ाते हुए कहा, पहले हम हैं... पहले हम पर हमला होगा। घबराओ मत। हम आपके साथ हैं। हमारी मस्जिद है। वहां तक हमारे लिए लाइन बनाई और बाहर निकाला।'

आखिर कहां है दिल्ली हिंसा में गोलियां चलाने वाला शाहरुख, सवालों के घेरे में दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली(ए.)। उत्तर पूर्वी दिल्ली में जाफ्राबाद हिंसा में एक शख्स ने पुलिस और भीड़ पर 8 राउंड गोलियां चलाई थीं। यहां तक कि उसने एक पुलिस वाले पर भी पिस्तौल तान दी थी, जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया से लेकर मेन स्ट्रीम मीडिया तक पर खूब वायरल हुई। उस शख्स की पहचान शाहरुख के रूप में हुई थी। पहले ऐसी खबर सामने आ रही थी कि जिस दिन हिंसा में शाहरुख ने गोलियां चलाई थीं, उसी शाम को उसे पकड़ लिया गया था, लेकिन अब दिल्ली पुलिस ने इस पर अपनी सफाई दी है कि शाहरुख अभी भी फरार है। यहां तक कि उसका कोई सुराग भी नहीं लग रहा है। अब सवाल ये है कि आखिर शाहरुख है कहां और उसके दिमाग में कौन सी नई खुराफात सूझ रही है।

पुलिस पर उठ रहे सवाल: दिल्ली हिंसा में पिस्तौल लहराने और गोलियां चलाने वाले शख्स के अब तक नहीं पकड़े जाने से पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि इस घटना का वीडियो, शाहरुख की तस्वीरें सब कुछ खूब वायरल हुआ।

ना शाहरुख का पता ना परिवार का

बताया जा रहा है कि शाहरुख दिल्ली के थाना उस्मानपुर के अरविंद नगर की गली नंबर-5 में यू-108 में रहता है। इन दिनों उसके घर के बाहर ताला लटका हुआ है। अब ना तो शाहरुख का पता चल रहा है, ना ही उसके परिवार का कोई सुराग मिल रहा है।

वर्ल्ड रेकॉर्ड: 51 लाख रुपये में बिक गई मुर्राह भैंस

हिसार(ए.)। हरियाणा में हिसार जिले के लितानी गांव निवासी किसान सुखबीर ढांडा की वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाने वाली मुर्राह नस्ल की भैंस सरस्वती को पंजाब के लुधियाना में किसान पवित्र सिंह ने 51 लाख रुपये में बेचा है। इससे पहले कई साल पहले गांव सिंघवा खास के एक किसान की मुर्राह नस्ल की भैंस लक्ष्मी 25 लाख रुपये में बिकी थी, जिसे गुजरात के एक किसान ने खरीदा था। इस भैंस ने कुछ महीने पहले ही पंजाब के लुधियाना में डेयरी ऐंड एग्रो एक्सपो प्रतियोगिता में 33.13 किलो दूध देकर वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया था, जिस पर भैंस के मालिक को दो लाख रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया गया। लितानी के किसान सुखबीर ढांडा ने भैंस की बिक्री से पहले समारोह भी किया, जिसमें हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब के सैंकड़ों किसान शामिल हुए।

पहले पाकिस्तान की भैंस के नाम था रेकॉर्ड: सुखबीर का कहना है कि वह अपनी इस भैंस को बेचना नहीं चाहते थे लेकिन आस-पास के इलाके में भैंस चोरों का गिरोह सक्रिय होने से उसे सरस्वती की चोरी का डर सताने लगा था। इससे पहले सबसे अधिक दूध देने का रेकॉर्ड पाकिस्तान की भैंस के नाम था, जिसने 32.050 किलो दूध दिया था। सुखबीर ने बताया कि उसने भैंस को एक लाख 30 हजार रुपये में चार साल पहले बरवाला के खोखा गांव के किसान गोपीराम से खरीदा था।

ओल्ड ऐज होम में 'दादा' और 'पोते' मिले गले तो सबकी आंखें हुईं नम

अहमदाबाद(ए.)। गुजरात में अहमदाबाद के एक ओल्ड ऐज होम में उम्र का एकांत भोग रहे बुजुर्गों को गुरुवार को जीवन की नई रोशनी मिली। यहां उन्होंने उन मासूमों को गले लगाकर लाड-दुलार किया, जिनकी किस्मत में उनके असली मां-पिता का प्यार नहीं था। नारणपुरा स्थित जीवन संध्या ओल्ड ऐज होम में हुए इस आयोजन को अडॉप्शन इनिशिएटिव नाम दिया गया। इस दौरान शिशु गृह के बच्चों और ओल्ड ऐज होम में रह रहे बुजुर्गों का भावविभोर मिलन हुआ। शिशु गृह चलाने वाले अहमदाबाद जिला प्रोबेशन ऐंड आफ्टरकेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीके पटेल ने कहा कि यह एक अनोखा प्रयोग था, जहां ओल्ड ऐज होम में रह रहे बुजुर्गों और अनाथ बच्चों का मिलन कराया गया।

शाहरुख खान की सास की कंपनी पर लगा 3.09 करोड़ रुपये का जुर्माना

मुंबई। अलीबाग के थाल में खड़े किए अपने आलीशान बंगले के लिए देजा वू फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड के ऊपर 3.09 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस कंपनी की डायरेक्टर बॉलिवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की सास सविता छीबा और पत्नी गौरी खान की बहन नमिता छीबा हैं। यह बंगला 2018 में बनाया गया था और यहां बॉलिवुड की कई हाई-प्रोफाइल पार्टियां हुई हैं। शाहरुख का 52वां बर्थडे भी यहीं मनाया गया था। करीब 1.3 एकड़ में फैले इस फार्महाउस में एक स्विमिंग पूल और हेलिपैड भी है। देजा वू कंपनी की मुश्किलें 29 जनवरी, 2018 को शुरू हुई थीं जब कंपनी को नोटिस भेजा गया।

राजधर्म पर बीजेपी ने कांग्रेस पर किया पलटवार, रविशंकर बोले-

सोनिया गांधी ने आर-पार बोल लोगों को भड़काया

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली में हिंसा को लेकर राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की ओर से बीजेपी को दिए गए राजधर्म की सीख पर आज पार्टी ने जोरदार पलटवार किया। केंद्रीय कानून मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी पर लोगों को उत्तेजित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमें राजधर्म पर भाषण ना दे और राजधर्म के आइने में अपना चेहरा देखे। कांग्रेस पार्टी का इतिहास 'वोट बैंक की राजनीति' के लिए अधिकारों का दमन करने, अपनी बात से पलटने का रहा है।

रविशंकर प्रसाद ने याद दिलाया कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने युगांडा विस्थापितों को नागरिकता दी और पूर्व पीएम राजीव गांधी ने श्रीलंका से आए तमिलों को शरण दिया। प्रसाद ने सीएए पर पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के रुख का जिक्र करते हुए कांग्रेस पार्टी को घेरा।

रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'मनमोहन सिंह जी वाजपेयी सरकार के दौरान तब के गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी जी से संसद में धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने की अपील की थी। अशोक गहलोत शिवराज पाटिल और आडवाणी जी को को खत लिखा करते थे। तरुण गोगाई ने किया। अब यह कौन सा राजधर्म है कि सब पलट गए?'

सीतापुर जेल में आजम परिवार, खाने को मिली सूखी रोटी, दाल और सब्जी

■ **आजम खान को जेल मैनुअल के मुताबिक खाने में दाल, रोटी और सब्जी दी गई**

सीतापुर(ए.)। फर्जी दस्तावेज के मामले में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान यूपी की सीतापुर जिला जेल में बंद हैं। उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और पुत्र आजम खान भी इसी जेल में हैं। रामपुर से शिफ्ट होने के बाद गुरुवार सुबह जेल लाए गए आजम और उनके परिवार को जेल मैनुअल के हिसाब से सुविधाएं दी जा रही हैं। नवभारत टाइम्स ऑनलाइन से बातचीत में सीतापुर जेल के सुपरिंटेंडेंट ने कहा कि जेल में आजम फैमिली का पहला दिन सामान्य तरीके से गुजरा।

सीतापुर जेल अधीक्षक डीसी मिश्रा ने बताया, 'पहला दिन सामान्य रहा। चूंकि पॉलिटिकल लोग हैं। मैडम (तंजीन फातिमा) भी सांसद हैं। इसलिए बाहर थोड़ा हो-हल्ला होता है। लेकिन अंदर सब कुछ सामान्य और शांत है। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।'

'सबसे मुलाकात किए, ठीक हैं'

जेल सुपरिंटेंडेंट डीसी मिश्रा ने बताया, 'जेल में आने के बाद एक प्रक्रिया है। उसी के तहत रखना होता है। तंजीन फातिमा को महिला वॉर्ड के अंदर रखा गया है। सभी को विशेष सुरक्षा में रखा है। अखिलेशजी भी आए थे, उनके साथ कुछ लोग थे। सबसे मुलाकात किए, ठीक हैं। जेल मैनुअल के मुताबिक भोजन में रोटी, दाल, चावल और सब्जी बनती है। उन्होंने खाने में रोटी, दाल, सब्जी ली।'

'उम्मीद नहीं थी इतने सहज हैं'

जेल अधीक्षक डीसी मिश्रा ने कहा, 'हमको भी उम्मीद नहीं थी वे (आजम खान) इतने सहज हैं। बहुत सुलझे हुए आदमी हैं। जेल में रहना है आराम से बिता लेंगे। सामान्य प्रक्रिया के तहत विशेष सुरक्षा में आजम खान और अब्दुल्ला आजम एक साथ रखे गए हैं।' आजम की पत्नी तंजीन फातिमा को डायबीटीज का इलाज मुहैया कराने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'जो मेडिकल सुविधा उपलब्ध है, उन्हें मुहैया कराई जा रही है। प्रॉपर चेकअप किया गया। बाहर से फिजिशन को भी बुलाया गया।'

बात बिहार की राजनीतिक कार्यकर्ता ने अपने कैंपेन का नारा और लोगो चुराने के आरोप में एक विरोधी रणनीतिकार को कोर्ट में घसीटा है

देश में पहली बार चुनावी नारा चोरी करने का केस दर्ज

पटना (वार्ता)। यह देश में शायद पहली बार है, जब एक राजनीतिक कार्यकर्ता ने अपने कैंपेन का नारा और लोगो चुराने के आरोप में एक विरोधी रणनीतिकार को कोर्ट में घसीटा है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व कार्यकर्ता शाश्वत गौतम ने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर अपने कैंपेन का नारा, लोगो और उससे जुड़ा डेटा चुराने का आरोप लगाया है।

गौतम लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के डेटा एनालिटिक्स डिपार्टमेंट में नेशनल कोऑर्डिनेटर थे। गौतम का कहना है कि उन्होंने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए यह कैंपेन तैयार किया था। गौतम ने पटना की एक अदालत में कॉपीराइट उल्लंघन का केस दर्ज कराया है और कहा कि इससे उन्हें 10 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

गौतम ने लगाया लैपटॉप चोरी होने का आरोप

गौतम का आरोप है कि उनके एक सहयोगी ओसामा खुर्शीद ने उनका लैपटॉप चोरी कर लिया था, जिसमें उनके कैंपेन 'बिहार की बात' से जुड़ी जानकारियां थीं। गौतम के अनुसार, खुर्शीद के लापता होने के कुछ ही दिनों बाद प्रशांत किशोर ने पटना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'बात बिहार की' नाम से अपने अभियान का ऐलान किया था।

प्रशांत हाल ही में जेडीयू से बर्खास्त किए जाने और आम आदमी पार्टी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी जीत दिलाने के बाद से सुर्खियों में हैं। वहीं खुर्शीद ने बताया कि वह गौतम को जानते हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी उनके साथ किसी कैंपेन पर काम नहीं किया है। खुर्शीद ने कहा कि उन्हें केस दर्ज होने की कोई जानकारी नहीं है।

पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुआ कैंपेन

अमेरिका की जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी से पढ़ने वाले गौतम ने इससे पहले 2015 के विधानसभा चुनाव में प्रशांत किशोर के साथ काम किया था। बाद में कांग्रेस पार्टी की डेटा एनालिटिक्स टीम में शामिल हो गए। गौतम ने बताया कि उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में बिहार की बात से नाम से कैंपेन बनाया था और उन्होंने इस योजना के तहत 7 जनवरी को BiharkiBaat.in नाम से एक वेबसाइट भी रजिस्टर्ड कराई थी।

प्रशांत किशोर ने की जांच की मांग

जब इस बारे में प्रशांत से पूछा गया तो उन्होंने एक मेसेजिंग ऐप पर जवाब दिया, 'यह एक व्यक्ति की घटिया हरकत है, जो ऐसे बेतुके दावे कर कुछ देर के लिए शोहरत हासिल करना चाहता है। कानूनी एजेंसियों को इस मामले की गहराई से और तेजी से जांच करनी चाहिए, जिससे लोगों के सामने सचाई जल्द आए।'

न्यूज गैलरी

फैंसी समान खरीदने गई महिला के साथ लूट, जानलेवा हमला

रायपुर। दुकान के लिए फैंसी समान खरीदने गई महिला को सस्ता समान दिलाने का झांसा देकर परिचित ने सुनसान जगह पर ले जाकर हत्या करने की नियत से गला दबाया बेहोश होने के बाद 5 हजार रूपये लूटकर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोल नगरी बलांगीर उड़िसा निवासी श्रीमती गौरी ठाकुर 27 वर्ष पति योगेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थिया गुरूवार को ग्राम छतौना से ग्राम दरभा में दुकान के लिए फैंसी समान खरीदने गई युवती इसी दौरान परिचित कैलाश पांडेण्य 39 वर्ष निवासी टाटीबंध आमानाका ने सस्ता समान दिलाने का झांसा देकर सुनसान स्थान पर ले गया व हत्या करने की नियत से गला दबा दिया जिसके चलते वह बेहोश हो गई। बेहोश हो जाने पर आरोपी ने उसके चेहरे पर कई वार का 5 हजार रूपये नगदी लूटकर फरार हो गया।

पत्थर कटिंग मशीन बेचने का सौदा कर 10 लाख की धोखाधड़ी

रायपुर। पत्थर कटिंग करने का मशीन बेचने का सौदा कर खाते में 10 लाख रुपये लेकर मशीन नही दिया। घटना की रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। आर्टरमोरर 204 डाल्फीन प्रा.वीआईपी एरेस्ट पण्डरी निवासी अंसुल जिंदल 30 वर्ष पिता निरंजनलाल जिंदल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 5 अप्रैल 2018 में चंद्रप्रकाश शर्मा निवासी डायरेटर रोशामा इंजिनियरिंग प्रा.लि.एस.पी भामा साह इण्डस्ट्रीयल एरिया उदयपुर राजस्थान ने प्रार्थी को पत्थर कटिंग करने का मशीन बेचने के लिये आफिस में आकर मोनो ब्लेड मशीन पेनल सहित उच्च गुणवत्ता का बताया व मशीन का सौदा 12 लाख 98 हजार रुपये में करने के बाद एडवांस के तौर पर 10 लाख रुपये अपने खाते में जमा करा लिया व मशीन भेजने के नाम पर बहानाबाजी कर घुमाने लगा। इस तरह से आरोपी ने प्रार्थी का 10 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी किया।

साउंड सिस्टम बजाने के विवाद में दो पक्ष भिड़े

रायपुर। जन्मदिन के अवसर पर साउंड सिस्टम बजाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट किये जाने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज की गई है। सूर्यानगर गोगांव गुढ़ियारी निवासी आसुतोष सोनोने ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी देव यादव के जन्म दिन के अवसर पर घर के सामने साउंड सिस्टम बजा रहा था,इसी दौरान मनोज साहु व चैतुराम साहु एवं अजय साहु निवासी सूर्यानगर गोगांव ने गाली-गलौच कर साउंड सिस्टम का तार निकाल दिया मना करने पर मारपीट कर चोट पहुंचाया। इसी तरह मनोज साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि देव यादव के जन्म दिन के अवसर पर घर के पास साउण्ड सिस्टम लगाकर बजा रहा था तभी आसुतोष सोनोने एवं अभिषेक आकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर दूसरा गाना बजाने को बोला नही बजाने पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया।

कमरे में रखा 4 गैस सिलेण्डर व एक फोन चोरी

रायपुर। कबीरनगर एवं तेलीबांधा क्षेत्र में 4 नग गैस सिलेण्डर सहित एक नग मोबाईल फोन घर के बरामदे से चोरी किये जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। एचडी 34 फेस-1कबीरनगर निवासी उत्तम जयसवाल 33 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 26 फरवरी को प्रार्थी के घर के बरामदा में रखे 1 नग इण्डेन कंपनी का गैस सिलेण्डर कीमत 3 हजार रुपये को किसी ने चोरी कर लिया। इसी तरह सतनामीपारा तेलीबांधा निवासी दुलीचंद कुर्रे 21 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 26 से 27 फरवरी के मध्य प्रार्थी के घर में लगे चैनलगेट खोलकर कोई चोर कमरे में प्रवेश कर 3 नग इण्डेन कंपनी का गैस सिलेण्डर व एक नग एमआई कंपनी का मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया।

धान खरीदी के मुद्दे पर सदन में विपक्ष का हंगामा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को भाजपा ने एक बार फिर राज्य सरकार द्वारा किसानों से खरीदा जा रहा धान खरीदी के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। इस मामले में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत द्वारा दिए गए उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा सदस्यों ने हंगामा करते हुए गर्भगृह में जा पहुंचे और स्वयमेव निलंबित हो गए। इस हंगामे के सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित भी हुई। सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा सदस्यों का निलंबन वापस लिया, जिसके बाद भाजपा सदस्यों ने पुनः सदन की कार्यवाही में शामिल हुए।

प्रश्नकाल में आज प्रतिपक्ष भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदा जा रहा धान का मुद्दा उठाया। उन्होंने अपने मूल प्रश्न में खाद्य मंत्री से पूछा कि 6 फरवरी 2020 तक कितने किसानों ने धान खरीदी के लिए पंजीयन कराया और कितने किसानों ने पूर्ण रकबे के हिसाब से धान बेचा है। इसका जवाब देते हुए खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने बताया कि उक्त अवधि तक 19 लाख 55 हजार 465 किसानों ने अपना पंजीयन कराया तथा इनमें 33 हजार 146 किसानों ने पंजीकृत रकबे के हिसाब से पूर्ण रकबा का धान बेचा है। इस पर भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने पूरक प्रश्न किया कि पंजीकृत किसानों में 19 लाख से अधिक किसानों का अब तक शत प्रतिशत धान खरीदा नहीं किया गया है इसकी वजह क्या है। उन्होंने यह भी पूछा कि कुल पंजीकृत किसानों में कितने किसानों से 15 क्विंटल प्रति रकबा के हिसाब से कितना धान खरीदा गया है।

खाद्य मंत्री ने इसके जवाब में कहा कि धान खरीदी के लिए सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसके अनुसार ही धान की खरीदी की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश होने की वजह से जरूर धान खरीदी में व्यवधान पड़ा है, लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस संबंध घोषणा कर दी है कि जिन किसानों को टोकन जारी किया गया है उनका धान सत्यापन करके खरीदा जाएगा। श्री भगत ने यह भी कहा कि पंजीकृत किसानों में से 18 लाख 20 हजार किसानों से धान की खरीदी की गई है। भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने इस मामले में सवाल करते हुए आरोप लगाया कि सिर्फ बेमौसम वर्षा के कारण धान खरीदी नहीं हुई ऐसा नहीं है, धान नहीं खरीदी करने के और भी कारण है।

उन्होंने कहा कि आखिर किसान अपना धान क्यो बेच नहीं पाये, इसके लिए कौन-कौन दोषी है क्या उनके खिलाफ कार्रवाई मंत्री जी करेंगे। इस मुद्दे पर लगातार भाजपा सदस्यों द्वारा प्रश्न करने पर विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत ने कहा कि धान खरीदी पर विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार प्रश्न किए जा रहे है। इस प्रश्न पर 15 मिनट से अधिक बहस हो चुकी है, प्रश्नकाल में अन्य सदस्यों के भी प्रश्न लगे हुए है। उन्होंने कहा कि सदस्यों को धान खरीदी के संबंध में सदन में चर्चा करने के लिए और भी मौके व समय मिलेंगे। इस पर भाजपा सदस्यों ने कहा कि इससे पूर्व भी प्रश्नकाल में कई बार ऐसे मौके आए है कि एक प्रश्न पर एक घंटे तक चर्चा चली है। चूंकि यह मामला किसानों के हितों से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण है इसलिए इस पर मंत्री का जवाब आना चाहिए। इस मामले में संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे ने भी खाद्य मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि मंत्री जी आपके प्रश्नों का जवाब दे रहे है। भाजपा सदस्यों ने खाद्य मंत्री के उत्तर से असंतुष्ट होकर गर्भगृह में जाकर नारेबाजी करना शुरू कर दिए। इस तरह सदन में उपस्थित नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, रमन सिंह, अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल सहित कुल 11 भाजपा सदस्य गर्भगृह में जाने से स्वयमेव निलंबित हो गए।

गर्भगृह में जाकर की नारेबाजी, हुए निलंबित

पिछले 13 माह में 7364.30 लाख का धान जब्त

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के लिखित प्रश्नों के जवाब में बताया कि प्रदेश में वर्ष 2019-20 से 15 फरवरी 2020 तक की अव अवधि के दौरान 418814.15 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। जब्त धान की अनुमानित कीमत लगभग 7364.30 लाख रूपये आंकी गयी है। खाद्य मंत्री ने यह भी बताया कि उक्त अवधि में किसानों का व धान खरीदी केन्द्रों में रखा धान बारिश होने से नहीं भीगा है तथा मुआवजा देने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

सदन में बृजमोहन ने उठाए औद्योगिक विकास से संबंधित मुद्दे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य के औद्योगिक विकास से संबंधित मुद्दों को उठाया। श्री अग्रवाल ने प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा से जानना चाहा कि प्रदेश में नई औद्योगिक नीति कब से लागू हुई? लागू होने के पश्चात प्राथमिक क्षेत्र, द्वितीय क्षेत्र व तृतीय क्षेत्र में कितने-कितने नए उद्योगों की स्थापना का प्रस्ताव आया। साथ ही राज्य से बाहर की किन किन संस्थाओं और उद्योगपतियों ने राज्य में पूंजी निवेश के लिए एमओयू किया है? साथ ही यह भी जानना चाहा कि नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत 1 जनवरी 2020 तक कितने कुटीर उद्योगों को किस किस तरह की सब्सिडी प्रदेश में मंजूर की गई है? यह जिलावार जानकारी चाहिए। इस सवाल के लिखित जवाब में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कावासी लखमा ने बताया कि राज्य में नई नीति लागू होने के पश्चात 1798 एमएसएमई उद्यम एवं 7 मेगा श्रेणी के उद्यम द्वारा स्थापना हेतु रुचि दिखाई गई है तथा उन्होंने यह भी बताया कि नई नीति लागू होने के बाद से अभी तक एक भी एमओयू नहीं हो पाया है।

बासी खाना खाने से 9 मवेशियों की मौत, एफआईआर दर्ज

भिलाई के रिसाली दशहरा मैदान में बासी खाना खाने से 09 मवेशियों की मौत हुई है। इनमें 06 गाय, 02 बछिया और 01 सांड है। उक्त मामले में नगर पालिका निगम भिलाई के जोन क्रमांक -6 रिसाली द्वारा पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उक्त जानकारी कृषि व पशुधन विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने विधानसभा में जनता कांग्रेस छग के विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के लिखित प्रश्नों के लिखित उत्तर में दी है। मंत्री श्री चौबे ने भाजपा सदस्य ननकीराम कंवर के अन्य एक लिखित प्रश्नों के उत्तर में यह भी जानकारी दी है कि कोरबा जिले के पाली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नुरेरा में विगत माह में हुए मवेशियों की मौत मामले में जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध 12 जनवरी 2020 को नायब तहसीलदार पाली द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया है।

मंत्री ने यह भी बताया कि वहां 10 मवेशियों की मौत हुई है जिसे नायब तहसीलदार की उपस्थिति में दफनाया गया। मृत मवेशियों की संख्या के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा को प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है।

जल संरक्षण एवं संवर्धन में बीते तीन वर्ष में 4835.64 लाख की राशि हुई खर्च-चौबे

कृषि व जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने विधानसभा में कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय के लिखित प्रश्नों के लिखित जवाब में जानकारी दी है कि नगर निगम रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते तीन वर्ष में रायपुर शहर के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन में कुल 4835.64 लाख रूपये की राशि खर्च हुई है। कृषि मंत्री ने विकास उपाध्याय के अन्य एक प्रश्न के जवाब में यह भी जानकारी दी है कि वर्ष 2019 में रायपुर शहर में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रारंभ नहीं की गयी है। वर्तमान में शहर में नवीन राशनकार्ड हेतु 1914 आवेदन पत्र प्रक्रियाधीन है।

सार्वजनिक स्थलों कार्यालयों में निशक्त जनों के लिए बनेगी सुविधा-अनिला भेड़िया

दिव्यांग संरक्षण अधिनियम 2016 के कड़े सजा प्रावधानों का जोगी ने दिया हवाला

विधानसभा में आज महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी द्वारा दिव्यांगों की सुविधा को लेकर उठाये गये मामले में कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थल एवं शासकीय कार्यालयों में निशक्त जनों को पहुंचने में असुविधा ना हो इसके लिए पूरी व्यवस्था दी जाएगी।

प्रश्नकाल में अपने मूल प्रश्न के उत्तर के बाद मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने कहा कि दिव्यांगों के संरक्षण के लिए 2016 में अधिनियम बनाया गया है । इसका परिपालन नहीं करने पर दोषी के खिलाफ 6 से 5 वर्ष की सजा का प्रावधान है । उन्होंने कहा कि निशक्त जनों को सार्वजनिक स्थलों में पहुंचने की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए अभी भी अनेक स्थलों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। श्री जोगी ने कहा वह जनरल सेक्रेटरी से मिलना चाहते है पर सुविधा न होने के कारण यह सम्भव नहीं हो पाता। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार विधानसभा के अंदर का हिस्सा सार्वजनिक स्थल नहीं है। श्री जोगी ने कहा कि उन्होंने स्वयं 2016 में केंद्रीय स्तर पर मिलकर इस अधिनियम का ड्राफ्ट तैयार करवाया है। जिसमें सार्वजनिक स्थलों में निशक्त जनों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी तय की गई है।

धान खरीदी सहित अनेक मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने दिया धरना

रायपुर। धान विक्रय का टोकन प्राप्त कर चुके किसानों के पूरे धान को खरीदने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा 25 सौ रुपये चिंटल के समर्थन मूल्य में की गई है। अनेक धान केंद्रों में अंतिम दिनों में जिस तरीके से धान खरीदी बंद की गई वह आपत्तिजनक है। टोकनकर्ताओं के धान खरीदी एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर 13 सूत्रीय मांगों के समर्थन में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा ने बूढ़ापारा धरनास्थल में एक दिवसीय धरना दिया। धरने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के प्रांतीय प्रवक्ता जागेश्वर प्रसाद ने बताया कि समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने हाथियों के आतंक से सिरपुर तुमगांव क्षेत्र के पीड़ित किसानों को मुआवजा देने नौकरी स्थायी सुरक्षा दिलाने, सूतियापाठ-शोरधा बांध से लोहारा विकास खंड के किसानों को खेती के लिए पानी उपलब्ध कराने सौंदा पत्रक रद्द कराने धान गेहूं दलहन, तिलहन एवं सब्जियों के समर्थन मूल्य घोषित करने एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल का उचित मुआवजा किसानों को देने की मांग पत्र में प्रमुख रूप से उठाई गई है।

टोकन प्राप्त किसानों से धान लेने का निर्णय अन्नदाताओं की जीत : पूनम चंद्राकर

रायपुर। नीयत तिथि तक अपने धान बेचने के लिए टोकन प्राप्त कर चुके किसानों से अब राज्य सरकार द्वारा धान लिए जाने के निर्णय को अन्नदाताओं की जीत बताते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूनम चन्द्राकर ने कहा कि इस बड़े संघर्ष में साथ खड़े सभी किसानों को धन्यवाद एवं बधाई । श्री चंद्राकर ने कहा कि अब कम से कम सीएम भूपेश बघेल ने अंततः यह माना कि वो प्रदेश के अन्नदाता ही थे न कि जैसा सीएम ने कहा था कि वे कोचिये या दलाल थे। उन्होंने सीएम भूपेश बघेल से मांग की है कि सबसे पहले अपने इन खराब बयानों और माटीपुत्र आदिवासी किसानों पर लाठी बरसाने के लिए माफी मांगें। श्री चन्द्राकर ने कहा कि हालांकि यह एक छोटी सी जीत ही है।

संपत्ति हड़पने की साजिश कर रहे रिश्तेदार, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई : नेहा पुरोहित

■ **अश्लील व्यवहार और थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने के लिए बिल्डर पर रिश्तेदारों को संरक्षण**

रायपुर। पारिवारिक विवाद के चलते अक्सर संपत्ति संबंधी मामलों में सगे-संबंधी ही माता अथवा पिता की मृत्यु होने के उपरांत चल-अचल संपत्ति में काबिज होने के लिए निम्न स्तर पर उतरकर सारी मानवीयता को ताक में रखकर संपत्ति हड़पने में कोई शर्म महसूस नहीं करते हैं। प्रेसक्लब रायपुर में आज ऐसा ही एक मामला कुमारी नेहा पुरोहित पिता स्वर्गीय भानुशंकर पुरोहित समता कालोनी निवासिनी ने प्रेसवार्ता में व्यथित होते हुए प्रस्तुत किया। नेहा के अनुसार वे जेल रोड स्थित होटल गिरीराज की डायरेक्टर है। उनके पिता की मृत्यु के दौरान उनके

भाई नीतेश पुरोहित भाभी श्रीमती योगेश्वरी पुरोहित भतीजे यश एवं आदित्य पुरोहित द्वारा होटल को अपने नाम पर दर्ज करवाने के लिए शहर के एक मशहूर प्रापर्टी डीलर का संरक्षण लेकर दुर्व्यवहार की सारी सीमाएं त्याग दी गईं। नेहा के अनुसार उनके एवं उनकी बेटी के साथ बाहरी गुंडों ने आकर 27 नवंबर 2019 को बेरहमी से पिटाई करते हुए उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसके बाद 21 जनवरी 2020 को होटल गिरीराज में बातचीत करने के लिए गई मां-बेटी के साथ ग्राहकों की उपस्थिति में उपरोक्त तत्वों द्वारा खुलेआम मारपीट गाली-गलौच की गई। दोनों ही मामलों में आजाद चौक थाना एवं गंजथाना के प्रभारियों ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की।

उक्त मामले को लेकर नेहा एवं उनकी मां जब-जब थाने में उन्हें निराश लौटना पड़ा। नेहा ने बताया कि 2 फरवरी को उनकी पुत्री के साथ यश पुरोहित ने गंदी हरकतें करते हुए उन्हें अश्लीलम एवं गंदी-गंदी गालियां दी। उक्त मामले में भी पास्को एक्ट के तहत पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। 21 जनवरी, 3 फरवरी एवं 22 फरवरी को घर में घुसकर पुनः हिंसात्मक वारदात की गई किंतु सीसीटीवी के फुटेज होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

गुजारिश सीएम ने केन्द्रीय खाद्य मंत्री पासवान को लिखा पत्र

केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन की मात्रा 24 से बढ़ाकर 31 लाख टन करने का अनुरोध

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री रामविलास पासवान को पत्र लिख कर इस वर्ष केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन की मात्रा 24 लाख टन से बढ़ाकर 31 लाख टन करने का अनुरोध किया है।

केन्द्रीय मंत्री श्री पासवान को लिखे पत्र में सीएम ने लिखा कि राज्य शासन एवं भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एमओयू में राज्य में समस्त सरप्लस चावल भारतीय खाद्य निगम द्वारा उपार्जन किए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष (केएमएस) 2019-20 में 18.20 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर कुल 82.80 लाख टन धान का उपार्जन किया गया है। प्रदेश में धान उपार्जन एवं कस्टम मिलिंग

चावल जमा करने का कार्य राज्य शासन एवं भारत सरकार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के मध्य हुए एमओयू के अनुसार किया जाता है। राज्य में गत वर्ष किसानों का ऋण माफी किए जाने से खरीफवर्ष 2019-20 में धान खरीदी हेतु पंजीकृत किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है, लगभग 4 लाख कालातीत किसानों का ऋण माफ होने के कारण उनमें से अधिकतर के द्वारा इस वर्ष धान खरीदी के लिए पंजीयन कराया गया है, जिससे धान खरीदी की मात्रा गतवर्ष 80.38 लाख टन से बढ़कर 82.80 लाख टन हो गई है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि खाद्य एवं नागरिक सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार के पत्र क्रमांक 3(17)/2019-च्ल्ण्1 दिनांक 19 दिसम्बर 2019 में केएमएस 2019-20 में भारतीय खाद्य निगम में केन्द्रीय पूल अंतर्गत 24 लाख टन उसना चावल उपार्जन की अनुमति प्रदान की गई है। प्रदेश में केएमएस 2019-20 में कुल खरीदी 82.80 लाख टन धान से निर्मित होने वाले चावल 55.86 में से राज्य के द्वारा पीडीएस की आवश्यकता हेतु 25.40 टीएमटी चावल उपार्जन किया जावेगा। (सेंट्रल पुल 15.48 टीएमटी, स्टेट पूल 9.92 टीएमटी) एवं शेष 30.46 टीएमटी चावल सरप्लस होगा। इसमें से भारत सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम में 24 टीएमटी चावल उपार्जन की अनुमति दिए जाने से कुल उपार्जित धान में से 73 टीएमटी धान का ही निराकरण संभव हो सकेगा एवं लगभग 9.80 टीएमटी धान (अनुपातिक चावल 6.66 टीएमटी) अनिराकृत स्थिति में रहेगा, इससे राज्य शासन पर लगभग राशि रूपए 1500 करोड़ का अतिरिक्त आर्थिक व्ययभार आएगा। श्री बघेल ने लिखा है कि राज्य शासन एवं भारत सरकार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एमओयू की कंडिका 18 में समस्त सरप्लस चावल भारतीय खाद्य निगम द्वारा उपार्जन किए जाने का प्रावधान है। कृपया उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए केएमएस 2019-20 में भारतीय खाद्य निगम में चावल उपार्जन की मात्रा 24 लाख टन से बढ़ाकर 31 लाख टन किए जाने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध है।

गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़

शिक्षार्थियों का ऑनलाईन मूल्यांकन आज से प्रारंभ

■ **ऑनलाईन बाहय मूल्याकंन में 1800 शिक्षार्थी होंगे शामिल**

रायपुर। ई-साक्षरता केन्द्रों में ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन 28 फरवरी से एक मार्च 2020 तक निर्धारित किया गया है। ''गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़'' मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के ई साक्षरता केन्द्रों में आयोजित ऑनलाइन बाहय मूल्यांकन में लगभग एक हजार आठ सौ शिक्षार्थी शामिल होंगे। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह के कुशल मार्गदर्शन में देश में पहली बार शहरी क्षेत्र के डिजिटल असाक्षरों के लिए गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 36 केन्द्र तथा 14 नवीन ई साक्षरता केन्द्र सहित कुल 50 केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के संचालक एवं सदस्य सचिव श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने एक जानकारी में बताया कि नवाचारी कार्यक्रम गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ में 15 से 60 आयु समूह के डिजिटल असाक्षरों को प्रशिक्षित ई-एजुकेटर द्वारा एक माह में डिजिटल उपकरणों के उपयोग करना सिखाया जाता है। डिजिटल साक्षरता के अंतर्गत कम्प्यूटर, मोबाइल सहित डिजिटल डिवाइस को चलाना, कम्प्यूटर के पुर्जे का उपयोग, मोबाइल फोन का उपयोग, टेबलेट की जानकारी व उपयोग, इंटरनेट का उपयोग, सर्च इंजन का उपयोग ईमेल का परिचय, सोशल मीडिया, फेसबुक, ट्वीटर, व्हाटसअप का उपयोग। विभिन्न सेवाओं का ऑनलाइन भुगतान, ऑनलाइन बुकिंग, रेल, बस टिकिट बुक करना, मोबाइल रिचार्ज, टीवी रिचार्ज, बिजली बिल इत्यादि का भुगतान तथा विभिन्न सेवाओं के लिए ऑनलाइन फार्म भरना सिखाया जाता है। विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों में पॉवर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। डिजिटल साक्षरता के अलावा भारत का संविधान, व्यक्तिगत स्वच्छता, व्यक्तित्व विकास, चुनावी साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, श्रेष्ठ पालकत्व, आत्मरक्षा, कौशल विकास, नागरिक कर्त्तव्य, जीवन कौशल आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। डिजिटल साक्षरता के पाठ्यक्र पूर्ण होने के पश्चात् जिले द्वारा आंतरिक मूल्यांकन किया जाता है। तत्पश्चात् छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी द्वारा ऑनलाइन बाहय मूल्यांकन किया जाता है।

संपादकीय

क्या फिर पाला बदलेंगे नीतीश

बिहार ने एक बार फिर जदयूं सुप्रीमो और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के तेवर को देखते हुए यह कयास लागाए जा रहे है कि नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदल सकते है। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होने राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन किया था और इस गठबंधन को बहुमत भी मिला था लेकिन यह गठबंधन मुश्किल से दो साल ही चल पाया और नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल से नाता तोड़ कर भाजपा के साथ गठजोड़ कर लिया। जदयूं ने भाजपा के साथ मिलकर ही लोकसभा चुनाव लड़ा और दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी उसने भाजपा के साथ गठबंधन धर्म निभाया लेकिन बिहार विधानसभा के लिए होने जा रहे चुनाव के पूर्व भाजपा और जदयूं में सीटों के बंटवारे को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई जो सुलझा ली गई है। लेकिन नीतीश कुमार की कार्यशैली को लेकर भाजपा की बेचैनी बढ़ गई है। नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच नजदीकियां बढ़ती जा रही है। इसे लेकर बिहार की सियासत में तरह तरह की चर्चाएं सरगर्म है। राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर के खिलाफ बिहार विधानसभा में प्रस्ताव पारित होने से भाजपा की पेशानी पर बल बढ़ गया है। इस बारे में नीतीश कुमार ने भाजपा नेताओं को कोई सूचना ही नहीं दी थी। पिछले दो दिनों के भीतर नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के बीच दो मुलाकातें हो चुकी है। इसे से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कहीं एक बार फिर नीतीश कुमार पाला बदलने के लिए अपने पर न तौल रहे हों। नीतीश कुमार के लिए प्रशांत किशोर भी परेशानी का सबब बन गए है। जिन्हे नीतीश कुमार ने पहले जदयूं का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया था और फिर उन्हे जदयूं से बाहर कर दिया था। प्रशांत किशोर बिहार में अलग खिचड़ी पका रहे है। वहीं जे एन यू के पूर्व छात्र नेता कन्हैया कुमार माकपा का दामन थाम कर बिहार में ताबड़तोड़ रैली कर रहै है और उनकी रैली में भी भारी भीड़ जुट रही है। ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार यदि भाजपा का साथ छोड़ कर जदयूं के साथ फिर से गठबंधन कर लें तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। इससे पहले ही कई बार हवा का रूख देखते हुए पाला बदल चुके है। यद्यपि भाजपा अश्वस्त है कि बिहार विधानसभ चुनाव में नीतीश कुमार भाजपा के साथ ही बने रहेंगे। भाजपा ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में नीतीश कुमार ही गठबंधन के नेता होंगे। इसके बावजूद यह आशंका अपनी जगह बरकरार है कि बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व कही नीतीश कुमार भाजपा से नाता तोड़ कर जदयूं के साथ गठबंधन न कर लें।

विचार

नीतीश ने दिखाया रास्ता मोदी को

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीशकुमार ने ऐसा काम कर दिखाया है, जो उन्हें नेताओं का नेता बना देता है। पिछले कुछ दिनों से उनकी छवि गठबंधन-बदलू नेता की बन रही थी लेकिन उन्होंने बिहार की विधानसभा से राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर के खिलाफप्रस्ताव पारित करवाकर एक चमत्कार-सा कर दिया है। वह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ है याने भाजपा के विधायकों ने भी नागरिकता रजिस्टर को रद्द कर दिया है। यह वही नागरिकता रजिस्टर है, जिसके कारण दिल्ली में दंगे हो रहे हैं, सारे देश में सैकड़ों शाहीन बाग उग आए हैं और सारी दुनिया में भारत की छवि गारत हो रही है। इसी रजिस्टर के प्रस्ताव ने सारे देश में गलतफहमी का अंबार खड़ा कर दिया है। मुसलमान यह मानकर चल रहे हैं कि यह हिंदुत्ववादी मोदी सरकार मुसलमानों को छांट-छांटकर देश-निकाला दे देगी। यह धारणा बिल्कुल निराधार है लेकिन राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर के तहत नागरिकों से जो सवाल पूछे जाने हैं, उन्होंने इस गलतफहमी को मजबूत कर दिया है। संसद में गृहमंत्री के बयानों और संसद के बाहर दिए गए भाजपा नेताओं के उकसाऊ भाषणों ने इस गलतफहमी को अंधविश्वास में बदल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस आश्वासन के बावजूद कि राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर जैसी किसी योजना पर सरकार ने विचार ही नहीं किया है, सारे देश में गड़बड़झाला मचा हुआ है। इसी के कारण पड़ौसी मुस्लिम देशों के शरणार्थियों का कानून भी घृणा का पात्र बन गया है। यह गलतफहमी दूर हो और देश का माहौल बदले, इसके लिए मैं बराबर सुझाव देता रहा हूं लेकिन प्रधानमंत्री की मजबूरी मैं समझता हूं। खुशी की बात है कि नीतीश ने मोदी को इस अंधी गली से बाहर निकाल लिया है। बिहार विधानसभा ने जो प्रस्ताव पारित किया है, उसमें 2014 में बने राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) की तर्ज पर ही बिहार में अब 2020 में जनगणना होगी। यही प्रस्ताव अब चाहें तो देश की सभी विधानसभाएं पारित कर सकती हैं। इस प्रस्ताव के द्वारा बिहार के 17 प्रतिशत मुसलमानों के वोट नीतीश ने अपनी जेब में डाल लिए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चाहें तो दिल्ली में बिहार दोहरा सकते हैं। उन्होंने चुनाव में जो सावधानी दिखाई, यह उसका अगला रुप है। जहां तक पड़ौसी शरणार्थियों का सवाल है, उस कानून में भी संशोधन की मांग नीतीश करते तो बेहतर होता। जैसे नीतीश ने मोदी को नया रास्ता दिखाया, मैं सोचता हूं कि सर्वोच्च न्यायालय भी मोदी सरकार को इस दलदल से जरुर बाहर निकाल लेगा।

अब करनी होगी महिला हितों की बात

रमेश सर्राफ

संसद में महिलाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी होना एक शुभ संकेत है। मगर आज भी संसद में महिलाओं के आरक्षण की बात पर सभी राजनीतिक दल पीछे खिसकने लगते हैं। कोई भी पार्टी महिला आरक्षण विधेयक को आगे बढ़ाना नहीं चाहती है। कई राजनीतिक दलों की मुखिया महिलायें हैं मगर महिलाओं को आरक्षण दिलवाने की बात पर वो भी चुप्पी साधकर सरकार की हां में हां मिलाने लगती हैं। इसी कारण संसद में महिलाओं को आरक्षण देने का मामला वर्षो से लम्बित है। पंचायती राज व स्वायत शासन संस्थानो में महिलाओं को कुछ आरक्षण देकर सभी राजनीतिक दल व प्रदेशों की सरकारें अपना कर्तव्य पूरा कर लेती हैं।

महिलाओं के हित में कुछ अच्छी व कुछ बुरी खबरें आ रही है। अच्छी खबर यह है कि संसद में महिला सांसदो की संख्या बढ़ी हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन देने का रास्ता साफ कर दिया है। अपने एक फैसले में देश की शीर्ष अदालत ने महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन देने का आदेश दिया है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस अजय रस्तोगी की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सेना में महिला अधिकारियों की नियुक्ति विकासवादी प्रक्रिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी नागरिकों को अवसर की समानता, लैंगिक न्याय सेना में महिलाओं की भागीदारी का मार्गदर्शन करेगा। महिलाओं की शारीरिक विशेषताओं पर केंद्र के विचारों को कोर्ट ने खारिज किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र दृष्टिकोण और मानसिकता में बदलाव करें। सेना में सही मायने में समानता लानी होगी। केंद्र सरकार पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्थाई कमीशन देने से इनकार स्टीरियोटाइप पूर्वाग्रहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है।

इसी दौरान महिलाओं को शर्मसार करने वाली कुछ बातें भी सामने आई है। गुजरात के सूरत में महिला प्रशिक्षु क्लर्कों के साथ अभद्रता की घटना सामने आयी है। जिस से सभ्य माने जाने वाले समाज का सिर शर्म से झुक गया है। सूरत नगर निगम में प्रशिक्षु कल्कों की शारीरिक जांच के नाम पर उन्हें निर्वस्त्र कर घंटों कतार में खड़ा रहने के लिए मजबूर किया गया। इतना ही नहीं उस दौरान ना तो उनकी निजता का ख्याल रखा गया और ना ही उनके साथ संवेदनशीलता दिखाई गई। उनसे आपत्तिजनक सवाल किए गए। प्रशिक्षु कल्कों को मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल के प्रसूति विभाग में ले जाया गया। जहां उन्हें 10-10 के समूह में बांट कर सारे कपड़े उतारने को कहा गया। जिस कमरे में उन्हें निर्वस्त्र खड़ा करवाया गया उस कमरे का दरवाजा तक ठीक से बंद नहीं किया गया था। वहां उनकी प्राइवेसी तक का ख्याल नहीं रखा गया। जांच के दौरान महिला चिकित्सकों ने अविवाहित महिलाओं की भी गर्भावस्था से जुड़ी जांच की और उनसे आपत्तिजनक सवाल पूछे। जिससे उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। घंटों तक उन्हें बिना कपड़ो के खड़े रहने के लिए मजबूर किया गया।

उससें पूर्व गुजरात में भुज शहर के श्री सहजानंद गर्ल्स इंस्टीट्यूट से शर्मनाक मामला सामने आया था। वहां हॉस्टल में 68 लड़कियों के इनर वियर उतरवाए गए। कथित तौर पर ऐसा इसलिए किया गया जिससे यह पता लगाया जा सके कि वे मासिक धर्म से तो नहीं हैं। लड़कियों के इनर वियर उतरवाने का यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनने से सरकार की नींद खुली व मामले को दबाने के लिये जांच कमेटी बना दी गयी है। जो अपनी जांच रिपोर्ट देने में महिनो लगा देगी तब तक लोग उस घटना को भुला चुके होंगे। गत वर्ष महाराष्ट्र के बीड़ जिले में महिलाओं द्वारा पीरियड से बचने के लिए गर्भाशय निकलवाने के मामले सामने आए थे। बताया गया था कि महिलाएं माहवारी के कारण लगने वाले जुर्माने और काम में पडने़ वाले व्यवधान से बचने के लिए ऐसा कर रही थी। बीड़ जिले में गन्ने के खेतों में काम करने वाली 4605 महिलाओं के गर्भाशय निकाल दिए गए ताकि माहवारी के चलते उनके काम में ढ़िलाई ना आए और उन्हें जुर्माना न भरना पड़े।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार तीसरे साल भी वृद्धि देखने को मिली है। इसके मुताबिक 2015 में महिलाओं के खिलाफअपराध के 3 लाख 29 हजार 243 मामले दर्ज किए गए थे। 2016 में 3 लाख 38 हजार 954 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2017 में 3 लाख 59 हजार 849 मामले दर्ज किए गए। आंकड़ों के मुताबिक 2017 में भारत में 32,559 बलात्कार के मामले रिपोर्ट हुए थे। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतम मामले उत्तर प्रदेश में 56 हजार 11 में दर्ज किए गए। उसके बाद महाराष्ट्र में 31 हजार 979 मामले दर्ज किए गए। वहीं पश्चिम बंगाल में 30 हजार 992, मध्य प्रदेश में 29 हजार 778, राजस्थान में 25 हजार 993 और असम में 23 हजार 82 मामले दर्ज किए गए। इन अपराधों में हत्या, बलात्कार, दहेज हत्या, आत्महत्या के लिए उकसाना, एसिड हमले, महिलाओं के खिलाफ क्रूरता और अपहरण आदि शामिल है। इसके इतर सत्रहवीं लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढक़र 78 हो गई जो अब तक की सबसे अधिक संख्या है। 2014 में जहां 62 महिला सांसद संसद पहुंची थी। हालांकि वृहद स्तर पर देखें तो यह संख्या अभी भी कम है क्योंकि यह आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आस-पास भी नहीं है। यदि दुनिया भर के आंकड़ें देखें तो भारत में महिला सांसदों का औसत सबसे कम है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत में जहां पूरे संसद की संख्या का केवल 14 फीसदी महिला सांसद है। वहीं रवांडा में 61 फीसदी, दक्षिण अफ्रीका में 43 फीसदी, ब्रिटेन में 32 फीसदी, अमेरिका में 24 फीसदी, बांग्लादेश में 21 फीसदी महिला सांसद है।

देश में ओडीशा की बीजेडी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने टिकट बंटवारे में 33 फीसदी सीट महिलाओं को दिया था। यानि 7 महिला उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। उसी तरह पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस ने भी 42 में से 17 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था। जबकि बीजेपी ने 437 में से 53 महिलाओं को व कांग्रेस ने 423 में से 54 महिलाओं को टिकट दिया था। वर्ष 1962 से अभी तक देश में करीबन 600 महिलाएं सांसद के रूप में चुनी गई हैं। मगर देश के 543 निर्वाचन क्षेत्रों में से 48.4 फीसदी संसदीय क्षेत्रों ने 1962 के बाद से अब तक किसी महिला को सांसद के रूप में नहीं चुना है। भारत में नारी को देवी का दर्जा दिया गया है मगर वर्तमान में यह बाते सिर्फकिताबों तक सीमित रह गयी हैं। आये दिन महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें होना आम बात हो गयी है। दिल्ली में सामूहिक बलात्कार की शिकार हुयी निर्भया के गुनहगारों को गत आठ वर्षो बाद भी अभी तक फांसी नहीं दी जा सकी है।

रक्षा सौदा ट्रंप की एक बड़ी व्यापार जीत

‘मेक इन अमेरिका’ और ‘यूज इन इंडिया’

बरुन दास गुप्ता

भारत इस फ्लाइंग मशीन का एकमात्र प्राप्तकर्ता नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को मिल गया है, डेनमार्क को मिल गया है और कतर, दक्षिण कोरिया और सउदी अरब ने इसके लिए ऑर्डर दे दिए हैं। यह ज्ञात नहीं है कि भारत अमेरिका से प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण चाहता था ताकि इन महंगे हेलिकॉप्टरों का स्वदेशी निर्माण किया जा सके। और यदि हां, तो अमेरिकी प्रतिक्रिया क्या थी। तर्क है कि भारत ने ऐसी कोई मांग करने से परहेज किया। जब तक पहला रोमियो अमेरिका द्वारा वितरित किया जाता है, उम्मीद है कि दो सांल के समय में, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स को अपने बेड़े में इस तरक के 20 आयुध को शामिल कर लेगा। इसलिए, रोमियो के अधिग्रहण से भारत को चीनियों से अधिक श्रेष्ठता नहीं मिलेगी। यूएस रोमियो कोई नया हेलीकॉप्टर भी नहीं है। यह अगस्त 2005 में अमेरिका द्वारा शामिल किया गया था।

भारत में अपने डेढ़ दिन के प्रवास के दौरान, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 3 बिलियन डॉलर के रक्षा अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने में नकदी-तंगी और मंदी की मार से ग्रस्त भारत को सफ्लतापूर्वक मना लिय मिलियन था। यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ''मेक इन इंडिया'' का नारा रक्षा क्षेत्र पर लागू नहीं है। यहाँ, नीति है ‘मेक इन यूएसए, भारत खरीदे और उपयोग करे।’ मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र को भी निजी उद्योगों के लिए खोल दिया है। सरकार के पास जो कमी है, वह सार्वजनिक-निजी सहयोग से स्वदेशी आयुध उद्योग का निर्माण करने की दृष्टि है ताकि हथियारों के आयात पर भारत की निर्भरता एक विशिष्ट समय-सीमा के भीतर कम से कम हो सके। भारत अभी भी सऊदी अरब के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। और स्थिति जल्द बदलने वाली नहीं है।

भारत अब 2.6 बिलियन डॉलर की लागत से यूएस 24 एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीदने जा रहा है। छह छह अपाचे हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए 800 मिलियन डॉलर अलग से खर्च करेगा। ट्रम्प की यात्रा से पहले प्रेस में यह बताया गया था कि ट्रम्प एफ 35 बहु-भूमिका वाले लड़ाकू विमान खरीदने के लिए भारत पर भी दबाव डालेंगे। प्रत्येक विमान की कीमत 630 करोड़ रुपये है। लेकिन एक शर्त थी कि भारत को रूस के साथ पांच ट्रायम्फएस -400 एंटी मिसाइल और विमान भेदी प्रणाली के अधिग्रहण के लिए 5.4 बिलियन डॉलर के सौदे को रद्द करने के लिए सहमत होना होगा। रूस को इस वर्ष के दौरान भारत को पहली खेप प्रदान करनी है। चूंकि ट्रम्प की यात्रा के दौरान 35 विमानों को बेचने की भी कोई आशंका नहीं थी, इसलिए भारत ने संभवतः अमेरिका को यह स्पष्ट कर दिया है कि उस 35 विमानों के बदले में ट्राइंफके लिए अनुबंध रद्द करने का कोई सवाल ही नहीं है, जबकि यह विदित है ट्रायम्फएक एंटी मिसाइल मिसाइल है जो आने वाली दुश्मन की मिसाइलों और विमानों को मध्य-आकाश में लंबी दूरी से नष्ट कर सकता है। रोमियो एंटी-सबमरीन वारफेयर (एएसडब्ल्यू), एंटी-सर्फेस वॉरफेयर (एएसयूडब्ल्यू), सर्च-एंड-रेस्क्यू

(एसएआर) ऑपरेशंस और नेवल गनफायर सपोर्ट (एनजीएफएस) के लिए है। यह अत्यधिक परिष्कृत सेंसर से लैस है जो पानी में किसी भी गहराई पर पनडुब्बी का पता लगा सकता है और इसे अपनी मिसाइलों और टॉरपीडो से नष्ट कर सकता है। भारत इस फ्लाइंग मशीन का एकमात्र प्राप्तकर्ता नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को मिल गया है, डेनमार्क को मिल गया है और कतर, दक्षिण कोरिया और सउदी अरब ने इसके लिए ऑर्डर दे दिए हैं। यह ज्ञात नहीं है कि भारत अमेरिका से प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण चाहता था ताकि इन महंगे हेलिकॉप्टरों का स्वदेशी निर्माण किया जा सके। और यदि हां, तो अमेरिकी प्रतिक्रिया क्या थी। तर्क है कि भारत ने ऐसी कोई मांग करने से परहेज किया। जब तक पहला रोमियो अमेरिका द्वारा वितरित किया जाता है, उम्मीद है कि दो सांल के समय में, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स को अपने बेड़े में इस तरक के 20 आयुध को शामिल कर लेगा। इसलिए, रोमियो के अधिग्रहण से भारत को चीनियों से अधिक श्रेष्ठता नहीं मिलेगी। यूएस रोमियो कोई नया हेलीकॉप्टर भी नहीं है। यह अगस्त 2005 में अमेरिका द्वारा शामिल किया गया था। बड़े पैमाने पर उत्पादन अप्रैल, 2006 में शुरू हुआ।

हिंद महासागर में चीनी नौसेना की बढ़ती उपस्थिति हमारे लिए वास्तविक चिंता का विषय है। श्रीलंका के दक्षिणी सिरे में चीनियों द्वारा हंबनटोटा बंदरगाह के अधिग्रहण से भारत के खतरे की आशंका बढ़ गई है। विश्व शक्ति बनने के इच्छुक देश के रूप में, भारत आयातित हथियारों और सैन्य हार्डवेयर पर अनिश्चित काल तक नहीं चल सकता है। इसमें अगले तीस वर्षों तक सेना, नौसेना और वायु सेना की अनुमानित जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत स्वदेशी आयुध उद्योग विकसित करना है - यानी 2050 तक - और उसके अनुसार योजना बनाना। खासतौर पर भारतीय नौसेना को प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि भारत को हिंद महासागर में अपना वर्चस्व कायम रखना होगा। अरिहंत श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियों के लिए 3500 किमी की रेंज के साथ परमाणु सक्षम मध्यवर्ती रेंज एसएलबीएम के- 4 की सफ्ल परीक्षण-फायरिंग, केवल 750 किलोमीटर की रेंज के साथ के- 15 एसएलबीएम से आगे एक शानदार छलांग है। के- 4 को जल्द ही भारतीय नौसेना द्वारा शामिल किए जाने की उम्मीद है। यह चीन के खिलाफ एक अच्छा निवारक होगा। लेकिन इसका लक्ष्य 5000 किमी की रेंज के साथ लंबी दूरी की एसएलबीएम बनाना होगा। भारतीय नौसेना की मेगा विस्तार योजना का उद्देश्य 24 पनडुब्बियों का बेड़ा तैयार करना है, जिसमें छह परमाणु पनडुब्बियां शामिल हैं। वे निर्माणाधीन हैं। **(संवाद)**

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अंदरुनी लड़ाई जब

अंदरुनी लड़ाई जब वोट बैंक की बनती जाए तो दुनिया के कोई भी देश अपने विशाल सेना ,गोला बारूद ,तोप, बन्दूक नभ थल जल में मजबूत सुरक्षा प्रणाली के बावजूद नही रोक सकता यह सारा सिस्टम केवल दुश्मन देश के लिए ही कारगर होगा ऐसा अब लगता है।

- संत आर थवाईत

वो निडर है वो जिधर

वो निडर है वो जिधर है वो मुखर है उसे खबर है कि वो सत्य है । वो अडिग है वो सजग है वो स्पष्ट है वो स्वतंत्र है क्योंकि वो सत्य है । वो दयालु है वो आस्तिक है वो पथिक है वो भीड़ का हिस्सा है पर वो अकेला है क्योंकि वो सत्यनिष्ठ है एक सत्यनिष्ठ की आत्मकथा ।

-पूनम झा

ख़ास पाती | ना शुक्र मत कर उस रब को

ना शुक्र मत कर उस रब को जिसने तुझे जिंदगी दी, एक बार मुस्कुरा दे उसका शुक्रिया अदा हो जायेगा मत देख मुड मुड कर गम को उसे दूर तक निकल जाने दे वो देख ज़रा सामने खुशियों का काफ़िला ,चला आ रहा है. वक़्त को कमबख्त ,और लोगों को कसूरवार न कहो, झाँक कर देखो गिरेबां में कितनी इंसानियत बाकी है। धूप के एक टुकड़े को तरसती रही मैं , बादलों ने अपना दिल छोटा कर लिया, बूँद भर की प्यास थी मेहरबानी ज़माने की अश्कों ने समंदर कर दिया।

- नम्रता सरन सोना

आब न कोई दर्द पाला जाए

आब न कोई दर्द पाला जाए, न कोई युद्ध अब टाला जाए। अब तो बस एक ही काम हो, सबका कागज खंगाला जाए। वतन मेरा कोई धर्मशाला नहीं, ये मोदी है कोई बार बाला नहीं। घुसपैठियों संग आतंकियों और, अब्बू अम्मी संग खाला जाए। ये जो भारत में बैठे आतंकी है, बस गोलियों को निवाला जाए। खूब सोए कुंभकरण सा हिंदुओं, आओं अब देश संभाला जाए।

- संजय सिंह राजपूत

मनुष्य तीन प्रकार के होते है

मनुष्य तीन प्रकार के होते हैं। अधम मध्यम और उत्तम सबकी पहचान सरल है। अधम मनुष्य है आलसी उसे बताया बुरा सभी वहीं बिध्नों से इतना डरता, नहीं छेड़ता काम कभी!! मध्यम काम शुरू कर देता है पर जब संकट आता है, काम अधुरा छोड़ है भागता, मग में नहीं ठहरता है। उत्तम जन उसको कहते जो बाधाओं से टकराते हैं जो भी काम छेड़ डाला पुरा करके ही अपनाते हैं। संक्षिप्त संकल्प पुरा करते हैं।

- सूर्य प्रकाश मिश्रा

वायु मार्ग से जरा सा खेल

वायु मार्ग से जरा सा खेल हमने खेला है शत्रुओं की सीमा का भ्रमण कर आ गये भ्रम पाल रखे थे कि दिल्ली अब दूर नही आसूरी शक्तियाँ वो दमन कर आ गये शत्रुओं की सीमायें जो लग रही कुण्ड जैसी चण्ड मुण्ड को जैसे हवन कर आ गये वज्र से प्रहार कर दैत्यो का संहार कर हनुमान लंका को दहन कर आ गये वंदन है अभिनंदन है। **- नरेन्द्र गुप्ता कवि**

सिया राम का प्यारा , वीर हनुमान

सिया राम का प्यारा , वीर हनुमान बड़ा बलकारी। माता अंजनी का है दुलारा , वो शंकर का अवतारी। लाल लंगोटा लाल ध्वजा, लाल गदा कर धारी। जिसकी भक्ति ओर शक्ति , को जाने दुनियां सारी । रोम रोम में बसती जिसके, मूरत सीता राम की।। जय बोलो हनुमान की।।

- शोभा त्रिपाठी

कविता मेरी अंतरात्मा की पुकार

कविता मेरी अंतरात्मा की पुकार, जो एक बार भाव से शब्दों में रूपांतरित हुए, आपने खूब पसंद भी किया.. अब एकल कविता संग्रह मुश्किल सा.. अपने खरे अंदाज की वजह से, यथासंभव.. समयानुरूप सबसे पहले लेख और फिर कहानी ही सही प्रतीत हो रहा। **- मिनाक्षी सिंह भरद्वाज**

ये आग लगाकर रख देंगे

ये आग लगाकर रख देंगे! कश्मीर बनाकर रख देंगे तुम भाई भाई कहते हो ! टोपी पहनाकर रख देंखे !! इतिहास उठाकर देखो तुम ! ईरान बनाकर रख देगें !! जेहादी है सोच हमेशा ! और बहकाकर रख देंगे।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

QUIZ TIME

1) फिक्की की स्थापना 1927 में किसने की थी? (घनश्यामदास बिड़ला / जे. आर. डी. टाटा)

2) मिस यूनिवर्स 2019 का मेजबानी किसके द्वारा की गयी?

3) निम्न में से कौन सी राशि सबसे बड़ी है? (क) कौड़ी (ख) कोरी (ग) गण्डा (घ) दागोनी

4) 31 अक्टूबर 2019 के बाद भारत के कुल कितने राज्यो में विधान परिषद् मौजूद है? (क) 05 (ख) 06 (ग) 07

5) 2019 मिस वर्ल्ड टोनी एन सिंह किस देश की रहने वाली है?

Ramaquiz

उत्तरमाला - (1) घनश्यामदास बिड़ला (2) स्टीव हार्वे (3) दागोनी (4) 06 (5) जमैका

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1792- प्रख्यात भ्रूणविज्ञानी कार्ल अर्नस्ट वॉन बेयर का जन्म हुआ जिन्होंने स्तनधारियों के अंडाणु की खोज की। 1840- आधुनिक पनडुब्बी के जनक जॉन फिलिप हॉलैंड का जन्म हुआ। 1892- ब्रिटेन-अमेरिका ने प्रशांत महासागर के बेरिंग सागर में सील के शिकार को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किया। 1896- भारत के छठे प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्म। 1908- डच वैज्ञानिकों ने हीलियम गैस का ठोस उत्पादन किया। 1960- भूकंप से दक्षिण अटलांटिक के देश मोरक्को के शहर अगादीर की एक तिहाई आबादी की मौत हो गयी 1968- अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया। 2004- कैरेबियाई देश हैती में जन विद्रोह के कारण राष्ट्रपति जीन बर्टांड ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

राष्ट्रपति का दौरा, सिम्स के 20 डॉक्टरों की लगी ड्यूटी, ओपीडी हो रही प्रभावित

- जिला प्रशासन जोरशोर से तैयारी में जुटा
- रेस्ट हाउस का रंगरोगन, पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। राष्ट्रपति के शहर दौरे को लेकर जिला प्रशासन से लेकर सभी विभागीय अधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में सिम्स अस्पताल के 20 डॉक्टरों की ड्यूटी भी लगा दी गई है, इससे अभी से ओपीडी में विशेषज्ञ डॉक्टरों के न मिलने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आगामी 1 और 2 मार्च को ओपीडी सेवा के साथ ऑपरेशन भी टाले जाएंगे।

केंद्रीय विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक दिन पहले 1 मार्च को शहर आ रहे हैं। वो रात शहर में ही बिताएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन सरकारी रेस्टहाउस का रंग रोगन करा रही है तो वहीं अब स्वास्थ्य व्यवस्था को ख्याल रखते हुए सिम्स प्रबंधन ने अपने अस्पताल से सर्जन, मेडिसीन, निश्चेतना, और आर्थोपेडिक्स विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर की 12-12 घंटे के लिए डैूटी लगाई है। जिससे जहिर है कि इन दो दिनों में सिम्स अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार कि सुविधा नहीं मिल पाएगी। सिम्स में डॉक्टरों के साथ ही ट्रामा एंबूलेंस में समस्त उपकरण, दवाईयों का स्टॉक भी रहेंगा यह तैयारी इस लिए कि जा रही है कि कही शहर प्रवास के दौरान राष्ट्रपति की तबियत नजूक हो तो उन्हें तुरंत ही इलाज की सुविधा मिल पाए लेकिन राष्ट्रपति के स्वास्थ्य सुविधा और विशेषज्ञ डॉक्टर की इतनी तदात में डैूटी का हर्जाना अस्पताल में आने वाले गरीब और जरुरतमंद मरीजों को भुगतना पड़गा और राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान उन्हें बेहतर इलाज के लिए परेशानीयों का समना करना पड़ेगा।

सिम्स में वीआईपी मार्ग तैयार

राष्ट्रपति के प्रवास के इन दो दिनों में सिम्स अस्पताल प्रबंधन ने तैयारी शुरु कर दी है यदि इस दौरान राष्ट्रपति की तबियत खराब होती है या अपातस्थिती आ जाती है तो उनका सिम्स में प्रवेश आर्थो ओपीडी गेट से होगा वहीं आईसीसीयू वार्ड के बगल में स्थित लिफ्ट से अस्पताल के दूसरी मंजिल प्राइवेट वार्ड के कक्ष क्रमांक 01 में ले जाया जाएगा जहां इस वार्ड में सिम्स के जितने हाईटेंक उपकरण है उसे भी तैयार रखा गया है साथ ही राष्ट्रपति के ब्लड ग्रुप से मौच ब्लड का भी स्टॉक तैयार है वहीं अस्पताल में अलग से नर्स और स्टॉफतैनात रहेंगे।

इन डॉक्टरों की लगी ड्यूटी

कंसलटेंट डॉक्टर विभाग विशेषज्ञ- डॉ.आशुतोष कोरी मेडिसीन, डॉ. अरुणेश सिंह आर्थोपेडिक्स, डॉ. यूके बेहरा सर्जरी, डॉ.मयंक आगरे निश्चेतना, डॉ जयपाल चंद्रवंशी मेडिसीन, डॉ.राजीव सखूजा आर्थोपेडिक्स, डॉ.विनोद तमकनंद सर्जरी, डॉ मिल्टन देववर्मा निश्चेतना, डॉ राजेश अग्रवाल मेडिसीन, डॉ ओपी राज सर्जरी, डॉ. आदित्य बिंदवेकर निश्चेतना, डॉ.अमित ठाकुर मेडिसीन, डॉ. वेभवकांत सर्जन, डॉ. प्रकाश जायसवाल मेडिसीन, डॉ. ब्रजेश पटेल सर्जन, डॉ. आदित्य केशरवानी सर्जन, डॉ.ए आर बेन आर्थोपेडिक्स, डॉ. रघुराज सिंह सर्जन, डॉ.श्वेता कुजूर निश्चेतना, डॉ. सुरभि बंजारे निश्चेतना

वार्ड बॉय और डॉयवर की भी ड्यूटी लगी

राष्ट्रपति के आवभगत में सिम्स प्रबंधन ने अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों की फैज के साथ ही यहां के दो वाहन चालक अमरेन्द्र नारायण सिंह और बृजमोहन सोनवानी का डैूटी लगाया है वहीं फार्मासिस्ट रमाशंकर साहू , विमल वर्मा की डैूटी लगाई गई है तो वहीं वार्ड ब्वाय गौतम महिपाल और सुरेश कोशले की डैूटी भी लगाई गई है इसके साथ ही प्रभारी डीन डॉ. राकेश निगम को उपकरण दवाईयों और स्टॉफकी जिम्मेदारी दी गई है तो वहीं मेडीसीन विभागध्यक्ष डॉ. पंकज टेम्भुर्णीकर को व्ही.व्ही आई पी ओटी का प्रभारी बनाया गया है।

लंबित मांगों को लेकर बैंक कर्मचारी बैठेंगे हड़ताल पर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। 1 नवम्बर 2017 से देय 11वे वेतन समझौते में आईबीए के अड़ियल रैवये से नाराज यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के दस लाख बैंक अधिकारी व कर्मचारी 20 जनवरी से लगातार संघर्षरत हैं। 31 जनवरी व 1 फरवरी की दो दिवसीय हड़ताल के बाद आगामी 11,12 व 13 मार्च को पुनः तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने की तैयारी हैं। आज देश भर में ससंद सदस्यों को वित्तमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर सम्मानजनक वेतन समझौता शीघ्र करने का निवेदन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में बिलासपुर लोकसभा के सासंद अरुण साव से यूएफबीयू संयोजक ललित अग्रवाल,सीजीबीईए के सहायक महासचिव मनोज मिरी, एआईपीएनबीपीआरए के अध्यक्ष सुरेंद्र चावड़ा, स्टेट बैंक अवार्ड स्टॉफ के क्षेत्रिय सचिव जितेंद्र वर्धन शुक्ला, सीजीबीईए के जिला अध्यक्ष अशोक ठाकुर के नेतृत्व में यूएफबीयू का प्रतिनिधि मंडल मिला। उन्होंने सांसद महोदय को ज्ञापन देते हुए निवेदन किया कि वे अपने स्तर पर बैंकर्स की समस्याओं को माननीय वितमंत्री व प्रधानमंत्री तक पहुचाते हुये बैंकर्स की जायज मांगो यथा पेंशन व फैमिली पेंशन में सुधार,पांच दिनों का कार्य सप्ताह, एनपीएस की समाप्ति, रेग्युलेटेड वर्किंग ऑवर सहित 11वा द्विपक्षीय समझौता शीघ्र करवाने हेतु शून्य काल मे प्रश्न उठा कर देश के आर्थिक सिपाहियों का मनोबल उठाने में सहयोग करे। उपरोक्त जानकारी ललित अग्रवाल संयोजक युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस बिलासपुर द्वारा प्रेषित की गई।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर किया इंकार

बिलासपुर। सरकंडा थाना क्षेत्र के खमतराई में युवती के साथ जबर्दस्ती बलात्कार करने के बाद शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को सरकंडा पुलिस ने एफआईआर होने के चंद घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने आज थाने पहुंच कर ने शिकायत दर्ज कराई कि खमतराई अटल नगर निवासी आरोपी राहुल यादव ने उसे पिछले साल अप्रैल माह में जबर्दस्ती मुरुमखदान की ओर ले जाकर दुष्कर्म किया और फंसने के डर से युवती को शादी का झांसा दिया युवती को विश्वास लेने के बाद आरोपी लगातार युवती से शारीरिक संबंध बनाता रहा और जब युवती गर्भवती हुई तो उसके साथ गाली-गलौज करके उसे जान से मारने की धमकी देकर शादी करने से मुकर गया। मामले की शिकायत युवती ने सरकंडा थाना पहुंचकर की मामले की शिकायत मिलते ही सरकंडा थाने की पुलिस ने बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक को सूचित किया पुलिस अधीक्षक के निर्देश मिलने के बाद कोतवाली सीएसपी निमेश बरैया के निर्देशन में सरकंडा थाना प्रभारी शनिप रात्रे और उनकी टीम आरोपी की तलाशबीन में जुट गई ,और एफआईआर होने के चंद घंटों अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई ।

जोगी पिता-पुत्र के खिलाफ नौकर के फांसी मामले में दर्ज एफआई आर रद्द नहीं होगी: हाई कोर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। पिछले महीने मरवाही सदन में नौकर की आत्महत्या के मामले में खुद पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने के मामले में जोगी पिता पुत्र को झटका लगा है। इस एफआईआर को रद्द करने के लिए मरवाही विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी तथा उनके पुत्र अमित जोगी की याचिका खारिज कर दी गई है। हाईकोर्ट में जस्टिस आरपी शर्मा की कोर्ट ने यह निर्णय सुनाया। बीते 15 जनवरी को बिलासपुर स्थित अजीत जोगी के सरकारी बंगले मरवाही सदन में उनके रसोईये कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम रमतला निवासी संतोष कौशिक उर्फ मनवा ने आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद उनके भाई कृष्ण कुमार कौशिक व अन्य परिजनों ने सिविल लाइन पुलिस के समक्ष दिये गये बयान में कहा था कि अजीत जोगी, अमित जोगी और बंगले में मौजूद स्टाफ द्वारा मृतक पर चोरी का आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा था। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने जोगी पिता पुत्र के खिलाफ मृतक संतोष कौशिक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अपराध दर्ज कर लिया था।पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर अजीत जोगी, अमित जोगी ने हाईकोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब आत्महत्या की घटना हुई वे बंगले में नहीं थे। अमित जोगी मुम्बई में थे तथा अजीत जोगी भी बिलासपुर से बाहर थे। राजनैतिक प्रतिशोध के कारण पुलिस पर दबाव डालकर उनके खिलाफअपराध दर्ज कराया गया है। याचिका पर बीते 11 फरवरी को सुनवाई हुई थी। शुक्रवार को इस पर कोर्ट का फैसला आया।

रेल कर्मचारियों की संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में सजगता एवं संरक्षा के साथ कार्य करने के प्रति जागरूकता लाने हेतु उमरिया स्टेशन में सहायक मंडल इंजीनियर मनेन्द्रगढ मन्टू कुमार एवं संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक, गार्ड, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, पाइंटमैन ,गेटमैन सहित 100 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में दुर्घनाओं के संभावित कारणों को पावर प्रजेंटेशन एवं फिल्मों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही सिग्नल एवं पाइंट्स खराब होने पर स्टेशन मास्टर के कर्तव्य, शंटिंग के दौरान तथा पाइंट इन/आउट के समय पाइंट को क्लेम्प एवं पैडलाक करना, ट्रेन स्टाफ एवं ट्रेन पासिंग स्टाफ के मध्य सिग्नल का आदान प्रदान करना, नान-इंटरलाकिंग कार्य के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, ओएचई का रखरखाव, ओएचई ब्लाक के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, रेल फ्रेक्चर की स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा, सिग्नल की खराबी एवं रखरखाव के समय बरतने वाली सावधानियों, लोडिंग अनलोडिंग पाइंट्स पर वैगन के दरवाजों का सही ढंग से बंद होना सुनिश्चित करना, नान-सिग्नलिंग में गाडी चलाने के दौरान चालक एवं सहायक चालकों का कर्तव्य, आपदा प्रबंधन जैसे अनेक गहन मुद्दों पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों एवं संरक्षा सलाहकारों द्वारा संरक्षा नियमों की पूरी जानकारी उद्यतन रखने तथा संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता एवं सजगता के साथ करने की सलाह दी गई।

किसान क्रेडिट कार्ड बनाने जिले में होगा शिविरों का आयोजन

बिलासपुर । गौरेला-पेंड्रा-मरवाही कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने आज परियोजना प्रशासक कार्यालय गौरेला के सभाकक्ष में जिले के राजस्व,कृषि,उद्यानिकी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार पत्र धारकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ने के साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ भी उन्हें प्राप्त हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु जिले में शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिसमें राजस्व विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग तथा बैंक के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। षिविर में ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का फॉर्म भराकर जमा कराया जाएगा। कलेक्टर ने शीघ्र ही केम्पों के आयोजन के संबंध में कार्ययोजना बनाकर तत्परतापूर्वक आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड फॉर्म जमा करने तथा बैंकों में इसकी एंट्री किए जाने की दैनिक कार्यप्रगति की रिपोर्ट लेने हेतु अनुविभागीय अधिकारी कृषि गौरेला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की दैनिक रिपोर्ट लेने हेतु तहसीलदार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में सभी बैंकर्स से विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पूर्व में तहसीलदार पेण्ड्रा को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के फॉर्म वन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे जिसका पालन नहीं होने पर कलेक्टर द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो, यह सुनिश्चित करने हेतु मुनादी कराने तथा योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा मंदिर में सहयोग

बिलासपुर । श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती पुष्पिता पण्डा, उपाध्यक्षा श्रीमती सुमन झा, श्रीमती संगीता शर्मा, श्रीमती शीनू निगम, श्रीमती पिंकी प्रसाद के साथ ग्राम गतौरा पहुँची जहॉ शक्तिरूपामॉ कंकालिन विराज मान है। इस मंदिर में समय कीर्तन-भजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होता रहता है। मंदिर में रामकथा व भागवत कथा के माध्यम से धर्म व आध्यात्म का प्रचार-प्रसार किया जाता है। जहॉ इन्होंने मॉकंकालिन के दर्शन कर पूजा-अर्चना किए। मंदिर प्रांगण में देवी मॉ के सानिध्य में समय बिताया व मंदिर पुजारी से धार्मिक गतिविधियों की जानकारी ली। श्रद्धा महिला मण्डल ने धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु 2 एम्प्लीफायर, दो माइक सेट स्टैण्ड सहित, चारदरी, तीन एक्जास्ट पंखा भेंट स्वरूप मंदिर समिति को दिये जिससे भक्तगण सुविधा पूर्वक आराधना उपासना कर सकें। इसअवसर पर श्रद्धा महिला मण्डल की पदाधिकारियों के साथ सचिव श्रीमती महिमा गुप्ता, श्रीमती मंजीत भल्ला व अन्य सदस्याएँ भी उपस्थित थीं जिन्होंने देवी मॉ के दर्शन किए व आशीर्वाद लिया।

न्यायालय तहसीलदार रायगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. अपं./अ-21/2019-20
ग्राम गोवर्धनपुर तहसील व जिला रायगढ़

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम गोवर्धनपुर प.ह.नं. 55 को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण सिदार पिता हरिराम सिदार जाति संवरा निवासी ग्राम कोतमरा तहसील पुसौर जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा ग्राम गोवर्धनपुर प.ह.नं. 55 स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 9/2, 9/2/2, 9/4/1 एवं 9/4/2 रकबा क्रमशः 0.524, 0.787, 0.186 तथा 0.279 हे. कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 1.776 हेक्टेयर को क्रेता पंकज अग्रवाल एवं अनिल केडिया दोनों निवासी रायगढ़ तहसील व जिला रायगढ़ गैर आदिवासी के पास छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत विक्रय करने की अनुमति दिए जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय रायगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया है, जो श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के माध्यम से जांच प्रतिवेदन संप्रेषण बाबत प्राप्त हुआ है।

प्रस्तुत आवेदन पर इस न्यायालय में दिनांक 16/03/2020 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में किसी कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
रायगढ़

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 46/ले.शा./का.अभि./लो.स्वा.यां./2019-20 बिलासपुर, दिनांक 22.02.2020

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन/ अधिकृत विक्रेताओं/ निर्माणकर्ताओं से नलजल योजना के तहत पावर पम्प एवं संबंधित निम्नलिखित सामग्रियां प्रदाय कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि 07.03.2020
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु राशि जमा करने एवं कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की तिथि 10.03.2020
3. निविदा स्पीड पोस्ट से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय (अपरान्ह 3 बजे तक) 12.03.2020
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (अपरान्ह 4 बजे से) 12.03.2020

कार्य का विवरण :- कुल अनुमानित लागत का 3न अमानत राशि तथा समूह क्र. 01 02 व 03 हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 300.00 निर्धारित है।

क्र.	सामग्री का नाम	ठेके की अनुमानित लागत (रु.लाख में)
1.	विकासखण्ड मस्तूरी के ग्राम मड़ई हेतु सबमर्सिबल पम्प प्रदाय कार्य। 5HP Submeresible pump (Head 70 Mtr., Discharge 170 LPM) (02Nos), Panel Board, MS Clamp 50 mm dia, 50 mm dia GI	1.20
2.	विकासखण्ड तखतपुर के ग्राम भीमपुरी हेतु सबमर्सिबल पम्प प्रदाय कार्य। 4HP Submersible pump (Head 70 Mtr., Discharge 150 LPM) (02 Nos.), Panel Board, MS Clamp 55 mm dia, 50 mm dia GI Pipe	1.50
3.	विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम दुर्गाडीह हेतु सबमर्सिबल पम्प प्रदाय कार्य। 5HP Submersible pump (Head 90 Mtr., Discharge 150 LPM) (01 Nos.), Panel Board, Cable Wire 4 Sq. mm, MS Clamp 50 mm dia, 50 mm dia GI Pipe, Service Wire 10 sqmm	0.73

उपरोक्त प्रदाय कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में अंतिम तिथि 07.03.2020 तक आवेदन प्रस्तुत कर दिनांक 10.03.2020 को इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-77396/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए एक हजार से अधिक जवान रहेंगे तैनात

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंच रहे राष्ट्रपति के बिलासपुर दौरे को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए 1000 से अधिक पुलिसकर्मी और अधिकारी तैनात किए गए हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के बिलासपुर आगमन के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर बल की तैनाती की गई है ।राष्ट्रपति यहां 2 दिन ठहरेंगे। 1 मार्च को बिलासपुर पहुंच रहे राष्ट्रपति 2 मार्च के दीक्षा समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वे जिस जिस सड़क से गुजरेंगे वहां की सुरक्षा को लेकर विशेष जांच पड़ताल की जा रही है । वहीं बिलासपुर दौरे के दौरान राष्ट्रपति से जो जो मुलाकात करेंगे उन अतिथियों, आयोजन में लगे कर्मचारियों आदि का वेरिफिक्रेशन भी पुलिस कर रही है। इस दिशा में कार्यक्रम का फूल रिहर्सल किया गया। वही पुलिस व्यवस्था के प्रति आम लोगों में भरोसा जगाने बिलासपुर में पुलिस ने मार्च पास्ट भी किया। पूरे लाव लश्कर के साथ पुलिस लाइन से निकली गाड़ियां बिलासपुर के मुख्य सड़कों से गुजरी । राष्ट्रपति के बिलासपुर आगमन के मद्देनजर सुरक्षा में किसी तरह की ढील या चूक से बचने की कोशिश की जा रही है। हालांकि इसी बीच 29 फरवरी को बिलासपुर के ही ईदगाह चौक में सीएए विरोधी बड़े आंदोलन की तैयारी में भी है, जिसे लेकर पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। दिल्ली के दंगे के बाद इस तरह के आंदोलनों को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है।

कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई,
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/2014/लो.नि.वि./न.पं./2019-20 पाण्डातराई, दिनांक 28/02/2018

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला- कबीरधाम छ.ग. को वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु लोक निर्माण में लगने वाले सामग्री/विद्युत विभाग/ जल प्रदाय विभाग/ स्वच्छता सामग्री प्रदाय/ टेण्ट सामग्री किराए पर/मोटर पंप मरम्मत/ स्टेशनरी सामग्री सामग्रियों की आवश्यकता है। जिस हेतु कुल 08 कार्य हेतु 56.00 लाख रु. का वार्षिक निविदा निर्धारित प्रपत्र A, B एवं C में अपना न्यूनतम दर सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से त्रि- लिफाफा पद्धति में आमंत्रित किया जाता है।

1- निविदा जमा करने का दिनांक - 19/03/2020 समय 3.00 बजे तक
2- निविदा खोलने की दिनांक - 19/03/2020 समय 4.00 बजे

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईट http://www.uad.cg.nic.in पर देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक-2 बिलासपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-543/NIT-8/2019-2020/SAC दिनांक 25.02.2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.03.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12.03.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 13.03.2020 अपरान्ह 11.30 बजे तक

एन.आई.टी. क्र. निविदा	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि एवं बैंक साल्वेंसी (रु.में)
8 T0042	माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर में आवासीय परिसर स्थित माननीय मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायधिपतिगणों के आवासीय बंगलों में सीज फायर से सेफ्टी कार्य (प्रथम आमंत्रण)	10.62 7965.00 159300.00

1. Cease Fire कंपनी के अधिकृत विक्रेता/निर्माता (Anthorised Dealer/Manufactrer) होना आवश्यक है।
2. समान प्रकृति के समकक्ष राशि का कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र जो कार्यपालन अभियंता से प्रमाणित हो जमा करना अनिवार्य है।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईड www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-77349/2

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-2
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

11 शराब दुकानों में ओवर रेट में शराब बेचने की 31 शिकायतें

- जांच में पांच शराब दुकानों में ओवर रेट की 12 शिकायतें पाई गई सही
- विधायक के सवाल पर आबकारी मंत्री ने दी जानकारी

महासमुंद। जिले की 11 शराब दुकानों में ओवर रेट में शराब बेचने की 31 शिकायतें मिली है। जांच में पांच शराब दुकानों में ओवर रेट की 12 शिकायतें सही पाई गईं। शहर के स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान में ओवर रेट की सर्वाधिक 12 शिकायतें मिली है। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के सवाल पर आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने यह जानकारी दी है। विधानसभा के

बजट सत्र में गुरुवार को विधायक श्री चंद्राकर ने महासमुंद जिले की शराब दुकानों में ओवर रेट में शराब बेचे जाने का मामला उठाया। जिस पर जवाब देते हुए आबकारी मंत्री श्री लखमा ने बताया कि 11 शराब दुकानों में ओवर रेट पर शराब बेचने की 31 शिकायतें मिली है। जिसमें देशी मदिरा दुकान अछोला में एक, विदेशी मदिरा दुकान सितली नाला में 6, देशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड में 12, विदेशी मदिरा दुकान सरायपाली में 2, देशी मदिरा दुकान बेमचा रोड में एक, विदेशी मदिरा दुकान सिरपुर में 3, विदेशी मदिरा दुकान झलप में दो, विदेशी मदिरा दुकान भंवरपुर में एक, विदेशी मदिरा दुकान तुमगांव, विदेशी मदिरा दुकान पिथौरा व विदेशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड में एक-एक शिकायतें शामिल है। जांच में देशी मदिरा दुकान अछोला में एक, देशी मदिरा दुकान सितलीनाला में पांच, देशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड में चार, विदेशी मदिरा दुकान सरायपाली व देशी मदिरा दुकान बेमचा रोड में एक-एक शिकायत सही पाई गई।

27 कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई

ओवर रेट पर शराब बेचने पर प्लेसमेंट एजेंसी के 27 कर्मचारियों को सेवा से पृथक किया गया है। जिसमें देशी मदिरा दुकान अछोला में एक, देशी मदिरा दुकान सितलीनाला में 13, देशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड में आठ, विदेशी मदिरा दुकान सरायपाली में चार व देशी मदिरा दुकान बेमचा रोड में एक कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ अब होगी सख्त कार्रवाई

- पहले समझाइश दें, न मानने पर कार्रवाई के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ अब कार्रवाई की जाएगी। पहले चरण में ऐसे भवन स्वामियों को समझाइश दी जाएगी। समझाइश देने के बाद भी दोबारा ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए शहर में जितने भी भवन निर्माण हो रहे हैं, उनकी सूची तैयार की जाएगी। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने नगर पालिका के स्वच्छता प्रभारी को इस संबंध में आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के दौरान सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों को पहले समझाएं। समझाइश के बाद भी नहीं मानने वालों की सामग्री की जब्त करें।

दरअसल, पार्षद महेंद्र जैन ने गुरुवार को पालिकाध्यक्ष से मिलकर सड़क पर फैली निर्माण सामग्रियों का मुद्दा उठाया। महेंद्र जैन ने कहा कि शहर के स्वच्छता अभियान की सूरत बिगाडने में मकान निर्माण प्रमुख कारण है। निर्माण करते समय तोड़े हुए मकान का मलबा सामने ही डंप कर दिया जाता है। साथ ही निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री भी सड़कों पर फैली रहती है।

खुले में कचरा फेंकने वालों पर लगेगा जुर्माना

पार्षद महेंद्र जैन ने कहा कि मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत रिक्शा एवं टिप्पर डोर टू डोर प्रतिदिन जाता है। इसके बावजूद नागरिकों द्वारा अपने घरों के कचरे को एक निश्चित स्थान पर डालकर स्वच्छता अभियान को धत्ता बताया जा रहा है। पार्षद ने पालिका अध्यक्ष से मांग की है कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर अर्थदंड का प्रावधान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर लगातार बढ़ रहा है। साथ ही जनसंख्या में इजाफा हुआ है, लेकिन सफाईकर्मियों की संख्या उतनी ही है।

गार्डन के अंदर मार्ग निर्माण नहीं करने ज्ञापन सौंपा

महासमुंद। नगर के वार्ड 15 महात्मा गांधी वार्ड में मस्जिद के सामने स्थित बालोद्यान (गार्डन) के भीतर नवीन मार्ग का निर्माण नहीं किये जाने के लिए वार्डवासी एवं आम नागरिकों ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार एवं नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि गार्डन के भीतर से नवीन मार्ग बनाये जाने से किसी समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि अनेक नवीन समस्याएं उत्पन्न होगी। गार्डन के भीतर मार्ग का निर्माण किये जाने से गार्डन का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। गार्डन का क्षेत्रफल अधिक नही है। इसके अतिरिक्त गार्डन के भीतर से मार्ग निकाले जाने पर गार्डन का उपयोग पार्किंग स्थल के रूप में किया जायेगा, जिससे गार्डन मनोरंजन के प्रयोजन की दृष्टि से अनुपयोगी हो जायेगा। उसका सौंदर्य भी नष्ट हो जायेगा। विगत 30 वर्षो से लगे हरे भरे पेड़ पौधों को नुकसान होगा। गार्डन में नगर के दूरस्थ वार्डो के भी बच्चे, युवा तथा वृद्धजन मनोरंजन के लिये प्रतिदिन सुबह-शाम आते हैं। कुछ वर्षों पूर्व ही गार्डन का सौंदर्यीकरण भी किया गया है तथा व्यायाम के लिये नये उपकरण लगाये जाने से गार्डन के प्रति लोगों के प्रति आकर्षण भी बढ़ा है।

मनरेगा में एक हजार कार्य स्वीकृत

महासमुंद । वर्ष 2018-19 व वर्ष 2019-20 में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एक हजार कार्य स्वीकृत किए गए हैं। विधायक श्री चंद्राकर के सवाल पर जानकारी देते हुए पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया कि महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मनरेगा के तहत वर्ष 2018-19 में 143 गांवों में 420 कार्य तथा वर्ष 2019-20 में 126 गांवों में 580 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत कार्यों में से 696 कार्य प्रारंभ हुए थे। इसमें से 307 कार्य पूरा करा लिया गया है जबकि 389 कार्य अपूर्ण है। वहीं प्रारंभ कार्यों में से 479 कामों का भुगतान किया गया है तथा 217 कार्यों का भुगतान शेष है। स्वीकृत कार्यों में से 27 कार्यों में शिकायतें प्राप्त हुई है, जांच पश्चात लंबित मजदूरी भुगतान पूर्ण कर दिया गया है और एक प्रकरण में राशि वसूली के लिए सक्षम अधिकारी को पत्र लिखा गया है।

जिला जेल में सात महिला बंदियों की क्षमता का बैरक

जिला जेल महासमुंद में सात महिला बंदियों की क्षमता का बैरक उपलब्ध है। विधायक श्री चंद्राकर के सवाल पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि जिला जेल महासमुंद में 163 पुरूष और सात महिला बंदी सहित कुल 170 बंदियों की क्षमता है। जिसके विरूद्ध 9 फरवरी 2020 की स्थिति में कुल 264 पुरूष बंदी निरूद्ध है। जिला जेल में महिला बंदियों के लिए पृथक से बैरक उपलब्ध है। सात महिला बंदियों की क्षमता का बैरक है।

स्पोर्ट्स एकेडमी में कवर्धा से श्रुति ठाकुर का चयन

कवर्धा। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉटबॉल महिला टूर्नामेंट जो की पंजाब के पटियाला शहर में 4 मार्च से 7 मार्च 2020 तक आयोजित होने जा रहा है इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव दुर्ग यूनिवर्सिटी की टीम भी सम्मिलित हो रही है जिसमे प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से श्रुति ठाकुर का इस प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है जो की कवर्धा के पी.जी.कॉलेज में अध्ययनरत् है साथ ही गुरुकुल पब्लिक स्कूल में खेल शिक्षक के रूप में कार्यरत् है इस प्रतियोगिता हेतु इसका कोचिंग कैंप भिलाई के सेक्टर-02 में 26 फरवरी से शुरू हो चुका है जो 29 फरवरी तक आयोजित होगा जिसके बाद दुर्ग यूनिवर्सिटी की टीम 1 मार्च को पंजाब के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। श्रुति अभी तक 7 नेशनल खेल चुकी है जिसमे 1 स्वर्ण पदक,1 रजत पदक और 1 कांस्य पदक प्राप्त कर चुकी है और यह इसका प्रथम यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट है।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और हजरत अली का जन्मदिन मनाने की अपील

कवर्धा। आगामी 9 मार्च को हजरत अली के जन्मदिवस तथा 10 मार्च को रंग पर्व होली का त्यौहार आपसी भाईचारे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन की ओर से आगामी माह के 9 एवं 10 मार्च को होने वाले त्यौहारों को बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में अपर कलेक्टर जीवन किशोर ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, डिप्टी कलेक्टर अनिल सिदार, डिप्टी कलेक्टर अरूण सोनकर सहित जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, प्रमोद लूनिया, छेदीलाल सोनी, अशोक सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

विदाई समारोह का आयोजन हुआ

कवर्धा। मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल खड़ौदा कला में विदाई समारोह एवं पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एच के नायक एबीओ बोड़ला, अध्यक्ष के रूप में देवमती धुर्वे सरपंच एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गायत्री साहू बीआरपी बोड़ला, रामकुमार साहू तथा राजेन्द्र निर्मलकर उपस्थित रहें।

इस अवसर पर शाला के व्याख्याता सी आर कुर्रे 10 वी बोर्ड में गणित विषय मे उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने हेतु मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित हुए। शाला के द्वारा गतवर्ष 10 वी बोर्ड परीक्षा में तीनो टॉपर्स को मैडल व नगद राशि से पुरुस्.त किया गया। तथा साल भर में हुए विविध कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्.त किया गया। तत्पश्चात कक्षा 9 वी के विद्यार्थियों द्वारा 10 वी के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई।

जनगणना : दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव। जनगणना 2021 के कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए यहां कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य, अपर कलेक्टर ओंकार यदु, अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित थे। प्रशिक्षण में जनगणना के सभी प्रभारी अधिकारियों, एवं एसडीएम को मकान सूचीकरण और मकानों की गणना एवं मकानों की गणना मोबाईल एप्प में करने के बारे में बहुत बारिकी से बताया गया। जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 25 अप्रैल 2020 से 10 जून 2020 के बीच किया जाएगा।

लोक सेवा केन्द्रों के सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के निर्देशानुसार लोक सेवा केन्द्रों के सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ईडिस्ट्रिक परियोजना अंतर्गत जिले के सभी लोक सेवा एवं सामान्य सेवा केन्द्रों तथा आधार संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला 27 फरवरी को डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकेण्डरी स्कूल बसंतपुर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के सभी लोक सेवा केन्द्र संचालक, आधार केन्द्र संचालक और सामान्य सेवा केन्द्र संचालकों को राज्य स्तर चिप्स से आए हुए वरिष्ठ प्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख श्रीमती तृप्ति भट्टर, वरिष्ठ सलाहकार एवं परियोजना प्रमुख निलेश कुमार सोनी, सीएससी स्टेट मैनेजर जयनारायण पटेल ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा, सीएससी मैनेजर आशिष स्वर्णकार, स्वाश्वत शर्मा और तकनीकी मैनेजर मोहम्मद सैयद अली उपस्थित थे।

सीईओ सलाम ने किया ने ट्राईबल विकासखंडों का दौरा

राजनांदगांव। जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम ने आज विकासखंड अम्बागढ़ चौकी के ग्राम मेरेगांव एवं घानापायली के आगंनबाड़ी का भ्रमण कर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के क्रियान्वयन की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं से चर्चा की। उन्हें प्राप्त होने वाले भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव के वरिष्ठ नागरिकों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर सुपोषण गतिविधियों के गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। गरम भोजनए वजन त्यौहार तथा सप्ताहिक अंडाए आकर्षक थाली इत्यादि के वितरण के संबंध में पूछताछ की। श्रीमती सलाम ने सुपोषण वाटिका का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। आगंनबाड़ी के छोटे बच्चों से प्राथमिक ज्ञान के संबंध में भी जानकारी ली।

पदुमतरा हाई स्कूल में हुआ सायकल वितरण

राजनांदगाँव। ब्लॉक के पदुमतरा हायर सेकेंडरी स्कूल में 25 छात्रों को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 एवं हायर सेकेंडरी स्कूल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, प्राचार्य संध्या किरण मिंज, हायर सेकेंडरी स्कूल पूर्व अध्यक्ष राकेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि एवं पंच मोहन कुमार साहू सहित स्कूल के समस्त स्टॉफ और छात्र-छात्रायें उपस्थित हुए।

न्यूज गैलरी

कुत्तों के आंतक से बरबसपुर थर्राया

बिरकोनी। बरबसपुर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। कुत्तों के आतंक से लोगों का घूमना और घरों के बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों बरबसपुर के अशोक साहू बाइक से जा रहा था, तभी कुत्तों ने उसे दौड़ाकर काट लिया। इसी तरह बुदधा निषाद, फगनी निषाद, रामचरण केंवट को कुत्ते ने काट लिया। इसी तरह दो बच्चियां मेघा यादव, काजल यादव अपने घर के पास खेल रही थीं, जिन्हें कुत्ते ने दौड़ाकर काट लिया। गांव के ही दुर्गेश साहू, खेलावन, राजेश निषाद काम करके घर लौट रहे थे उन्हें भी कुत्ते ने काटकर घायल किया। कुत्तों के आतंक के बाद से गांव के लोग रात में घर से अकेले निकलने में घबराने लगे हैं। सरपंच महेंद्र सोनवानी ने इस संबंध में बताया कि पागल कुत्ते के आतंक से राहगीर व लोग परेशान हैं। आवारा कुत्ते मुसीबत बनते जा रहे हैं। सरपंच ने प्रशासन से इस संबंध में उचित कार्रवाई की मांग की है।

पंखे का तार गिरा महिला की मौत, झाड़ पर मिला शव

महासमुंद। बुधवार को अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खल्लारी थानांतर्गत ग्राम डूमरपाली निवासी प्रतिभा पटेल (22)बुधवार सुबह घर पर थीं, इस दौरान पंखे का तार टूटकर गिर गया। इसके संपर्क में आने से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी तरह सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम धनसुली में अंगद महानंद का शव पेड़ पर मिला, ग्रामीणों की सूचना पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

ट्रकों में भिड़त, एक के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। बागबाहरा थाना क्षेत्र के खोपली पड़ाव में बुधवार सुबह हुए ट्रकों की भिड़त में एक ट्रक चालक की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सीजी 04 जेड इ के चालक जीवराखन डहरिया पिता बेनूराम डहरिया ने पुलिस को बताया कि सीजी 04 एमके 5110 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसके वाहन को ठोकर मार दी जिससे उसके सिर, पैर में चोट आई है। मामले में पुलिस ने धारा 279,337 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

कार की ठोकर स्कूटी सवार घायल

महासमुंद। सोनसिल्ली के पास कार की ठोकर से स्कूटी सवार घायल हो गया। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। बेलर निवासी गंगूराम ध्रुव पिता चिंताराम ध्रुव (60) ने पुलिस को बताया कि बुधवार को कार क्रमांक सीजी 04 केजी 4842 के चालक ने उसकी स्कूटी को ठोकर मार दी। इसमें एक्टीवा में सवार उत्तम ध्रुव और सखाराम ध्रुव को चोटें आई जिस पर पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

दवा खिलाने से तबीयत बिगड़ी, शिक्षक से मारपीट

महासमुंद। कृमि और फाइलेरिया की दवा खिलाने से बच्चे की तबीयत बिगडने से आक्रोशित पालक ने शिक्षक के घर पहुंच अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामला बसना थाना क्षेत्र के टिकरापारा प्राथमिक शाला का है। शिक्षक की शिकायत पर पुलिस ने पालक के खिलाफ 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। पीड़ित शिक्षक आशीष कुमार सोनी ने पुलिस को बताया है कि 26 फरवरी को उनके शाला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं फाइलेरिया की दवा स्कूल के सभी बच्चों को खिलाई गई। स्कूली छात्रा प्राची नायक को घर पहुंचने के बाद उल्टियां होने पर पिता राजू नायक ने उनके घर पहुंच गाली-गलौज कर मारपीट की।

अधेड़ से चार लीटर शराब बरामद

महासमुंद। झलप तालाब के पास पुलिस ने अधेड़ से कुल 1380 रूपए की शराब जब्त की। जानकारी के मुताबिक ग्राम ढांक निवासी नंद कुमार ध्रुव पिता स्वर्गीय भारत ध्रुव (57) 4.140 लीटर देशी प्लेन शराब करते मिला जिस पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की।

हनुमान मंदिर समिति की बैठक 1 को

महासमुंद। सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति कचहरी चौक महासमुंद की बैठक 1 मार्च रविवार को प्रातः 11 बजे मंदिर परिसर में आहूत है। बैठक में आगामी 2 अप्रैल को श्रीरामनवमी व 8 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी। मंदिर समिति के सचिव भरत सिंह ठाकुर बताया कि मंदिर समिति द्वारा विगत 11 वर्षों से रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष 12वां वर्ष के रूप में भी श्रीरामनवमी पर 2 अप्रैल 2020 को संध्या 7 बजे से 8 बजे तक श्री हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप का आयोजन किया जाएगा।

इस साल सरसों की बम्फर उत्पादन की संभावना

बिरकोनी। अछरीडीह ,बडग़ांव, बरबसपुर के खेत में खड़ी सरसों की फसल में पीले फूल रोड से गुजरने वालों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक इस साल सरसों की बम्फर उत्पादन होने की संभावना जता रहे हैं। कृषि विभाग और किसानों ने सरसों की अच्छी फसल की उम्मीद की है। सरसों उत्पादन के लिए क्षेत्र में अनुकूल जलवायु है। सरसों उत्पादन लेने वाले किसानों ने बताया कि सरसों उत्पादन समशीतोष्ण जलवायु में होता है।

उपलब्धि 24 फरवरी को डॉ. अम्बेडकर अंतराष्ट्रीय परिसर, 15 जनपद रोड, नई दिल्ली में एक दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

नई दिल्ली में रूर्बन योजना की चौंथी सालगीरह में प्रदेश से सिर्फ कबीरधाम हुआ शामिल

कवर्धा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय रूर्बन मिशन के चैथे वर्षगाठ के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य से कबीरधाम जिले के दो महिला स्व. सहायता समूह के सदस्य ने अपने अनुभव केन्द्र स्तर पर रखा। दिनांक 24 फरवरी को डॉ. अम्बेडकर अंतराष्ट्रीय परिसर, 15 जनपद रोड, नई दिल्ली में एक दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें जिले के मॉडल गौठान बिरकोना का भोर कलेवा, स्वल्पाहार केन्द्र कि अध्यक्ष जाना वैष्णव, ग्राम धरमपूरा में लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण, जय शनी देव महिला समूह कि अध्यक्ष रूखमणी राजपूत एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की निक्की वैष्णव शामील हुई। रूर्बन के साथ अन्य योजनाओं का अभिसरण करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के साथ आजीविका संवर्धन से लाभान्वित होने एवं भोर कलेवा स्वल्पाहार केन्द्र तथा लाई ऐश ब्रिक्स के निर्माण से होने वाले लाभ का अनुभव महिला समूह के सदस्यों ने भारत सरकार के पंचायत मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं केन्द्र स्तर के अधीकारियों के समक्ष रखा।

रूर्बन योजना के बेहतर काम का मिला परिणाम, केन्द्रीय पंचायत मंत्री के समक्ष भोर कलेवा एवं लाई ऐश ब्रिक्स बनाने वाली महिलाओं ने बताये अपने अनुभव रू विजय दयाराम के.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री विजय दयाराम के. ने जानकारी देते हुए बताया कि रूर्बन के चैथे सालगीरह पर कार्यक्रम आयोजित हुआ है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से सिर्फ कबीरधाम जिले को शामिल करने हेतु राज्य से नामांकित किया गया। नामांकन मुख्य रूप से रूर्बन के तहत बनाये गये भोर कलेवा स्वल्पाहार केन्द्र का भवन और उसकी उपयोगिता तथा धरमपुरा के महिला समूह को रूर्बन से लाभान्वित किये गये लाई ऐश मशीन, शेड आदि के कार्य से होने वाले सीधे लाभ के कारण यह अवसर मिला है। विजय दयाराम के. ने आगे बताया कि ग्राम बिरकोना के मॉडल गौठान को रूरल इन्डस्ट्री पार्क के तौर पर विकसित किया गया है। जिसमें भोर कलेवा का भवन रूर्बन से तैयार करके आजीविका मिशन के तहत गठित समूह को दिया गया है। जिसमे महिला स्व.सहायता समूह छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वल्पाहार बेचकर प्रतिदिन 1500 से 2000 रूपये की आमदनी कमा रही है जो कि गरीबी रेखा से निचे जीवन यापन करने वाली महिलाएं है। इसी तरह धरमपूरा में लाई ऐश ब्रिक्स का निर्माण कर महिला समूह ईंटों को आस-पास के क्षेत्रों में विक्रय कर अच्छा लाभ कमा रहीं है। इन्ही सब उपलब्धियों के कारण राज्य से इस कार्यक्रम के लिए कबीरधाम जिले का चयन किया गया था।

मौसम ने किसानों की मेहनत में फेरा पानी

बेमौसम बारिश से तरबूज, खरबूजा सहित अन्य फसल खराब होने की कगार पर

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। विगत दिनों हुई बारिश से रबी की धान, गेहू की फसल को नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन महानदी की रेत पर किसानों के द्वारा लगाए गए तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, टमाटर, प्याज, आलू की फसल खराब होने की कगार पर है। विदित हो कि विगत दिनों 23 फरवरी की शांम रात्रि को हुई बारिश से नदी पर लगाए अधिकतर किसानों की रबी फसल तरबूज, खरबूजा सहित अन्य किस्म की फसल पर करीब एक फीट तक पानी भर चूका है, जिससे किसानों की 90 प्रतिशत

फसल खराब होने की कगार पर पहुंच चूका है। नदी किनारे खेती करन वाले डोंगरा के किसान शिव वर्मा, हितेश वर्मा, पतिराम निर्मलकर, शंकरलाल वर्मा, मेघनाथ वर्मा, श्रीराम वर्मा, पुनीतराम वर्मा, दयाराम वर्मा, राजकुमार वर्मा, अच्छेलाल वर्मा, मनहरण वर्मा, अशोक वर्मा, श्यामाचरण वर्मा, रामकुमार वर्मा, पंचराम वर्मा संतोष यादव, भानुप्रताप वर्मा ने बताया कि पिछले दिनों हुई बारिश से तरबूज की फसल में पानी भर चूका है, जिससे निकाला भी नहीं जा सकता है। बारिश का पानी होने की वजह से किसानों की फसल खराब हो रही है। ग्राम डोंगरा, डोंगरीडीह, परसापाली, सिंघारी सहित अन्य गांव के प्रभावित किसानों ने बताया कि कोई भी किसान यदि धान की फसल लेता है तो उसे महज 15 से 20 हजार तक ही नुकसान होता है, तो वही गेहू की फसल लेने वाले किसान को बीज का ही नुकसानी झेलना पड़ता है, किन्तु तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, टमाटर, प्याज, आलू की खेती में एक एकड़ में करीब 70 से 80 हजार रूपये की नुकसानी पहुंचती है, फिलहाल इस वर्ष बारिश होने की वजह से हम सभी किसान प्रभावित है। इसलिए हम सभी किसानों ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार से यह गुजारिश कर रहे कि नुकसान का आंकलन तैयार कर पीड़ित किसानों को मुआवजा की राशि दिलायी जाये ताकि नुकसान हुए किसानों का भार कम हो सकें।

न्यूज गैलरी

कौशल प्रशिक्षण के लिए 89 हितग्राहियों का चयन

बलौदाबाजार। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए 89 हितग्राहियों का चयन किया गया है। हितग्राहियों का चयन बलौदाबाजार विकासखण्ड के 8 प्रमुख गांवों में शिविर आयोजित कर काउंसिलिंग के बाद किया गया है। चयनित हितग्राहियों से प्रशिक्षण के लिए आवेदन भी लिया गया है। उन्हें सकरी स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। कौशल विकास योजना के सहायक संचालक श्री अनिल प्रधान ने बताया कि चयनित 89 हितग्राहियों में से 41 इलेक्ट्रानिक्स, 25 इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर तथा 14 आटोमोटिव्ह ट्रेड से हैं। डिप्टी कलेक्टर श्री मिथलेश डोण्डे एवं मोटिवेशनल स्पीकर श्री एस.एम.पाध्ये ने भी पनगांव में आयोजित शिविर में हिस्सा लेकर युवाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने स्वरोजगार के लिए उपयोगी व्यवसायों की जानकारी देकर उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया।

वार्षिकोत्सव में शामिल होंगी जिला पंचायत सदस्य भुनेश्वरी तिलक वर्मा

लवन। जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारी में पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम स्कूल प्रांगण में 29 फरवरी दिन शनिवार को सुबह 10 बजे रखा गया है । वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य भुनेश्वरी तिलक वर्मा के द्वारा किया जाएगा अध्यक्षता जनपद सदस्य किशन खांडे करेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित सरपंच कल्याणी पैकरा उपसरपंच शहोद्रा बाई यादव पूर्व सरपंच विमलेश वर्मा व नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे ।

संत शिरोमणि गुरू घासीदास के श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण आज

लवन। जन कल्याण सेवा समिति ग्राम कोलिहा सड़कपार के तत्वाधान में तीसरे वर्ष भी एक दिवसीय प्रसादी वितरण का आयोजन 29 फरवरी शनिवार को रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में संत शिरोमणी गुरूधासीदास जैतखाम का दर्शन लाभ लेने के लिए जा रहे सभी श्रद्धालुओं को खीर, पुड़ी वितरण किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी जन कल्याण समिति के सदस्य महादेव कोसले ने बताया है।

पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन

बीजापुर। जिले के भोलापटनम ब्लॉक के थाना-मद्देड़ के ग्रामीण का आरोप है कि एक महिला ताड़ी बेचने का काम करती थी। ताड़ी बेचने के दौरान पुलिस के द्वारा मारपीट किया गया जिससे वह महिला बेहोश हो गई। बेहोश महिला का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मद्देड़ मे जारी है। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं परिजनों के द्वारा थाने के सामने चक्का जाम कर दिया है। इस मामला पर थाना प्रभारी डी.आर.तिर्की ने कहा कि ग्रामीण के द्वारा लगाये गये आरोप गलत और निराधार है। क्षेत्र में शराब बंद करने की मुहिम के तहत कार्यवाही की जा रही है। अवैध रूप से शराब का खुलेआम व्यापार किए जाने की कार्यवाही के दौरान शराब बेचने के लिए मना करने और समझाईश दिए जाने के बाद अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के द्वारा निराधार आरोप लगाकर प्रदर्शन करने का काम किया गया है, जिसे तत्काल हटा दिया गया है।

रियासतकालीन होलिका पर्व में शुरू हुआ फाग गाने की परंपरा

जगदलपुर। रियासतकालीन होलिका दहन पूजा विधान के तहत सिरहासार चौक, मावली मंदिर के सामने जोड़ा होलिका दहन का आयोजन परंपरा अनुसार किया जाता है। शताब्दियों से अनवरत चली आ रही रियासतकालीन जोड़ा होलिका दहन से पूर्व 09 फरवरी तक फाग गीतों का आयोजन किया जायेगा। कल रात्रि से फाग मंडली द्वारा नगाड़े की धून पर भगवान विष्णु की स्तुति में फाग गीत शुरू किया गया। रियासतकालीन दौर से मनाये जाने वाले इस होलिका दहन के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 360 घर अरण्यक ब्राह्मण समाज के द्वारा होलिका फाग गीत प्रारंभ किया गया है। फाग गीत का यह सिलसिला होलिका दहन की रात्रि 09 फरवरी तक अनवरत जारी रहेगा। 369 घर अरण्यक ब्राह्मण समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक पांडे ने शहर के श्रद्धालुओं से आव्हान किया है कि फाग गीत में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। ज्ञात हो कि फाग गीत का आयोजन जगदलपुर शहर में लगभग समाप्त हो चुका है, लेकिन इस परंपरा को पुनर्जीवित करने तथा बनाये रखने के उद्देश्य से जगन्नाथ मंदिर में होली से पूर्व फाग गीत का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।

कोटवारों को दिया जाए सरकारी कर्मचारी का दर्जा

कोरबा। प्रदेश के कोटवारों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। वर्षों से सरकारी कामकाज में सहयोगी रहे कोटवारों को उपेक्षित जीवन जीना पड़ रहा है। प्रशासन और आम जनता के बीच काम करने वाले कोटवारों को उनका अधिकार दिया जाए। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आ सके। इस आशय की मांग कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में जिला इकाई के सदस्यों ने की है। मुख्यमंत्री के नाम लिखे मांग पत्र को सदस्यों ने कलेक्टर को सौपा है। कोटवारों ने मुख्यमंत्री से पांच सूत्रीय मांग की है। इनमें प्रमुखतः बतौर सरकारी कर्मचारी नियमितीकरण प्रमुख है। अन्य मांगों में इस बात का उल्लेख किया है कि प्रति वर्ष ड्रेस कोड के लिए के कपड़ों के अलावा सिलाई की राशि भी प्रदान की जाए। प्रत्येक तीन साल में कोटवारों को गर्म कोट दिया जाए, जिससे वे सर्द मौसम में पूरी मुस्तैदी से काम कर सकें भी काम कर सकें। उच्चतम न्यायलय की मंशा के अनुरूप कोटवारों को 18000 रुपये मानदेय दिया जाए। नियुक्ति में व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त किया जाए। साथ ही कोटवार की मृत्यु पर उसके परिजन को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। नक्सली हिंसा में मृत कोटवारों के परिजनों को पुलिस कर्मचपारियों के परिजनों की तरह आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। नगरीय निकाय क्षेत्रों में कोटवारों की नियुक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिससे सेवा क्षेत्र रिक्त होने से कार्य प्रभावित है। कोटवारों ने प्रतिबंध को समाप्त कर भर्ती शुरू करने की मांग की है। मांग पत्र लेकर पहुंचे कोटवारों में जिला कोटवार संघ अध्यक्ष घनश्याम सहित खासी तादाद में कोटवार उपस्थित थे।

नौ विज्ञान शिक्षकों का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ सम्मान

कोरबा। भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन चंद्रशेखर वेंकट रमन ने अपनी खोज की घोषणा की। कोरबा क्षेत्र में विज्ञान की जटिलताओं को छात्रों तथा शोधकों को सरलता एवं सुगमता से हल प्रदान करने उनकी समस्याओं का समाधान करने तथा विज्ञान को जिंदगी से जोड़ने वाली हस्ती जिन्हें लोग रोटेरियन प्रदीप खेत्रपाल के नाम से जानते हैं। इन्होंने इंडस पब्लिक स्कूल में वहां के छात्रों एवं अध्यापकों का भी मार्गदर्शन किया। अगर यह कहें कि विद्यालय के विकास में प्रदीप खेत्रपाल का अहम योगदान रहा तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

गिरौदपुरी मेला आज से, तैयारियां पूर्ण

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में गुरूदर्शन मेला कल 28 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह मेला तीन दिनों तक अर्थात् 1 मार्च तक चलेगा। लाखों की संख्या में देश-विदेश से बाबा के अनुयायी इस दौरान दर्शन के लिए जुटते हे। मेले में लोगों की बुनियादी सुविधाएं एवं कानून व्यवस्था संबंधी तमाम प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

मेले के सुचारू संचालन के लिए अनुविभागीय अधिकारी कसडोल को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। पूरे मेला परिसर को सेक्टरों में बांटकर विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य मेला परिसर, कुतुबमीनार से भी ऊंचा नवनिर्मित जैतखाम, अमृत कुण्ड, महराजी, छाता पहाड़, पंचकुण्डी, जन्म स्थली आदि सेक्टरों में पुलिस, पीएचई, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले के सभी नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारियों को पृथक-पृथक विभिन्न सेक्टरों में कार्य दायित्व सौंपे गए है।

अत्यधिक भीड़ वाले स्थानों में बायो टायलेट की व्यवस्था की गई है। पूरे मेला परिसर में 15 स्थानों पर 200 से भी अधिक समूहों द्वारा दाल-भात केन्द्र के माध्यम से श्रद्धालुओं को रियायती दर पर मात्र दस रूपये में भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। मेला विकास समिति में लिये गये निर्णय अनुसार दस किमी के क्षेत्र में मेला के दौरान मांस-मदिरा और तम्बाखू गुटखा का प्रतिबंधित किया गया है। प्लास्टिक और कैरीबेग के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुए श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की गई है। पूरे परिसर में पुलिस सुरक्षा बल के साथ-साथ चप्पे-चप्पे पर पूरे राज्य भर से आये 20 कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी पृथक से लगाई गई है। 10 सीसीटीवी भी लगाये गये है। सभी स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

चाकू की नोक पर लूट

गंडई पंडरिया। ग्राम खौड़ा निवास कृषक टिकैत राम पटेल अपने दामाद गजानंद पटेल गंडई के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक आया था । गंडई के बैंक में करीब 4:00 बजे 40 हजार रुपये आहरण किया। बैंक से निकाली गयी राशि, पासबुक को अपने थैले में रखा। कृषक ने बताया कि मैंने अपने वाहन क्रमांक सीजी 04 डी एच 8517 की डिक्की में रख दिया । मैं और मेरा दामाद दोपहिया वाहन से घरके लिए रवाना हुए ।रास्ते मे करीब 5 बजे बुड़ासागर और ढाबा के बीच गोविंद धनकर के पास दो अज्ञात व्यक्ति पीछा कर रहे थे वो दोनों मेरे वाहन को रोक दिए । मेरे वाहन की चाबी को निकाल लिए ।एक व्यक्ति ने दामाद के गला में चाकू टिका दिया ।दूसरा मेरे जांघ में चाकू टिका दिया । उसके बाद डिक्की के पैसे को निकाल लिए । दोनो पैसे रखे हुए थैले को लेकर गंडई को ओर तेज रफ्तार से भागे ।एक व्यक्ति के मुंह मे कला कपड़ा बंधा था व शर्ट भी काला पहना था । सूचना मिलने पर 112 मौके पर पहुंची ।

केसीसी बनाने गांवों में शिविरों का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। कृषि मंत्रालय भारत शासन नई दिल्ली एवं कृषि विभाग, नवा रायपुर के निर्देश के परिपालन में तथा जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में 27 फरवरी से 5 मार्च तक शिविरों का शुभारंभ हो चुका है। इसके अंतर्गत जिले के सभी छह विकासखण्डों के 200 ग्राम पंचायत भवनों में शिविर लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। शिविर में किसान सम्मान निधि से भी वंचित किसानों को भी योजना में शामिल करने की कार्रवाई की जा रही है। विशेष रूप से वे किसान जिन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त हुई है, किन्तु उनका किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बना है। उनसे आवेदन लेकर शत-प्रतिशत किसानों का क्रेडिट कार्ड बनाने का अभियान जारी है। इसमें कृषि विभाग, बैंक,पटवारी, पंचायत सचिव सभी संयुक्त रूप से किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु सर्वे कर कार्रवाई की जा रही है। जिन किसानों का कार्ड निष्क्रिय हो चुका है, उनको भी पुनर्जीवित किया जायेगा।

कल गरीब परिवार की 230 बेटियों की होगी शादी

■ **मंत्री अनिला भेड़िया दंेगी आर्शीवाद**

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। जिले की गरीब परिवार की 230 बेटियों की शादी आगामी मार्च माह के पहले रविवार पहली तारीख को एक मंडप के नीचे पूरी रस्म अदायगी के साथ पूरी होगी। कार्यक्रम एक मार्च को दोपहर 12 बजे क्रीड़ा परिसर खेल मैदान में आयोजित है। इस शुभ अवसर पर महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया बेटियों को आर्शीवाद देने उपस्थित रहेंगी। उनके साथ जिला प्रभारी मंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार भी आएंगे। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, सांसद बस्तर श्री दीपक बैज, विधायक श्री चंदन कश्यप शामिल होंगे ।

गरीबी के चलते जिले में कई ऐसे परिवार हैं, जिनकी बेटियों की शादी आर्थिक स्थित अच्छी न होने के कारण कई मुश्किलों से होकर गुजरती है। गरीबी के कारण शादी जैसे बड़ें कामों में होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाये हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने गरीब परिवार की बेटियों की शादी कराने के लिए वित्तीय सहायता देने की योजना बनाई। साथ ही राज्य सरकार उनके विवाह भी करा रही है। योजना में पहले गरीब परिवार की बेटियों के विवाह के लिए कुल 15,000 रूपए की वित्तीय सहायता दी जाती थी। लेकिन अब योजना मे तहत मिलने वाली राशि 15 हजार से बढ़ा कर 25 हजार कर दी है। विभागीय अधिकारी श्री रविकांत ध्रुर्वे ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए नियमानुसार पंजीयन की प्रक्रिया पहले पूरी कर ली गई थी। जिसमें 230 जोड़ों का इस योजनांन्तर्गत पात्रतानुसार पंजीयन हुआ ।

सीमित संसाधन, स्वच्छता के लिए जागरूकता जरूरी

कोरबा। नगर पालिका परिषद दीपका में वृहद स्वच्छता अभियान के तहत बजरंग चौक दीपका से पेट्रोल पंप तक स्वच्छता अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। नगर पालिका के अमले के साथ अध्यक्ष संतोषी दीवान नगर को स्वच्छ बनाने के काम में जुटी हुई हैं। उन्होंने आमजनों से कहा है कि नगर पालिका के पास स्वच्छता कर्मी एवं संसाधनों की मात्रा सीमित है। इतने ही संसाधनों से पूरे नगर को स्वच्छ रखने के लिए आम नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है। विशेष सफ ाई अभियान में वार्ड क्रमांक एक से संपूर्ण वार्ड में सफ ाई अभियान जारी है। वार्ड के समस्त सड़क व नालियों की सफ ाई के साथ कीटनाशक दवाए ब्लीचिंग का छिड़काव एवं नालियों में भरे मलबों को निकाला जा रहा है। अभियान के दौरान मुख्य रूप से नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर, पार्षद मदन राजपूत, जगदीश सिंह, सचिन थवाईत सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

जनगणना की तैयारी जोरों पर, अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

■ **पहले चरण में होंगी मकानों की गिनती**

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। देश में होने वाली 16वीं जनगणना 2021की तैयारी जोरों पर हैं। इस सिलसिले में बलौदाबाजार - भाटापारा जिला में जनगणना के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में हुआ। इन जिला अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए विशेष रूप से जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर से दो मास्टर ट्रेनर आयें हुए थे। हीरेन्द्र सिन्हा एवं ओम प्रकाश इन्होंने सभी अधिकारियों को जनगणना सम्बंधित जानकारी विस्तृत रूप से समझाया। मास्टर ट्रेनर हीरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि जनगणना एवं राष्ट्रीय जनगणना रजिस्टर (एनपीआर) दोनों साथ मे होंगा। जनगणना कार्य छत्तीसगढ़ में दो चरणों मे होंगा। पहले चरण 25 अप्रैल 2020 से 10 जून 2020 तक का होगा। जिसमें मकानों का सूचीकरण और एनपीआर की गणना की जायेगी। उसी तरह अगले वर्ष में दूसरा चरण 9 फरवरी 2021 से 28 फरवरी 2021 के बीच में होंगा।जिसमें लोगों की गिनती होंगी। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि यह देश की पहली जनगणना है जो मोबाइल एप के जरिए से सीएमएस पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने अधिकारियों को सम्बोधित करतें हुए कहां जनगणना राष्ट्रीय महत्व का विषय है। सर्विस के दौरान ऐसे बहुत कम मौके मिलते हैं इस तरह कार्य करनें के लिये। हम सब के लिये यह एक मौका हैं देश के विकास में योगदान एवं आगामी योजना के खाका खींचने के लिये।इसलिए आप सभी पूरी लगन और मेहनत से इस जनगणना कार्य को पूरा करें।

फास्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

नारायणपुर। आज के दौर में छोटे से कस्बे से लेकर देश-प्रदेश के छोटे बड़े शहरों में फास्ट फूड का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, क्योंकि लोगों द्वारा इसे खाने में बेहद पसंद किया जा रहा है। छोटे से फास्ट फूड का स्टाल लगाने से कुछ व्यक्ति फूड इंडस्ट्री में अपना व्यवसाय शुरू करके बड़े बिजनेसमेन भी बन गए है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु कौशल विकसित कर उनकी क्षमतानुसार उनको आवश्यक स्वरोजगार एवं व्यवसाय हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) के तहत फास्ट फूड स्टॉल का 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी जो आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण है, वे आवेदन कर सकते है। आवेदन की अन्तिम तिथि 2 मार्च 2020 है।

आयोजन भुरभुसी विद्यालय का वार्षिक सम्मेलन संपन्न, संतोष पांडेय मौजूद रहे

जीवन में सार को ग्रहण करें बाकी चींजे छोड़ दे: पाण्डे

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया ।दिनेश बैस ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । प्रतिवेदन के अनुसार प्राथमिक शाला में 210 माध्यमिक शाला में 200 व हाईस्कूल में 100 छात्र अध्ययनरत है । शिक्षक की संख्या प्राथमिक शाला में 4 ,माध्यमिक में 4 व हाईस्कूल में 2 शिक्षक है ।भुरभुसी विद्यालय में अध्ययन के लिए भवन का अभाव है जिसे पूरा करने की मांग भी विद्यालय के द्वारा रखी गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि भुरभुसी में हर साल बहुत अच्छा कार्यक्रम होता है । अभी थोड़ी देर पहले भी बच्चों ने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया । आप बचव्हो को मंच दे रहे इसलिए आप लोगों को भी बधाई । जीवन मे सार को ग्रहण करें बाकी चींजे छोड़ दे। फसल के नुकसान की केंद्रीय मंत्री को अवगत करा चुका हूं । गंडई से मजगांव के सड़क की मंजूरी हो चुकी है ।मैं भुरभुसी सीसी रोड वार्ड 11 के लिए 3 लाख की घोषणा करता हूँ । गांव के द्वारा वार्षिकोत्सव में सभी का ऐसा ही सहयोग बना रहे । वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी बड़ी संख्या में है जो अच्छी बात है । हमारी सरकार द्वारा महिलाओं को उच्च पद देकर सम्मानित किया है जिसका उदाहरण केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण है । छत्तीसगढ़ में 15 साल रही भाजपा की सरकार ने स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कार्य किया है ।मैंने संसद में सबसे पहले किसानो की बात ही उठायी है ।आप सभी का आभार है। मंच संचालन नारायण बंजारे ने किया ।कार्यक्रम में राकेश ताम्रकार, संजय अग्रवाल, सुरेश साहू, लक्ष्मी साहू, दीना जंघेल, लीला साहू, दूजे वर्मा, श्रवण जंघेल, रवि भावनानी, डोंगरु साहू, छात्र-छात्रा व भुरभुसी के ग्रामीण उपस्थित रहे ।

रामकथा में गोता लगाने से हो जाते है भवसागर पार : मुरलीधर

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबन्द। ग्राम घुटकुनवापारा में चल रहे चार दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन से आस-पास भक्तिमय हो चला है । विश्राम दिवस के मुख्य अतिथि मुरलीधर सिन्हा, अध्यक्ष मार्केटिंग सोसायटी किसान राईस मिल गरियाबन्द, अध्यक्षता सुरेन्द्र सोनटेके उपाध्यक्ष नगरपालिका गरियाबन्द, विशेष अतिथि, डांगेश्वर प्रसाद दुबे, शेषनारायण गजभिये, दयालाल ध्रुव सरपंच हरदी थे । उक्त सम्मेलन में शामिल हुए मुख्य अतिथि मार्केटिंग सोसायटी गरियाबन्द के अध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पवित्र ग्रन्थ रामायण में गोता लगाने से प्रत्येक मनुष्य भवसागर पार हो जाते हैं, हमें मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी के आदर्श को भी अपने जीवन में उतारना चाहिये, हमारे पीढ़ी को अपनी संस्कृति का भी ज्ञान कराना चाहिये, मनुष्य जीवन बार बार नहीं मिलते हैं, इन्हें धर्म, सेवा और पवित्र कार्य में लगानी चाहिये । अध्यक्षता कर रहे नगरपालिका

गरियाबन्द के उपाध्यक्ष ने श्रीराम चरित मानस का नित्य पाठ करने से आई संकट कट जाते हैं, हमारे धर्म का यह अकाट्य एवं प्रमाणिक ग्रन्थ है, विशेष अतिथि डांगेश्वर प्रसाद दुबे ने रामचरित मानस में बताये आदर्श चरित पर अपने व्याख्यान दिए।

दो दिवसीय महिला शक्ति केंद्र बालिका प्रशिक्षण संपन्न

100 बालिकाओ का हुआ प्रशिक्षण, अपनी-पंचायतों में पहुंच करेंगी महिलाओ को जागरूक

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागांव। जिला मुख्यालय कोंडागांव के विकासखण्ड फरसगांव के परियोजना कार्यालय में आयोजित, महिला एवं बाल विकास की योजना महिला शक्ति केंद्र अंतर्गत परिवर्तन वाहक बालिकाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालिकाओं के अधिकार संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं से सम्बंधित प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गयी गई। फरसगांव ब्लाक के ग्राम पंचायतों से 100 बालिकाओ को प्रशिक्षण दिया गया, वह बालिकाए अपनी अपनी पंचायतो में जाकर जागरूक करेंगी। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी इमरान अख्तर ने बताया कि वैसे तो महिला हिंसा व उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए कई अन्य योजनाएं पहले से संचालित हैं, इसी क्रम में सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग की मॉनिटरिंग में महिला शक्ति केंद्र योजना बनाई है, इस योजना के तहत महिला हिंसा से जुड़ी शिकायतों का आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में दिया जा सकता है। साथ ही साथ शिकायत पर त्वरित निस्तारण की कार्रवाई शुरू हो जाएगी, पूरी तरह से प्रशिक्षित स्कूली बालिकाए इस महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सेवक के रूप में काम करेंगी,

जो जगह- जगह बैठक एवं जनसंपर्क कर लोगों को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करेंगी, सीडीपीओ इमरान अख्तर ने कहा कि प्रत्येक पंचायत से 2 बालिकाओ को प्रशिक्षण देना है, अभी दो दिवसीय 26 और 27 फरवरी को प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 बालिकाओ को प्रशिक्षण दिया गया है। आगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के द्वारा किये जा रहे विशेष योगदान की सरहना की और उनुभवी कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया गया ।

बालिका शिक्षा एवं ग्रामवासियों को जागरूक करने, संवैधानिक सुविधाओं का कैसे बेहतर उपयोग

महिला शक्ति केन्द्र परिर्वतन वाहक बालिकाओं का प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधि, अन्य विभाग से अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा विभागीय जानकारी दी गयी, महिलाओं के संबंध में जुर्म जैसे लैंगिक उत्पीडन/घरेलू हिंसा व यौन उत्पीड़न और महिलाओं के सुरक्षा हेतु संवैधानिक रास्तों के बारे में विस्तृत जानकारी दिए, बालिका शिक्षा एवं ग्रामवासियों को जागरूक करने एवं योजनाओं को लाभान्वित करने उनके भूमिका की विस्तृत जानकारी दिए, सखी प्रशासक द्वारा संवैधानिक सुविधाओं का कैसे बेहतर उपयोग करते हुए अपने अधिकारो का संरक्षण करना, सखी केन्द्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किये, 181 हेल्पलाईन नम्बर की जानकारी बताये, स्वास्थ्य भारत प्रेरक, भारत सरकार की एक और महत्वकांक्षी कार्यक्रम पोषण अभियान के जिला प्रतिनिधि ने बालिकाओं एवं महिलाओं को आदिवासी समाज में महिलाओ की भूमिका और सशक्तिकरण के विषय में प्रेरित किया।

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पती को हुई 7 वर्ष की सजा

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। जिले के तोंगपाल में रहने वाले राहुल भदौरिया व स्मृति भदौरिया का विवाह 2014 में हुई थी, 18 सितम्बर 2017 को स्मृति ने चूहे मारने की दवा खा ली थी, उपचार के दौरान स्मृति की मौत हो गई थी। स्मृति के पति राहुल व सास गीता देवी पर दहेज प्रताडऩा के आरोप लगे थे। पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप सिद्ध होने पर आरोपी पति राहुल भदौरिया को 07 साल की सजा अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाई है। मामला दंतेवाड़ा के अपर सत्र न्यायालय में चल रहा था, जहां सारे सबूतों और गवाहों के बयान के बाद मृतका की सास गीता देवी के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं उपलब्ध होने पर अदालत ने दोषमुक्त कर दिया है। इस मामले में मिले साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने पाया कि मृतका के पति ने मृत्यु से पूर्व क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया, जिससे पत्नी ने आत्महत्या कर ली। एडीजे जितेंद्र सिंह की अदालत ने आरोपी राहुल भदौरिया को आईपीसी की धारा 306 के अंतर्गत दोष सिद्ध पाते हुए 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 200 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

धान खरीदी के बाद उपार्जन केंद्रों को सता रहा, सूखती संग किट पतंगों व चूहों का डर

- **धान आवक के समय 16 से 17 प्रतिशत होता है मॉश्चर, उठाव तक 10 से12 प्रतिशत रह जाती है नमी**

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागांव। जिले में अच्छी बारिश व फसल अनुकूल मौशम के चलते धान की बम्पर पैदावार हुई है,जिसके चलते जिले के किसानो से 11 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा कुल 27 हजार 30 किसानों से 2 अरब 2 करोड़ 24 लाख 77 हजार रूपये मूल्य का 1 लाख 10 हजार 357 टन धान खरीदा गया है।

वहीं अब जिले के 44 उपार्जन केंद्र में खरीदी व उठाव के बीच के समय मे धान में कम हुए मॉश्चर(नमी)ने भी अब प्रभारियों की नीद उड़ा दी है।सूत्रों की माने तो धान खरीदी के वक्त धान में 16 से 17 प्रतिशत नमी मापा जाता है ,वही उठाव तक धान में 10 से12 प्रतिशत की नमी रह जाती है।जिसके कारण क्विंटलों मात्रा में धान का वजन कम हो जाता है।जिससे एक-एक उपार्जन केंद्र से 5 से 10 लाख रुपये तक के नुकसान की संभावना से इनकार नही किया जा सकता। वहीं किट पतंगों व चूहों से भी संग्रहण केंद्र के कर्मचारी नुकसान की मार झेल रहे है।

1259 बच्चों को कुपोषण से मिली मुक्ति

मुंगेली। जिले में शासन के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत जिले में 2 अक्टूबर 2019 तक 0 से 3 वर्ष तक के कुल कुपोषण बच्चों की संख्या 7016 तथा 3 से 6 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों की संख्या 3944 थी। इस प्रकार 10960 बच्चे कुपोषित पाये गये थे। वर्तमान में 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों की संख्या 6245 तथा 3 से 6 वर्ष के बच्चों की संख्या 3456 है। इस प्रकार कुल कुपोषित बच्चों की संख्या 9701 है। इनमें से अब तक 1259 बच्चे कुपोषण से मुक्त हो गये है। जिनमें 0 से 3 वर्ष के बच्चों की संख्या 771 तथा 3 से 6 वर्ष के बच्चों की संख्या 488 है। इसी प्रकार जिले में 2018 एनीमिक महिलाओं को स्वैच्छिक दान से हफ्ते में 6 दिन गर्म भोजन तथा डीएमएफसे 20 ग्राम पंचायतों में 6 माह से 6 वर्ष तक के 2416 बच्चों को अण्डा केला हफ्ते में तीन दिन गर्म भोजन के अलावा खिलाया जा रहा है। जिले में 3 से 6 वर्ष के 26090 बच्चे शासन द्वारा प्रदत्त गर्म भोजन से पहले से लाभान्वित हो रहे है।

डांडगांव के अरविंद घोसले जिला स्तरीय उन्नत कृषक के सम्मान से सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेल। जिले के डांडगांव निवासी अरविंद कुमार घोसले को जिला स्तरीय उन्नत कृषक घोषित कर 25 हजार रूपये का चेक व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।घोसले को यह पुरस्कार उद्यानिकी क्षेत्र में प्रशासनीय कार्य के लिए दिया गया है। राष्ट्रीय कृषि विकास एवं किसान कल्याण मेला 23 से 25 फरवरी को रायपुर के पुराना विधानसभा रोड़ स्थित बाराडेरा मंडी में आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 10 हजार किसान सम्मलित हुए, 25 फरवरी को बिलासपुर संभाग के कृषक मेले में शामिल हुए जिसमें पथरिया ब्लाक से 4 किसान शामिल हुए थे जिन्हें दलहन, तिलहन व उद्यानिकी हेतु पुरस्कृत किया गया। जिनमें अरविंद कुमार घोसले को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। जो पेशे से किसान है व पिछले 10 वर्षो से ग्राम पंचायत डांडगांव में पंच रहे अरविंद कुमार घोसले पेशे से किसान है और उद्यानिकी में उनकी रूची ज्यादा है जिसके चलते टमाटर, चुकन्दर, गाजर, गोभी,आलू,के साथ विभिन्न सब्जियों का उत्पादन वे कर रहे है और इसी के चलते उन्हे यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

सुरक्षा सूत्र दिवस का आयोजन किया गया

मुंगेली। जले में संचालित 59 हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में 30 एवं 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मुख कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर, पक्षघात से संबंधित रोगों की निःशुल्क स्क्रीनिंग एवं उपचार सेवायें के साथ गुरूवार को ''सुरक्षा सूत्र दिवस'' आयोजित किया गया। जिसमें 2439 मरीजों को रक्षासूत्र बांधकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य रक्षा हेतु शपथ लेते हुए निःशुल्क स्क्रीनिंग एवं उपचार किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित गैर संचारी रोग प्रकोष्ठ जिला-मुंगेली (एन.सी.डी) अंतर्गत ''गैर संचारी रोग निदान एवं उपचार पखवाड़ा'' 15 फरवरी से 29 फरवरी 2020 तक मनाया जा रहा है।

मैराथन दौड़ का आयोजन आज

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगर में सेहत और पर्यावरण के लिए जिला स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। जिसके लिये सारी तैयारीयॉ पूरी कर ली गयी है इस मैराथन दौड को लेकर नगर , जिला, एवं राज्य स्तरीय सहीत अतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी उत्साहीत है और अधिक से अधिक संख्या में भाग ले रहे है , अब तक लगभग 900 आवेदन पत्र जमा किये जा चुके है इस मैराथन दौड का प्रमुख आर्कषक केन्या से भाग लेने वाले प्रतिभागी सीमीवान कीपलागट और जैकलीन जैपटानूवी है। जिले में भुरे के मार्गदर्शन मे जिले में सेहत और पर्यावरण के लिए 29 फरवरी को मैराथन (रन फार मुंगेली) का आयोजन किया जाएगा । मैराथन सुबह 7 बजे स्थानी रेस्ट हाउस से प्रारंभ होगा । मैराथन मे शामिल होने के लिए निःशुल्क पंजीयन का कार्य प्रारंभ हो गया है। पंजीयन का कार्य 29 फरवरी की सुबह 6.30 बजे तक किया जाएगा । आवेदन पत्र जिले कि वेबसाइड एचटीटीपी डाट जी ओ वी डाट इन से भी डाउनलोड किया जा सकते है। उन्होने मैराथन में सभी अधिकारियों की भागीदारी सुनिचित करने के निर्देश दिए। 10 किलोमीटर मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को दस हजार, द्वितीय स्थान आने वाले को सात हजार, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को तीन हजार रूपयें कि नगद राशि और पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

शिविर में 274 दिव्यांगों की जांच

मुंगेली। जिले में 27 फरवरी को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके भुआर्य, उप संचालक समाज कल्याण शारदा जायसवाल की उपस्थिति में जिले के ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण शिविर जिला चिकित्सालय में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु अन्य जिले से चिकित्सा विशेषज्ञो को आमंत्रित किये गये थे। शिविर में अस्थि रोग-147, नेत्र रोग-43, नाक, कान एवं गला रोग-46, मनोरोग-38 कुल-274 दिव्यांगों का जांच किया गया। दिव्यांगजनो हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं नवीनीकरण शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ-डॉ. विरेन्द्र कुमार झा, डॉ. अरविन्द साहू, डॉ. विजय कुमार मिश्रा, डॉ. भगवान सिंह पैकरा, डॉ. अजय पाठक, नेत्र रोग विशेषज्ञ-डॉ. श्रीमती शुभा गरेवाल, डॉ. श्रीमती पद्मजा दुबे एवं डॉ. देवेश खाण्डे, डॉ. अनुसुईया दत्त, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ-डॉ. एम.के. राय, मनोरोग विशेषज्ञ-डॉ. सतीष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. भास्कर कुमार बनर्जी एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय ओबेराय, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट- नीरज शुक्ला ने अपनी सेवायें दी। शिविर में जिले के ग्रामीण क्षेत्र से आयें दिव्यांगजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कलेक्टर ने विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया

मुंगेली। भुरे ने आज 27 फरवरी 2020 को विकास खण्ड लोरमी के विभिन्न आंगनबाडी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान लोरमी स्थित वार्ड क्रमांक 12 के आंगनबाडी में 4 बच्चें मौजूद थें । उन्होने कार्यकर्ता और सहायिका से बच्चों को दी जाने वाली पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी ली तथा कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं से बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उसी प्रकार ऑगनबाडी केन्द्र रानीगॉव में 8 बच्चे उपस्थित मिले तथा वार्ड क्रमांक 3 स्थित ऑगनबाडी केन्द्र में 15 बच्चे उपस्थित मिले । सुपोषण अभियान के अतर्गत झझपुरी कला आंगनबाड़ी केन्द्र में एनिमिक महिलाओं के भोजन के संबंध में कार्यकर्ता से जानकारी ली। कार्यकर्ता ने बताया कि 5 एनिमिक महिलायें खाकर जा चुके थे। एक महिला भोजन कर रही थी। विकासखण्ड लोरमी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुल बच्चों की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी से प्राप्त की ।

- **केन्द्रों में बच्चों के उपस्थिति कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की ग्रामवासी**

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी के'न्द्र कारीडोंगरी का निरीक्षण किया वहां पर 22 बच्चे उपस्थित थें। कलेक्टर ने बच्चों से नाम पूछा तथा भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होने कारीडोगरी में ग्रामवासियों से विस्थापित जमीन के संबध मे जानकारी ली। कारीडोंगरी स्थित वन विभाग के बेरियर तथा भवन निर्माण के संबंध में वनमण्डलाधिकारी से जानकारी ली।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अंग्रेजी का ऐसा विरोध...

जिला शिक्षा अधिकारी से जब बातों से विद्यार्थी संतुष्ट नहीं हुए तो वे ज्ञापन देने कलेक्टर कार्यालय के लिए निकल पड़े, जिन्हें भोजली तलाब के पास लगाए गए पहले बैरिकेड पर ही पुलिस ने रोक दिया। फिर छात्र छात्राओं ने कवर्धा तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप अपनी मांगों को रखा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार बीते दिनों स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कवर्धा शहर के किसी भी एक हायर सेकेंडरी स्कूल को अंग्रेजी मीडियम का किए जाने की बात रखी थी। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल का चयन अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा के लिए किया गया। ये वही स्कूल है, जहां से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर विद्यार्थियों को सभी विषयों के साथ ही अंग्रेजी में निपुण करने के उद्देश्य से नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल का चयन भले किया गया हो, लेकिन विद्यार्थियों को रास नहीं आ रहा। बता दें कि वर्तमान में स्कूल में 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं लग रही हैं। अंग्रेजी माध्यम का हो जाने के बाद यहां 1 से 12वीं तक की कक्षाएं अंग्रेजी माध्यम की ही लगेंगी।

आईटी ने कार्रवाई का...

भिलाई, बस्तर में भी अफसर, नेता, ठेकेदार और आला नौकरशाह के घर, दफ्तर को शामिल कर लिया है। एक साथ छत्तीसगढ़ में दिल्ली से कंट्रोल हो रही इंकम टैक्स रेड की कार्रवाई के बाद यहां सियासी पारा चढ़ने लगा है।

इतनी तत्परता दिन में दिखाए तो जाम ही न लगे : पांडे - कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मंत्री के बयान के बाद भाजपा की राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने भी ट्वीट किया है। उन्हों ने ट्वीट में कहा है पुलिस इतनी तत्परता दिन में दिखाए तो शहरों में कभी न लगे जाम। उन्हों ने जिला पुलिस बल व्दारा केंद्रीय जांच टीम की गाड़ियों पर एक साथ जब्ती कार्रवाई फिर विरोध के बाद चालान जुर्माना रोपित करने पर की है।

आयकर टीम की गाड़ियों...

वे चालान भरने के लिए तैयार है, लेकिन उनसे चालान नहीं लिया जा रहा है।

रायपुर पुलिस ने ये दी दलील - वहीं रायपुर यातायात पुलिस का कहना था कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के 1 मार्च को होने जा रहे दौरे के चलते सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम के मद्देनजर चेकिंग जारी थी। वाहन चालकों को दस्तावेज पूछे जाने पर वे दस्तावेज नहीं दिखा सके जिसके कारण गाड़ियों को लॉक लगाया गया था।

कार्रवाई को कांग्रेस ने...

सरकार संघीय ढांचे में प्रहार करते हुए इस तरह की कार्रवाई को अंजाम दे रही है।

छात्रावास में आदिवासी...

पातररास छात्रावास में 11वीं कक्षा की आदिवासी छात्रा का मामला बहस और सवाल-जवाब के बीच तीखी नोंकझोंक में तब्दील हो गया। विभागीय मंत्री से भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा ने ऐसे तीखे और विस्तृत सवाल किये कि मंत्री टेकाम के जवाब से वे संतुष्ट नहीं हो सके। एक आदिवासी छात्रा के गर्भवती होने, गुपचुप उसका प्रसव हॉस्टल के बाथरूम में करवाने और पूरे मामले में दोषियों पर कार्रवाई व जांच की बजाए सिर्फ हॉस्टल अधीक्षिका के निलंबन से विपक्ष ने नाराजगी जताई। जवाब नहीं मिलने पर सदस्य अजय चंद्राकर झुंझलाकर विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी से मुखातिब होकर बोले अगर आप इतने संवेदनशील जवाब से जरा भी संतुष्ट हैं तो मैं कुछ नहीं कहूंगा। फिर अजय चंद्राकर कुछ बोलते तभी सत्तापक्ष के चंद विधायकों ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के वक्त हुए झलियामारी कांड का मुद्दा उठाने से बिफरे पूर्व मंत्री ने कहा कि धिक्कार है ऐसे मंत्री और ऐसी सरकार पर जो आदिवासी मासूम बच्ची से बलात्कार हुआ और दोषियों पर कार्रवाई तो दूर उसकी जांच के बिंदु भी नहीं बता पा रहे हैं...धिक्कार है ऐसे मंत्री पर। बस फिर क्या था धिक्कार शब्द सुनकर सदन में बैठे कांग्रेसी विधायक नाराज हो हंगामा करने लगे। उसपर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक व भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा इतने संवेदनशील मामले में मंत्री का ऐसा जवाब आया है जिसे हम सराहनीय तो कतई नहीं बोलेंगे इसके लिए धिक्कार शब्द ही उचित है।

कलेक्टर से बोले सरपंच...

के बुरगुम ग्राम पंचायत में विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई थी। इसमें सर्वसम्मति से पुलिस विभाग को कैम्प स्थापित करने के लिए बड़े झाड़ के जंगल खसरा नम्बर 115 से6.25 हेक्टेयर भूमि देने का निर्णय लिया गया था।

ये लिखा है सरपंच के कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में : बुरगुम सरपंच हरीम मरकाम ने दन्तेवाड़ा कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में लिखा है- 'मुझे ग्रामसभा की जानकारी दो दिन पहले ही प्रशासन ने दी थी पर ग्रामीणों को मैंने इस ग्रामसभा के बारे में कुछ भी नहीं बताया। मेरी इस गलती की वजह से मैं बुरगुम पंचायत के ग्रामीणों का गुस्सा झेल रहा हूं। उक्त ग्रामसभा के 10 पारा में से महज 1 ही पारा पुजारीपाल के ग्रामीणों को घेराबंदी करके जबरन बुलाया गया था। लोगों का जबरन अंगूठा लगवाने के बाद बताया गया कि यह ग्रामसभा सीआरपीएफकैंप के लिये है। इन सब बातों से पंचायत के ग्रामीणों का गुस्सा मेर ऊपर फूट रहा है और ग्रामीणों ने मुझसे मारपीट भी कर दी। मेरी जान को खतरा बढ़ गया है। इसलिए इस ग्रामसभा व इसमें लिए गए निर्णय को निरस्त कर दिया जाए।' ज्ञापन में सरपंच ने अपने चार बच्चों का भी हवाला दिया है।

जमीन का दावा करने वाले ने भी सौंपा आवेदन

कलेक्टर को दूसरा आवेदन नंदे मंडावी नाम में शख्स द्वारा सौंपा गया। इसमें लिखा है- ग्रामसभा में दी गई भूमि मेरी है और इस भूमि का न्यायालय में प्रकरण पहले से दर्ज है। इस ग्रामसभा को सफल करने के लिए पुलिस वाले मुझे जबरन घर से उठाकर ले गए हस्ताक्षर करवा लिया। नंदे ने आवेदन में उन्हें जबरन घर से उठाकर ले जाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की भी मांग की है।

प्रशासन ने मीडिया में जारी किए थे फोटो, वीडियो व दस्तावेज

इस सब मामले की खास बात यह है कि 25 फरवरी को हुई ग्रामसभा की तस्वीर, वीडियो और ग्रामसभा में लिए गए निर्णय संबंधी समस्त दस्तावेज प्रशासन ने मीडिया में जारी किये थे। फोटो व वीडियो में सभी ग्रामीण सरपंच सहित नजर आ रहे हैं, लेकिन अब दो दिन बाद ही सरपंच सहित सभी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण पुलिस दबाव में जबरन ग्रामसभा करवाने की बात कह रहे है। कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत सदस्य पायके मरकाम, समेली, नीलवाया सरपंच, बुरगुम गांव के जोगा, समाजिक कार्यकर्ता सोनी सोरी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

कोरोना से....

कोरोना वायरस का संक्रमण दुनिया के 55 देशों में फैलने और इसके संक्रमित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। खास बात यह है कि अब चीन में जहाँ इसके नये मामलों में कमी आ रही है वहीं, यूरोपीय और अरब देशों में इसका संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है।

छह विपक्षी दलों ने...

(लोजप) के शरद यादव ने उन्हें पत्र लिखकर यह मांग की। पत्र में इन नेताओं ने कोविंद से कहा कि वे राजधानी में हिंसा की घटनाओं से काफी व्यथित हैं जिसमें 43 लोग मारे गए। इसलिए आपसे मिलकर हम लोग कुछ बातें कहना चाहते थे और आप से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करना चाहते थे लेकिन हमें बताया गया कि आप 28 फरवरी से दो मार्च के बीच हम लोगों से मिलने वास्ते उपलब्ध नहीं हैं तो हम लोग इस पत्र के जरिये आपसे कुछ बातें कहना चाहेंगे।

ये लिखा पत्र में : दिल्ली में पिछले दिनों जो घटनाएं घटी वो बहुत ही शर्मनाक है और इस घटनाओं में 42 लोग मारे गये और 200 घायल हो गए। लोगों के घर एवम दुकानें जलाई गई। इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं और आपसे मांग करते है कि जिन लोगों ने भड़काऊ भाषण दिए उनके खिलाफप्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। दंगे से प्रभावितों के लिए राहत शिविर स्थापित किये जायें और उप राज्यपाल को निर्देश दिया जाए कि स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य बनाया जाए।

बाइक व एक्टिवा चोरी का आरोपी जेल दाखिल

कोरबा। दर्री पुलिस ने बाइक व एक्टिवा की चोरी करने वाले एक आरोपित को पकड़कर जेल दाखिल कर दिया है। दोपहिया वाहन चोरी के प्रकरणों में रोकथाम के लिए एसपी ने अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है। पुलिस ने रामसागरपारा निवासी चंदन कुमार पिता स्वर्गीय श्यामलाल गोंड़ 29 वर्ष से बाइक व एक्टिवा वाहन जब्त किया है। रानी रोड निवासी मुकेश बाधवानी पिता नंदलाल 40 वर्ष ने एक्टिवा वाहन चोरी की रिपोर्ट सिटी कोतवाली थाने दर्ज कराई थी। पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपित की तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस ने मार्ग में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस रामसागरपारा निवासी चंदन गोंड को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने चोरी का अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने युवक से एक्टिवा व बाइक बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

फा.क्र./844/विद्युत/2020 कोरबा, दिनांक 22.02.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग, छ.रा.वि.मंडल एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत/ लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के पार्ट ए हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (विद्युत) रायपुर द्वारा दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान प्रतिशत दरों पर एवं पार्ट बी हेतु आयटम दर पर मैन्युअल निविदा फार्म ए वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि	निविदा खुलने की तिथि
1.	कोरबा ओवर ब्रिज में प्रकाश व्यवस्था कार्य। (निगम मद)	10,79,632/-	26.03.2020

उपरोक्त कार्यों की निविदा फार्म ए वेबसाइड से डाउनलोड किया जाकर निर्धारित प्रपत्र का शुल्क डी.डी. के माध्यम से जमा किया जावे एवं सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

जुबैदा के सीक्वल में काम करेंगी करिश्मा-करीना!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर और करीना कपूर जुबैदा के सीक्वल में काम करती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2001 में प्रदर्शित श्याम बेनेगल के निर्देशन में बनी फिल्म जुबैदा की स्क्रप्टि खालिद मोहम्मद ने लिखी थी। इसमें करिश्मा कपूर, रेखा, मनोज वाजपेयी लीड रोल में थे।

फिल्म में करिश्मा ने जुबैदा बेगम का रोल निभाया था। इस फिल्म के राइटर खालिद मोहम्मद फिल्म जुबैदा के सीक्वल की प्लानिंग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि करिश्मा और करीना फिल्म जुबैदा के सीक्वल, रुतबा में नजर आएंगी। खालिद ने जुबैदा के सीक्वल रुतबा का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि जुबैदा का सीक्वल अभी बनने की प्रक्रिया में है। इसके साथ वह एक उपन्यास 'इम्परफेक्ट प्रिंस' भी लिख रहे हैं जो कि जुबैदा के सीक्वल का इंट्रोडक्शन होगा।

खालिद ने कहा, ÷करीना और करिश्मा को रुतबा में देखना मेरी कल्पना होगी। इस कहानी के निर्देशन के लिए मैं एक ऐसा डायरेक्टर चाहूंगा जिससे मेरी भावनाएं मिलती जुलती हो। फिल्म जुबैदा के डायरेक्टर श्याम बेनेगल की तारीफ करते हुए खालिद ने कहा, संस्कृति और परिवेश को समझने वाले कम ही लोग बचे हैं जो श्याम बेनेगल जैसे हों। उन्होंने कहा कि यदि करीना और करिश्मा इस फिल्म को करने के लिए मान गईं तो यह फिल्म जरूर चलेगी।

प्रिंयका चोपड़ा के बाद अब रितिक रोशन चले हॉलिवुड

बॉलिवुड ऐक्टर रितिक रोशन को उनके लुक्स की वजह से हिंदी फिल्म ों का 'ग्रीक गॉड' भी कहा जाता है। बी-टाउन में अपना जलवा कायम करने के बाद अब वह हॉलिवुड की तरफरुख कर रहे हैं। बॉलिवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के बाद अब रितिक रोशन हॉलिवुड में अपना टैलंट दिखाने जा रहे हैं। डेडलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, रितिक को हॉलिवुड टैलंट एजेंसी The Gersh Agency वेस्ट में पैर जमाने में मदद करेगी। डेब्यू फिल्म ने बना दिया था सुपरस्टारवैसे जब रितिक ने 2000 में फिल्म 'कहो न प्यार है' से डेब्यू किया था तो वह रातोरात सुपरस्टार बन गए थे। इतना ही नहीं उनके लुक्स को देखकर कई लोगों का कहना था कि वह हॉलिवुड में ट्राई कर सकते हैं। अब फाइनली यह बात सच होती दिखाई दे रही है।

Gersh Agency हॉलिवुड की सबसे पुरानी टैलंट फर्म्स में से एक है। अब यह देखना इंट्रेस्टिंग होगा कि हॉलिवुड रितिक के स्वैग और उनके ऐक्टिंग टैलंट को किस तरह से पेश करता है।

यह बोलीं रितिक की मैनेजर: रितिक के हॉलिवुड जाने की बात पर उनकी मैनेजर अमृता सेन बताती हैं, रितिक हमेशा लिमिट्स को तोड़ने वाले रहे हैं। 20 साल से वह इंडियन सिनेमा में नए जॉनर्स, नए नरेटिव कॉन्सेप्ट्स और बेहतरीन स्टोरीटेलिंग देने में मदद करते रहे हैं।

अनाउंस होते ही 'सुपरहिट' घोषित हो गई अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'कैथी'

अजय देवगन की फिल्म 'तान्हाजी' अभी लोगों के दिलों पर छाई हुई है, इसी बीच अजय देवगन ने अपनी एक और फिल्म अनाउंस करके अपने फैंस को खुश कर दिया है। सोशल मीडिया पर उनके फैंस ने इसे हिट घोषित कर दिया है। अजय देवगन इस वक्त अपनी फिल्म 'तान्हाजी' की सक्सेस को एंजॉय कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक और फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने तमिल फिल्म 'कैथी' के रीमेक में काम करने पर कन्फर्मेशन दिया है।

आशिकी-3 का हिस्सा बनकर खुशी होगी: आदित्य रॉय कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर का कहना है कि उन्हें फिल्म आशिकी 3 का हिस्सा बनकर खुशी होगी। आदित्य रॉय कपूर ने मोहित सूरी के आशिकी 2 और हाल ही में प्रदर्शित फिल्म मलंग में काम किया है। चर्चा है कि मोहित सूरी आशिकी 3 बनाने जा रहे हैं। आदित्य ने मोहित संग एक फोटो शेयर की है जिसके बाद से चर्चा हो रही है कि आदित्य ,आशिकी 3 में काम करने जा रहे हैं। आशिकी 2 में आदित?य को कास्ट करने से जुड़े सवाल पर मोहित ने आदित्य को परफेक्ट च्वॉइस बताया था। मलंग के प्रमोशन के दौरान मोहित सूरी ने कहा था, मैं कभी भी एक्टर को कमर्शियल क्षमता देखकर कास्ट नहीं करता।

स्त्री रोग विशेषज्ञ का किरदार निभायेंगे आयुष्मान खुराना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी आने वाली फिल्म में स्त्री रोग विशेषज्ञ का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। आयुष्मान खुराना पिछले कुछ समय से लगातार हिट्स दे रहे हैं। आयुष्मान खुराना की फिल्म शुभ मंगल ज्यादा सावधान हाल ही में प्रदर्शित हुई है। उनका अगला प्रोजेक्ट जंगली पिक्चर के साथ होगा। कहा जा रहा है कि आयुष्मान अपनी अगली फिल्म में स्त्री रोग विशेषज्ञ के रोल में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी सोशल कॉमेडी होगी, जिसका नाम स्त्री रोग विभाग होगा। आयुष्मान के साथ फिल्म में अलाया फर्नीचरवाला नजर आएंगी। पूजा बेदी की बेटी अलाया ने हाल ही में फिल्म जवानी जानेमन से अपने करियर की शुरुआत की है।

न्यूजीलैंड की शॉर्ट पिच रणनीति के सामने फिर होगी भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा

क्राइस्टचर्च में भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच शनिवार से होगा

- **वेलिंग्टन में सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाए थे, टीम को 10 विकेट से मिली हार**

क्राइस्टचर्च। भारत की बल्लेबाजी लाइन अप को न्यूजीलैंड के खिलाफशनिवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में फिर से कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। कीवी तेज गेंदबाज शॉर्ट पिच गेंदों के अपने मारक अस्त्र का खुलेआम इस्तेमाल करने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं।

वेलिंग्टन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और टीम को 10 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

शास्त्री बोले, झटका मिलना सही: विपरीत परिस्थितियों में सम्मान को ठेस पहुंचने और तकनीकी खामियों के खुलकर सामने आने के बाद भारतीय बल्लेबाजी को इस प्रदर्शन ने हिलाकर रख दिया और कोच रवि शास्त्री भी इससे सहमत हैं। शास्त्री ने दूसरे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'इस तरह का झटका मिलना भी सही है क्योंकि इससे आपका दिमाग खुल जाता है। जब आप हमेशा खुले रास्ते पर चल रहे होते हैं और हार का स्वाद नहीं चखते तो इससे आप का दिमाग कुंद पड़ सकता है।'

बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा: हेगले ओवल की घसियाली पिच पर शनिवार को विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और अंजिक्य रहाणे जैसे बल्लेबाजों को और कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

प्लेइंग-XI में बदलाव संभव

भारत के लिए अच्छी खबर यह है कि पृथ्वी साव ने नेट्स पर अभ्यास किया तथा कोच की निगरानी में उन्होंने लंबे समय तक बल्लेबाजी की। इस बीच कप्तान कोहली ने भी उन्हें कुछ टिप्स दिए। भारतीय टीम चाहेगी कि रहाणे, हनुमा विहारी और चेतेश्वर पुजारा में से कोई सकारात्मक अंदाज में बल्लेबाजी करे। इनकी रक्षात्मक बल्लेबाजी से कोहली पर दबाव पड़ता है। प्लेइंग-XI में ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन की जगह रविंद्र जडेजा को शामिल किया जा सकता है।

कोच शास्त्री ने की पुष्टि, पृथ्वी फिट और क्राइस्टचर्च में खेलने को तैयार

क्राइस्टचर्च। भारत के युवा ओपनर पृथ्वी साव फिट हैं और वह क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में टीम का हिस्सा होंगे, हेड कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की। शास्त्री ने कहा कि पृथ्वी पैर की चोट से उबर चुके हैं।

पृथ्वी बाएं पैर में सूजन के कारण गुरुवार को ट्रेनिंग सेशन में नहीं उतरे थे जिसके बाद टीम मैनेजमेंट की चिंता बढ़ गई थी। हालांकि अब खुशखबरी है कि शुक्रवार को पृथ्वी साव नेट्स में अभ्यास करते दिखे।

टीम के हेड कोच रवि शास्त्री भी उन पर नजर रख रहे थे। कैप्टन विराट कोहली ने उन्हें कुछ टिप्स भी दिए। शास्त्री ने इस ओपनर की फिटनेस पर तमाम आशंकाओं को दूर करते हुए कहा, 'पृथ्वी तैयार हैं।' सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में पृथ्वी कुछ खास नहीं कर सके थे। वह पहली पारी में टिम साउदी का शिकार बने और 16 रन बनाकर पविलियन लौटे। दूसरी पारी में वह ट्रेंट बोल्ट की छोटी गेंद पर 14 के निजी स्कोर पर आउट हुए।

कोच ने दिए संकेत, रविचंद्रन अश्विन की जगह रविंद्र जडेजा को मिल सकता है मौका

क्राइस्टचर्च। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच शनिवार से खेला जाएगा। टीम इंडिया की प्लेइंग-XI में एक बदलाव किया जा सकता है जिसके संकेत खुद हेड कोच रवि शास्त्री ने एक दिन पहले दिए। भारतीय टीम को सीरीज के पहले टेस्ट मैच में 10 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। ऐसे में मेहमान टीम की कोशिश क्राइस्टचर्च में दूसरा टेस्ट मैच जीतकर सीरीज 1-1 से बराबरी करने की होगी। दूसरे टेस्ट में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा में से किसे मौका मिलेगा, इस पर सवाल है लेकिन कोच रवि शास्त्री ने सौराष्ट्र के ऑलराउंडर को टीम में रखने के पर्याप्त संकेत दिए। हालांकि उन्होंने कहा कि इस पर फैसला कल यानी शनिवार को मैच से पहले ही किया जाएगा। अश्विन ने पिछले टेस्ट मैच में 99 रन देकर 3 विकेट लिए थे और 4 रन बनाए थे। कोच शास्त्री ने कहा, 'आप परिस्थितियों को देखते हो और यह भी पता करते हो कि गेंद कितनी स्पिन लेगी। अश्विन विश्वस्तरीय गेंदबाज है लेकिन मुझे लगता है कि वह अपनी बल्लेबाजी से निराश होंगे।' वहीं, पेसर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी का पहले मैच में खराब प्रदर्शन भी चिंता का विषय है। उनकी लेंथ सही नहीं थी और वे पुछल्ले बल्लेबाजों को जल्दी समेटने में नाकाम रहे थे।

इशांत शर्मा के टखने में दर्द, दूसरे टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध

क्राइस्टचर्च। भारत की न्यूजीलैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट मैच से पहले चिंताएं बढ़ गई हैं क्योंकि तेज गेंदबाज इशांत शर्मा दायें टखने में चोट के कारण शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग नहीं ले पाए। इससे उनका मैच में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। इशांत अभ्यास के लिए आए थे लेकिन वह असहज महसूस करने लगे जिसके बाद उन्हें दायें टखने का स्कैन कराने के लिए ले जाया गया। अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है। अगर इशांत अनफिट होते हैं तो फिर उमेश यादव या नवदीप सैनी में से किसी एक को उनकी जगह पर अंतिम एकादश में रखा जाएगा। उमेश की संभावना अधिक है क्योंकि उन्हें 45 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है। पहले टेस्ट मैच में इशांत ने भारतीय गेंदबाजों में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया था। वह वड़ोदरा के खिलाफरणजी मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और टखने की इस चोट से उबरने के बाद ही वह टीम से जुड़े थे।

ओलिंपिक से पहले सहीं रास्ते पर हैं हम: गुरजीत सिंह

बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य और ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर ने कहा है कि टीम में काफी सुधार हुआ है और ओलिंपिक से पहले टीम सही समय पर शीर्ष की तरफ बढ़ रही है। गुरजीत ने कहा, 'हमारे टूर और मैच इस तरह से प्लान किए जा रहे हैं कि हम सही समय पर शीर्ष की तरफबढ़ रहे हैं और हमारे प्रदर्शन में अच्छा सुधार हो रहा है।'

उन्होंने कहा, 'हमने जिस तरह से न्यूजीलैंड में प्रदर्शन किया, उससे हम अपने प्रदर्शन में सुधार महसूस कर सकते हैं। खासकर 2018 के प्रदर्शन की तुलना में जब हमने न्यूजीलैंड का दौरा किया था। तब गोल का अंतर काफी होता था लेकिन इस बार एक पर आ गया था।'

इस ड्रैगफ्लिकर ने कहा, 'कोचिंग स्टाफ ने हमारे लिए जो पैमाने तय किए हैं, हम उन्हें हासिल करने की कोशिश में लगे हैं। मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं।' टीम इस समय मुख्य कोच शोर्ड मारिन के मार्गदर्शन में बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास कर रही है।

हरमनप्रीत कौर बोलीं, श्रीलंका से मैच के बाद टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल पर ध्यान देंगे

मेलबर्न। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप के अंतिम लीग मैच में श्रीलंका को गंभीरता से लेगी और उसके बाद ही सेमीफाइनल पर ध्यान देगी। भारत लगातार तीन जीत दर्ज करके पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है। हरमनप्रीत ने कहा, 'मैं जानती हूं कि हमने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है लेकिन तब भी अगला मैच हमारे लिए अहम है। हम श्रीलंका को गंभीरता से लेंगे।' उन्होंने कहा, 'श्रीलंकाई टीम की खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं जानती हूं कि उन्होंने एक भी मैच नहीं जीता है लेकिन दोनों मैचों में वे जीत की स्थिति में थे। हम सेमीफाइनल के बारे में सोचने से पहले इस मैच को गंभीरता से लेंगे।' शनिवार को श्रीलंका पर जीत से भारत का ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पक्का हो जाएगा। श्रीलंका की शशिकला श्रीवर्धना ने कहा कि उनकी टीम ने अब तक जुझारूपन दिखाया हालांकि उन्हें जीत नहीं मिली। शशिकला टूर्नामेंट के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने अगले दो मैचों में जीत दर्ज करना चाहते हैं। हमने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छा खेल दिखाया लेकिन इसे जीत में नहीं बदल पाए। भारत के खिलाफ भी हमें पिछले मैचों के अच्छे प्रदर्शन को दोहराना होगा लेकिन साथ ही गलतियों से भी पार पाना होगा, खासतौर से फील्डिंग में।'

बॉक्सिंग क्लब खिलाड़ी अंकित राय का छत्तीसगढ़ राज्य से चयन

भिलाई। भवानीपूर कोलकाता में तीसरी ऑल इंडिया आमंत्रण मुक्केबाजी प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला का आयोजन 29 फरवरी से 03 मार्च तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज अंकित राय का चयन सीनियर मुक्केबाजी में 69 किलो वर्ग में हुआ है। इस चयन पर बॉक्सिंग कोच एवं नेशनल रेफरी कुलदीप सोनकर, बृजमोहन सिंह, वशिष्ठ नारायण मिश्रा, आर.राजेन्द्रन, शिव प्रसाद कापसे, वीरेन्द्र यादव, जी.पी.तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

चीन के दिग्गज तैराक सुन यांग पर खेल पंचाट ने लगाया 8 साल का बैन

नई दिल्ली। चीन के कई बार के ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियन तैराक सुन यांग को खेल पंचाट (कैस) ने डोपिंग को स्वीकार करने के लिए 8 साल के लिए बैन कर दिया गया है। स्विमिंग की गवर्निंग बॉडी फिना फिना ने उनपर डोपिंग के आरोपों को हटाया था।

चार वर्षों से बिना दीवार के रह रहे दुकानदारों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

■ **नगर में कांग्रेस के सत्ता में आते ही विकास कार्यों में आई जबरदस्त तेजी**

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। नगरपालिका पूर्ववर्ती भाजपा के शासनकाल मे 4 वर्षो से नारकीय त्रासदी झेल रहे बरसात,आंधी,तुफनो भीषण गर्मी की मार झेल रहे दुकानदारों की परेशानी को अब कांग्रेस ने सत्ता पर आते ही समाधान करना शुरू कर दिया है।

दरअसल नागपलिका बस स्टैंड में आधा दर्जन दुकानदारों को 4 वर्ष पूर्व दुकानों के पीछे की दीवार घटिया निमाण की भेंट चढ़ कर गिर गयी थी। जिसके बाद कई बार दुकानदारों ने जनप्रतिनिधियों एवं नगरपालिका अधिकारियों को इससे समय समय पर अवगत कराया परंतु सत्ता के नशे में चूर जनप्रतिनिधियों को इनकी तकलीफ कभी नजर ही नही आई। 4 सालो से तकलीफ झेलते हुए इन दुकानदारों की मुस्कान मानो कहीं खो गयी हो। अब नगरपालिका में कांग्रेस के काबिज होते ही नगर के विकास कार्यों में तूफान सी तेजी देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में अब इन दुकानदारों की परेशानी को अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव एवं कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों ने हल करना शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है। पहली नए सिरे से नाली का निर्माण किया जा रहा है। निस्के बाद जल्द ही इनके पीछे की दीवार नए सिरे से बनाई जा रही है। कार्य की शुरुआत से रह रहे दुकानदारों के चेहरे में खोई हुई मुस्कान वापस आ गयी है।

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव के मुताबिक नगर में 15 वर्षो में जो विकास कार्य किये जाने थे वो नही हुए नगर में समस्याओ का अंबार है। सभी कांग्रेसी जनप्रतिनिधि मिलकर नगर की समस्याओं को समाप्त करने में दिन रात लगे हुए है। जनता का भी भरपूर साथ मिल रहा है। जल्द हो बचेली की प्रमुख समस्याओ का समाधान किया जाएगा।

ऑनलाइन ठगी का मामला प्रकाश में आया

दुकानदार की सूझ बूझ से ठग नहीं हो सका कामयाब

■ **खाने का 5000 रुपयो का ऑर्डर निकला फर्जी खाते से गायब होने वाले थे पैसे**

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। आज के इंटरनेट युग मे जहां रोजाना लोगो के साथ अलग अलग तरीको से ऑनलाइन ठगी के मामले सामने आते है। वही बचेली में एक अनोखे तरह का मामला प्रकाश में आया है। इस बार दुकानदार को इसका शिकार बनाया गया। दर असल नगर के प्रतिष्ठित तड़का रेस्टोरेंट के मालिक विधान मंडल को सुबह फोन आया जिसमे सामने वाले ने अपना नाम विकास पटेल बताया साथ ही अपने आप को बचेली के किसी बटालियन का ऑफिसर बताया। उसने कहा कि आपका मेन्यू मुझे इस नंबर पर वाट्सअप कीजिये मुझे जवानों के लिए आपको फूड आर्डर करना है। अपने आप को सेना का अफसर बताने वाले विकास पटेल की वाट्सअप प्रोफाइल। विधान मंडल ने अपने रेस्टोरेंट का मेन्यू सेंड कर दिया। जिसके बाद उस व्यक्ति ने लगभग 5000 रुपये के ऑर्डर रेस्टोरेंट के मालिक को दिए। एवं ऑर्डर पूरा होने के बाद बिल वाट्सअप करने कहा दुकानदार ने 5000 रुपयो के ऑर्डर का खाना तैयार भी कर लिया। जिसके बाद उसने बिल भी वाट्सअप कर दिया। अब उस ग्राहक ने दुकानदार को अपने अकाउंट नंबर को भेजने को कहा कि आपको ऑनलाइन पेमेंट करना है। संचालक ने अपना पासबुक का फ़ोटो भी भेज दिया अभी तक संचालक को ग्राहक के ऊपर किसी प्रकार की शंका नही हुई। थोड़ी देर बाद ग्राहक ने कहा कि आपके एटीएम का फोटो भेजिए एकाउंट से पैसे नही जा रहे है।दुकानदार ने हड़बड़ी में वो भी भेज दिया अब अचानक ही कहानी में एक नया मोड़ आया ग्राहक ने कार्ड का तीन अंक का सिवाईसी नंबर मांगा एवं एक ओटीपी भी दुकानदार के मोबाइल में आया जिसके बाद दुकानदार को शक हुआ। दुकानदार ने उसे नंबर देने से मना कर दिया। तो

ग्राहक भड़क गया कि आपको विश्वाश नही है तरह तरह की बाते बनाने लग गया। एवं ऑर्डर केंसल करने की धमकी दे डाली तभी दुकानदार के दोस्त रंजन ने उस ग्राहक से बात की तो उसने अपने फोर्स के आईडी कार्ड वाट्सअप किये परंतु दोस्त ने समझदारी दिखाते हुए कहा कि आपको अगर अकाउंट में पैसा भेजना है तो नंबर दे दिया गया है। एटीएम कार्ड के सिवीसी नंबर से आपको क्या मतलब तो फर्जी ग्राहक ने फोन काट दिया एवं सारे मेसेज डिलीट कर दिए। अब रेस्टोरेंट के संचालक विधान मंडल को सारी बाते समझ आ चुकी थी नंबर आसाम का दिखा रहा था। सबसे बड़ी बात की बचेली में तड़का नामक रेस्टोरेंट है ठग को पता था। एवं फोर्स की बटालियन यहां पर तैनात है वो भी जानकारी ठग को थी। ठगी करने के लिए नया तरीका अपनाया गया जिससे दुकानदार किस्मत से बच गया। फिलहाल 5000 रुपयो का फर्जी आर्डर का नुकसान दुकानदार को भुगतना पड़ा।

पीएम ग्राम सड़क योजना का बना मजाक निर्माणाधीन सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनायी जा रही करोड़ो की लागत से निर्माणाधीन सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते हुए नजर आ रही है। कंस्ट्रक्शन कंपनी और पीएमजीएसवाई के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी तिजोरी भरने घटिया सड़क निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इस गुणवत्ताहिना सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए हैं।दरअसल, भैरमगढ़ जनपद के मंगापेटा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव पाताकुटरू से अबूझमाड़ के गुमनेर गांव को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 4 करोड़ 14 लाख की लागत से 12 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। इस सड़क निर्माण के कार्य का ठेका रायगढ़ की गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। करीब साढे 4 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस सड़क के निर्माण में संबंधित कंस्ट्रक्शन कंपनी को विभाग के द्वारा 40 लाख का भुगतान कर दिया गया है साढ़े 4 किलोमीटर पूर्ण हुए सड़क की गुणवत्ता के साथ समझौता करते हुए विभाग ने बेहद ही निम्न स्तर के निर्माण कार्य को अंजाम दिया है। सड़क में मुरूम डालकर रोड रोलर भी नहीं चलाया गया। जिस कारण सड़क में बिछाया गया मुरूम हाथ की उंगलियों से भी उखड़ रहा है। ऐसे में बारिश के दिनों में सड़क पूरी तरह से बह जाएगी। हैरानी की बात तो यह है कि कई जगह ग्राउंड लेवल से महज 1 इंच ही मुरम बिछाया गया है। साढ़े 4 किलोमीटर की इस सड़क में तीन पक्के पुल पुलिया का भी निर्माण होना था। मगर हयूम पाईप लगाकर खानापूर्ति की गई। बरसाती नालों में हयूम पाईप लगाकर जिस पुल का निर्माण किया गया है।

बीजापुर बीईओ ने किया छुट्टी हेतु उचित प्रावधान संघ ने माना आभार

बीजापुर। बीजापुर विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी जाकिर खान ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये विकास खण्ड के शिक्षकों हेतु अर्जित अवकाश लेने हेतु पिछ्ले दिनों बी आर सी भवन मे आयोजित बैठक मे शिक्षकों को सुविधा अनुसार दिशा निर्देश दिये। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षक या शिक्षिका को यदि अर्जित अवकाश जरूरत हो तो वे पहले आकर स्वीकृत करा लें ताकि उनका वेतन ना रुके और कोई आर्थिक रुप से परेशान ना हों। कभी कोई गंभीर रूप से बीमार हों या किसी के घर मे शादी,मृत्यु जैसे कार्य हों तो किसी को परेशान होने की जरुरत नही है। इसके बाद उन्होंने अपने कथन अनुसार इस पर कार्य करना भी प्रारंभ कर दिया है।बीजापुर विकास खण्ड के शिक्षकों को अब वेतन वा अवकाश हेतु भटकना नही पड़ता।

बेरोजगार संघ ने समस्या को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

■ **12 बिंदुओं रैली के बाद जिला मुख्यालय पहुंच एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। बेरोजगार संघ बीजापुर ने बेरोजगारी समस्या को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और युवाओं को बेरोजगार भत्ता शासकीय भर्तियों में स्थानीय को प्राथमिकता और धान के समर्थन मूल्य के साथ-साथ बचे हुए किसानों के धान लेने की व्यवस्था किये जाने समेत 12 बिंदुओं पर रैली के साथ जिला मुख्यालय पहुंच एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कड़ती ने बताया कि कांग्रेस ने जिस प्रकार चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया था बेरोजगार युवाओं को बेरोजगार भत्ता दिया जाएगा जो आज पर्यंत तक कार्य होता नही दिख रहा है एंव किसानो से वादा किया था धान का 2500 रुपये समर्थन मूल्य दिया जाएगा ईस वादे को पूरा करें,वादे पूरा न होने पर बेरोजगार संघ पुनः वृहद आंदोलन करेगी। साथ ही बेरोजगार संघ के प्रवक्ता फूलचंद गागड़ा ने कहा है की आज भी सैकड़ों किसान धान नही बेच पाए हैं इस पर सरकार को व्यवस्था कर पुनः धान लेने का मार्ग निकलना चाहिये, प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार से युवाओं और किसानों से वादा करके सरकार बनाई है तो अब इन वादों को निसंकोच पूरा करना चाहिये और शासकीय भर्तियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिले इस व्यवस्था को कठोर करना होगा। बेरोजगार संघ अन्य मांगे ग्राम पंचायतों में कुटीर उद्योग, प्रत्येक ग्राम पंचायतों में उपस्वास्थ्य केंद्र, शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त कर शैक्षणिक कार्य मे लगाया जाये, एनएमडीसी प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया की जाए,शासकीय भर्तियों के पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था हो ऐसे बारह बिन्दु पर बीजापुर सांस्कृतिक भवन में सभा के बाद रैली के साथ जिला मुख्यालय पहुंच एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान संघ के उपाध्यक्ष सोनाराम फरसा,सचिव विजय मुचाकी सह सचिव रीता मण्डावी समेत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से सैकड़ों बेरोजगार युवा सम्मिलित हुए।

गौरवपथ निर्माण कार्य तेज अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

■ **कांग्रेस के नपा में आते ही विकास कार्यो को मिली गति**

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली कांग्रेस की सत्ता नगरपालिका में आते ही नगर के विकास कार्यों में बेहद तेजी देखी जा रही है। इसी कड़ी में सालो से लटके गौरवपथ निर्माण कार्य को तेज करते हुए आज मुख्य मार्ग सिंप्लेक्स नाला के पास अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। जिसमें कुछ दुकाने इसकी चपेट में आई एवं कुछ सूखे पेड़ो को भी हटाया गया इस दौरान मौके पर पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर पीआर मंडावी,नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव,उपाध्यक्ष उस्मान खान ,संजीव साव एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। मुख्य मार्ग में नगर के मध्य सड़क पर पड़े खतरनाक गड्ढो को भी पैचिंग किया जा रहा है। कांग्रेस जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर के विकास कार्यो की गति देखते हुए नगर के लोगो के चेहरों में खुशी साफ देखी जा सकती है।

सीतापुर गांव में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। 229 वाहिनी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, बीजापुर, छग द्वारा बीजापुर जनपद के अति संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित गाँव सीतापुर में एक सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2019-20 का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम के तहत सीतापुर गाँव के आँगनवाड़ी केन्द्र एवं प्राथमिक पाठशाला के बच्चों को स्कूल बैग, नोट-बुक एवं ज्योमैट्री बॉक्स इत्यादि वितरण किया गया। साथ ही सीतापुर, गुडलावागू, उसूर आदि गाँवों से आए महिलाओं व पुरूषों को साड़ी, शाल एवं कम्बल का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहित होकर एवं बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उपरोक्त कार्यक्रम में विवेक भंद्राल, कमाण्डेंट 229 वाहिनी सी.आर.पी.एफ रवि कुमार वर्मा, सहायक कमाण्डेंट, निरीक्षक आनंद सिंह, अनिल कुमार, उपस्थित जवान व आँगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक पाठशाला की अध्यापिका एवं गाँव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं शिक्षा के स्थर को बढ़ाने तथा बच्चों को स्कूल भेजने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 से 250 ग्रामीण उपस्थित थे। कमाण्डेंट महोदय द्वारा ग्रामीणों के समस्या के बारे में जाना गया और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया गया।

एक स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बीजापुर। थाना जांगला से जिला बल एवं केरिपु का संयुकत बल एरिया डॉमिनेशन पर बरदेला, टुंगाली गदामली की ओर रवाना हुई थी। पटेलपारा गदामली से नक्सली अपराध के फरार आरोपी स्थाई वारंटी अवलम सुक्कु पिता लखमू उम्र 35 वर्ष, जाति मुरया साकिन गदामली थाना जांगला को पकड़ने में सफलता अर्जित की गई। उक्त के विरूद्ध थाना जांगला में पंजीबद्ध अपराध में 01 स्थाई वारंट लंबित था। थाना जांगला में विधिवत कार्यवाही उपरान्त आज दिनांक को न्यायालय पेश किया गया।

बच्चों को मिले सही पोषण, हम सबकी जिम्मेदारी

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में नन्ने-मुन्ने बच्चों से हंसी-ठिठोली कर स्नेह से बच्चों का दिल जीता जा रहा है। कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने ऐसी अभिनव पहल की है, जिससे बच्चें भी खुलकर कलेक्टर से बात कर रहे है। समय-समय पर उनके हाथों से मिले उपहार से तो वे खुशी से फूले नहीं समाते। कई बार ऐसा मौका भी आया है जब उन्होंने बच्चों से कविता सुनी और प्रोत्साहन स्वरूप उन्होंने किताबे और फल दिए। जिले में सरकारी कार्यक्रमों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की पूरे विधि-विधान से गोदभराई रस्म की जाती है। इसके बाद छह माह की आयु पूरे कर चुके बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन भी कराया जाता है। इस आत्मीयता से महिलाएं और बच्चें मंत्रगुग्ध है। यह कहने या बताने की बात नहीं, हम सब जानते है कि बच्चें देश का भविष्य होते हैं। उन्हें सही पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा मिले, ये सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इनका भरपूर लाभ महिलाओं और बच्चों को मिल रहा है । नारायणपुर जिले में 1333 शिशुवती महिलाएं, 2295 छह माह से 3 वर्ष के कुपोषित बच्चें और 15 से 49 वर्ष के एनीमिया पीड़ित 3215 महिलाएं सहित कुल 6843 हितग्राहियों को गर्म पौष्टिक भोजन मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अन्तर्गत प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही 14471 हितग्राहियों को सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को उबाल कर अंडा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत से अब तक लगभग 350 बच्चें कुपोषण से बाहर आ चुके है। कुपोषित बच्चों को समुदाय की सहभागिता से बाल मित्रों द्वारा गोद लेने का कार्य भी किया जा रहा है जो सराहनीय है।

नगर सैनिकों ने मांगा पुलिस जवानों के बराबर वेतन

■ **राज्यपाल-मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में जिले के महिला व पुरुष नगर सैनिकों ने अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक नगर सेना के नाम कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नगर सैनिकों से पूरा काम पुलिस जवानों की तरह ही लिया जाता है लेकिन वेतन के नाम पर सिर्फ 12900 मासिक दिया जाता है सैनिकों ने समान कार्य हेतु समान वेतन की मांग की है।

कलेक्ट्रेट पहुंचे छत्तीसगढ़ नगर सेना सैनिक परिवार कल्याण एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने भी आदेश जारी कर दिया है इसके परिपालन में मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार में नगर सेना के जवानों को पुलिस आरक्षक के समान वेतनमान दिया जा रहा है, गौरतलब है कि वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपक्ष में रहते हुए स्वयं तत्कालीन मुख्यमंत्री को नगर सैनिकों को समान कार्य समान वेतन दिए जाने हेतु पत्र प्रेषित किया था अब वर्तमान में वे स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं ऐसे में तत्काल समान कार्य समान वेतन लागू किया जाना चाहिए।।

महिलाओं के सामने है तलाक की नौबत

महिला नगर सैनिकों ने बताया कि पूरे वर्ष भर उन्हें छात्रावास ड्यूटी मैं भेजा जाता है जहां 24 घंटे ड्यूटी करना होता है ऐसे में वे अपने बच्चे और परिवार से नहीं मिल पाते हैं जिससे कि उनका परिवार टूटने की स्थिति निर्मित हो गई है और घर में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है ना अपने पति से मिल पा रहे हैं ना ही बच्चों की देखभाल कर पा रहे हैं इनकी मांग है कि एक छात्रावास में कम से कम 2 महिला सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए जिससे कि वह ड्यूटी के साथ अपना परिवार भी संभाल सकें। साथ ही शासन के अन्य विभागों में महिला कर्मचारियों हेतु मातृत्व अवकाश के तहत 6 महीने का अवकाश प्रदान किया गया है जबकि महिला नगर सैनिकों को मातृत्व अवकाश में सिर्फ3 महीने का अवकाश प्राप्त होता है इसे भी बढ़ाकर 6 महीने करने की मांग की गई है।

पुरुष सैनिकों के सामने भूखों मरने की स्थिति निर्मित

पुरुष सैनिकों ने ज्ञापन में अपने समस्या को अवगत कराते हुए कहा कि उन्हें वर्ष भर में 6 महीने के लिए जिले से बाहर ड्यूटी करना पड़ता है जिसमें 2 महीने कोरबा एसईसीएल सुरक्षा ड्यूटी 2 महीने कुसमुंडा एसईसीएल 1 महीने रायपुर प्रशासनिक ड्यूटी के साथ समय-समय पर अन्य लाइन ऑर्डर एवं सुरक्षा ड्यूटी हेतु जिले से बाहर रहना पड़ता है ऐसे में 12900 रुपए वेतन में स्वयं का भरण पोषण करें या अपना परिवार चलाएं बाहर ड्यूटी पर स्वयं के लिए भोजन व रहने का व्यवस्था करना होता है उसी में पूरा पैसा खर्च हो जाता है जिस कारण घर में भूखों मरने सी स्थिति निर्मित होती है ना ही वे अपना घर चला पा रहे हैं ना बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पा रहे हैं।

विज्ञान को बनायें समावेशी विकास का हथियार : कोविंद

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विज्ञान को समावेशी विकास का हथियार बनाने की अपील करते हुये शुक्रवार को कहा कि आम लोगों के विकास और समृद्धि के लिए यह जरूरी है कि विज्ञान का समाज से सीधा संपर्क हो।

नई दिल्ली (वार्ता)। श्री कोविंद ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर यहाँ विज्ञान भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा ÷वैज्ञानिक अनुसंधानों के फायदों का सर्वोत्तम प्रभाव तभी होगा जब वह कम संसाधनों वाले संस्थानों, हमारे युवाओं, महिलाओं और सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक पहुँचेगा। हमें विज्ञान को समावेशी विकास का ऐसा हथियार बनाने का संकल्प करना होगा जो 130 करोड़ लोगों की विविधता का सम्मान करे और इसकी शक्ति का वास्तव में सदुपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि अपने वैज्ञानिक उद्यमों की गुणवत्ता और प्रासंगिकता बढ़ने का संकल्प लेने की अपील करते हुये कहा कि विज्ञान को देश के लोगों के विकास और समृद्धि में योगदान कर उनके लिए काम करना चाहिये। इसका एक तरीका समाज के साथ विज्ञान का सीधा संपर्क बनाना है। हमें अपने विश्वविद्यालयों और प्रयोगशालाओं में मौजूद सभी साधनों जैसे ज्ञान, श्रमबल और बुनियादी ढाँचों के साथ विज्ञान के सभी हितधारकों और समाज के विस्तृत वर्ग तक पहुँचने की कोशिश करनी चाहिये। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर विज्ञान संचार एवं प्रसार के लिए 21 लोगों को पुरस्कृत किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि इस साल विज्ञान दिवस का थीम 'विज्ञान के क्षेत्र में महिलायें' रखा गया है। देश के विकास के लिए महिला सशक्तीकरण अनिवार्य है। कई महिलायें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इसके बावजूद देश के अनुसंधान एवं विकास में महिलाओं का अनुपात मात्र 15 प्रतिशत है जबकि वैश्विक स्तर पर उनकी संख्या 30 फीसदी है। उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पठन-पाठन के क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने इस 'जेंडर एडवांसमेंट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंस्टीट्यूशंस' (गति) और 'विज्ञान ज्योति' कार्यक्रमों की शुरुआत की तथा एक वेब पोर्टल लॉन्च किया।

'गति' कार्यक्रम के तहत विज्ञान से जुड़े संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी का आँकलन किया जायेगा। 'विज्ञान ज्योति' के तहत हाई स्कूलों में प्रतिभाशाली बालिकाओं के लिए समान पटल तैयार करने पर जोर होगा ताकि वे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में उच्च शिक्षा को करियर बना सकें।

■ न्यूज गैलरी

इंडिगो ने एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर लॉन्च किया क्रेडिट कार्ड

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर 'का-चिन' के नाम से क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इंडिगो के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विलियम बोल्टर ने एचडीएफसी बैंक के भारत में विपणन तथा भुगतान समाधान कारोबार के प्रमुख पराग राव की मौजूदगी में गुरुवार रात यहाँ एक कार्यक्रम यह कार्ड लॉन्च किया। कार्ड दो संस्करणों '6ई रिवाड्र्स' और '6ई रिवाड्र्स एक्सएल' में लॉन्च किया गया है। 'एक्सएल' संस्करण का वार्षिक शुल्क और उस पर मिलने वाले फायदे ज्यादा होंगे। राव ने कहा कि इस कार्ड पर मिलने वाले फायदे और रिवॉर्ड प्वाइंट एचडीएफसी बैंक के किसी भी को-ब्रांडेड कार्ड के मुकाबले ज्यादा हैं। आरंभिक लक्ष्य एक साल में 10 लाख 'का-चिन' ग्राहक बनाना है। कार्ड एक्टिव होने पर ग्राहकों को तीन हजार रुपये तक के 'कॉम्प्लीमेंटरी टिकट' मिलेंगे।

पेट्रोल के दाम स्थिर, डीजल सस्ता

नई दिल्ली (वार्ता)। डीजल के दाम लगातार दूसरे दिन टूटते हुये आज करीब आठ महीने के निचले स्तर पर आ गये जबकि पेट्रोल की कीमतें स्थिर रहीं। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 71.96 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। डीजल की कीमत लगातार दूसरे दिन पाँच पैसे घटकर 64.60 रुपये प्रति लीटर रह गयी। यह 05 जुलाई 2019 के बाद का निचला स्तर है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में भी पेट्रोल क्रमशः 74.60 रुपये, 77.62 रुपये ओर 74.75 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। डीजल कोलकाता में पाँच पैसे सस्ता होकर 66.92 रुपये प्रति लीटर के भाव बिका। मुंबई और चेन्नई में इसकी कीमत छह-छह पैसे घटकर क्रमशः 67.69 रुपये और चेन्नई में 68.21 रुपये प्रति लीटर रह गयी।

श्रीलंका उत्तर भारत में व्यापार विस्तार को इच्छुक

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत में श्रीलंका के उच्चायुक्त निलुका कदुरुगामुवा ने गुरुवार को भारत से व्यापार संबंधों का विस्तार करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका देश अब (भारत के) उत्तरी भाग में कदम बढ़ाने के लिए तत्पर है। कदुरुगामुवा ने यहां ब्रिक्स चैंबर ऑफकॉमर्स के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा,÷श्रीलंका पहले से ही विशाखापत्तनम और तमिलनाडु में मौजूद है। हमारा मानना ??है कि यह दोनों देशों के उद्यमियों के लिए वर्ष 2000 के भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) को अपने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को अधिकतम करने के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग करने का समय है।

–शेयर बाजार में साल की सबसे बड़ी गिरावट का निवेशकों को भारी नुकसान

निवेशकों ने कुछ ही देर में गंवाए पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक

मुंबई ए.। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस ने अब कहर बरपाना शुरू कर दिया है। वैश्विक बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट के कारण शुक्रवार को कारोबार के कुछ ही देर में निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक की चपत लग गई। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में शुरुआती कारोबार में 11,60 अंक से अधिक की गिरावट के कारण बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में भारी गिरावट देखने को मिली। इस कारण निवेशकों ने कारोबार के कुछ ही देर में 4,65,915.58 करोड़ रुपये गंवा दिए। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस गिरावट के बाद 1,47,74,108.50 करोड़ रुपये पर आ गया। गुरुवार को जहां अमेरिका का डाऊ जोंस औ एसएंडपी धड़ा हुआ वहां शुक्रवार को यूरोप और एशिया समेत भारतीय स्टॉक मार्केट में हाहाकार मच गया। हजारों लोगों की जान ले चुके कोरोना वायरस के कहर का असर अब बाजार में भी दिखने लगा है। फरवरी के अंतिम कारोबारी दिन को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1,448.37 अंक टूटकर 38,297.29 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 431.55 अंक टूटकर 11,201.75 के स्तर पर बंद हुआ। यह इस साल की सबसे बड़ी गिरावट है।

बीएसई की 1,767 कंपनियों में गिरावट

कोरोना वायरस के भय से आक्रांत शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में भारी बिकवाली देखने को मिली। बीएसई की 1,700 से अधिक कंपनियों में बिकवाली हुई। इनमें से अधिकांश कंपनियां मिडकैप या स्मॉलकैप की हैं। इस बिकवाली के कारण समूह ए, बी, टी और जेड की 323 कंपनियों के शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर आ गए। बीएसई की 205 कंपनियों के शेयरों में स्वीकृत दायरे तक की गिरावट रही। हालांकि 274 कंपनियों ने बाजार की चाल के विपरीत प्रदर्शन किया और इनके शेयरों में बढ़त रही। गुरुवार को अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में भारी गिरावट की वजह से शुक्रवार को एशियाई बाजार भी लाल निशान में कारोबार करते दिखे।

खुलते ही सेंसेक्स 1150 अंक टूटा

आज शेयर मार्केट खुलते ही सेंसेक्स 1153 अंक टूट गया। वह 38,592 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 341.10 अंक लुढ़कने के बाद 11,292.20 के स्तर पर है। बाजार खुलने के 5 मिनट के अंदर ही सेंसेक्स 1000 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ 38,661.81 पर आ गया। सबसे ज्यादा गिरावट टेक हिंद्रा और टाटा स्टील के शेयरों में देखने को मिली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स के सभी 30 शेयर आज लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं निफ्टी 50 में भी कोई स्टॉक हरे निशान पर कारोबार नहीं कर रहा है। सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियां शुरुआती कारोबार में गिरावट में चल रही थीं। बीएसई की कुल कंपनियों में 1,602 कंपनियों के शेयर गिरावट में चल रहे थे। मात्र 183 शेयरों में तेजी देखने को मिली जबकि 62 कंपनियों के शेयर स्थिर रहे। बीएसई के स्मॉलकैप में 3.45 प्रतिशत की और मिडकैप में 3.53 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

ग्राडो ने 'शेड्स ऑफ ब्लू' फैब्रिक्स से पर्दा उठाया

नई दिल्ली। पारंपरिक विरासत को संजोने वाले ब्रांड ग्रासिम (पहले ग्वालियर सूटिंग्स के नाम से मशहूर) तथा ओसीएम के बेहतर तालमेल के साथ एकजुटता का परिणाम है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सिंथेटिक से लेकर कॉटन एवं अति उत्तम ऊनी धागों से निर्मित सभी प्रकार के वस्त्रों को एक ही ब्रांड की छत के नीचे उपलब्ध कराना है। अब यह ब्रांड जोश एवं उर्जा से भरपूर बिल्कुल नए कलेक्शन को प्रस्तुत करने के लिए तैयार है, इस तरह ब्रांड ने 'कलर ऑफ द ईयर 2020', यानी कि क्लासिक ब्लू के प्रति सम्मान प्रकट किया है।

यह रेंज वास्तव में मेन्स वियर तथा वुमन्स वियर के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के फैब्रिक्स की पेशकश के लिए मशहूर है, तथा रंगों के आश्चर्यजनक मिश्रण (नीले रंग की विविधता) अपने अद्भुत डिजाइन, बनावट, अनुभूति एवं एहसास को देखकर निश्चित तौर पर ग्राहक अवाक रह जाएंगे। रंग विभिन्न प्रकार की भावनाओं को दर्शाते हैं और इस साल के रंग, यानी कि 'क्लासिक ब्लू' को मन को शांति देने वाले, आत्मविश्वास जगाने वाले और आपसी संबंध स्थापित करने वाले रंग के तौर पर जाना जाता है। शाम के समय के आसमान की याद दिलाने वाला यह रंग जीवन और जीवन शक्ति का प्रतीक है। फैशन ट्रेंड की तरह कलर ट्रेंड भी बड़ी तेजी से आगे बढ़ते हैं और लगातार बदलते रहते हैं। 2020 में पूरी दुनिया के मिज़ाज को देखते हुए, ग्राडो अपने बिल्कुल नए रेंज, 'शेड्स ऑफ़ ब्लू' को प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कार क्रांति | बिल्कुल नई वेलफायर भारतीय ग्राहकों के लिए स्थायी लक्जरी को पारिभाषित करती

भारत में नई लक्जरीयस सेल्फचार्जिंग इलेक्ट्रीक व्हेकिल लांच

हैदराबाद। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज शानदार टोयोटा वेलफायर का अनावरण किया। भारत में यह एक नई लक्जरीयस सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रीक वाहन है। नई वेलफायर का आरामदेह और पूरी जगह वाला इंटीरियर प्रचुरता का दावा करता है जब इसका भव्य और निडर बाहरी हिस्सा सोच-समझकर ऐसा बनाया गया है कि असरदार छवि छोड़ता है। नई वेलफायर से वाहन चलाने का शक्तिशाली अनुभव मिलता है जबकि ईंधन की खपत तथा कम कार्बन फुटप्रिंट सुनिस्चित होता है। वेलफायर एक मजबूत हाईब्रिड है और अध्ययन से पता चला है कि मजबूत हाईब्रिड गाड़ियां इंजन ऑफ की

स्थिति में 40त्न दूरी और 60त्न समय शून्य उत्सर्जन मोड में चल सकती हैं। 2.5-लीटर का इसका 4-सिलेंडर वाला गैसोलिन हाईब्रिड इंजन 86 द्मङ्ख (115 बीएचपी) शक्ति और 198 हृद्व ञ्च2800-4000 ह्म्श्चद्व का अधिकतम घूर्ण देता है। नए वेलफायर इंजन में दो इलेक्ट्रीक मोटर हैं और एक हाईब्रिड बैट्री जो यह सुनिस्चित करती है कि उत्सर्जन कम हो और वाहन चलाने का शानदार अनुभव हासिल हो। लांच के मौके पर मौजूद टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरमैन श्री विक्रम किर्लोस्कर ने कहा, ÷भारत में ऑटोमोटिव उद्योग प्रौद्योगिकी पर आधारित एक बड़े बदलाव से गुजर रही है। इसमें नवीनता और रचनात्मकता संपूर्ण ग्राहक अनुभव को पारिभाषित करती है। उद्योग की अग्रणी कंपनी के रूप में हमारे लिए यह आवश्यक है कि खुद को चुनौती दी जाए और ग्राहकों को ऐसी नई खोज मुहैया कराई जाए जो ना सिर्फ भव्यता और आराम का वादा करे बल्कि इकोसिस्टम (पारिस्थितिकी) को अच्छा रखने में भी योगदान करे। टोयोटा में पर्यावरण के प्रति जागरूकता हमारे इकोसिस्टम में शामिल है और ईंधन कुशल वाहनों से लेकर बेहतर इको टेक्नालॉजी और एप्रोच वाले वाहनों का विकास किया जाता है। टीकेएम के पास पर्यावरण के लिहाज से स्थायी समाधान है और यह हमारे सभी कारोबारी परिचालनों के केंद्र में है तथा प्लांट में बनने वाले प्रत्येक वाहन के मामले में लागू है। इस क्रम में हमारी नवीनतम पेशकश नई टोयोटा वेलफायर भी हमारी पेशकश की प्रतिबद्धता का मूर्त रूप है। हम हमेशा बेहतर कारें, उससे भी बेहतर टेक्नालॉजी के साथ पर्यावरण को हमेशा बेहतर रखने के लिए पेश करना चाहते हैं। भारत में नए वेलफायर की पेशकश पर अपने विचार साझा करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक श्री मासाकाजू योशिमुरा ने कहा, ÷आज का दिन भारत में हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण दिन है।

दुर्ग में आज से शुरू होगा क्रॉफ्ट बाजार

ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्र कुमार करेंगे शुभारंभ

दुर्ग। राज्य के ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार कल से दुर्ग से आयोजित होने वाले क्राफ्ट बाजार का शुभारंभ करेंगे। कल 29 फरवरी से 09 मार्च तक चलने वाले इस बाजार में चंदेरी साड़ी, कशीदाकारी, बनारसी जरी, लखनवीं चिकन, बाघ, बटीक साड़ी, छत्तीसगढ़ राज्य की विख्यात कोसा साड़ी एवं ड्रेस मटेरियल के अलावा बस्तर एवं रायगढ़ का बेलमेटल शिल्प के साथ ही हस्तशिल्प की अन्य आकर्षक कलात्मक शिल्प सामग्रियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

इस क्राफ्ट बाजार का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। क्रॉफ्ट बाजार 29 फरवरी से 09 मार्च तक प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार दस दिवसीय शिल्प बाजार मेले का आयोजन 29 फरवरी से 09 मार्च तक गोंडवाना भवन दुर्ग में किया जाएगा।

आज का भविष्यफल

मेष: आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

वृषभ: आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन: पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी।

कर्क : बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति ककर कोष की स्थिति को मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है। सांयकाल से देर रात तक देव दर्शन का लाभ लें।

सिंह: राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रूका हुआ कार्य भी संपन्न होगा। पाचन क्रिया मंद तथा नेत्र विकार संभव है।

कन्या: राशि का स्वामी बुध आज षष्ठम शत्रु में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

तुला: आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। वाक् पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी।

वृश्चिक: आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी। रूका हुआ कार्य सिद्ध होगा, प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

धनु: आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

मकर : आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक मजबूत होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

कुंभ: पत्नी की अकस्मात शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। सांयकाल के समय पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

मीन: वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

सू- दोकू

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.47 का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रामाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 47 का हल

प	सं	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
वा	द	क		र		सं	ब	ल
ड़		ल	ज्जा		म	स्का		य
	बा			बि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ज	त
	श	क्ल		न	मि	त		न

न्यूज गैलरी

नवगठित पेण्ड्रा-मरवाही जिले में राप्रसे के चार अफसरों को मिली नवीन पदस्थापना

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नवगठित पेण्ड्रा-मरवाही जिले में अफसरों की नवीन पदस्थापना होनी शुरू हो गई है। इसी क्रम में राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के चार अफसरों को पेण्ड्रा-मरवाही जिले में पदस्थ किया है। सामान्य प्रशासन विभाग महानदी भवन मंत्रालय से जारी आदेशानुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के जिन चार अफसरों का पेण्ड्रा-मरवाही जिले में नीवन पदस्थापना दी गई है उनमें, बीसी साहू को अपर कलेक्टर, बीसी एक्का को संयुक्त कलेक्टर, डिगेश पटेल और देव सिंह उईके को डिप्टी कलेक्टन के पद पर पदस्थ किया गया है।

धरमजयगढ़ तक पैसेंजर ट्रेन शुरू करने रायगढ़ सांसद ने दपूमरे महाप्रबंधक को लिखा पत्र

रायपुर। रायगढ़ की सांसद गोमती साय ने दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर धरमजयगढ़ कॉरीडोर परियोजना में पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की है। महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को लिखे पत्र में सांसद ने लिखा है कि रायगढ़ जिला अंतर्गत धरमजयगढ़ कॉरीडोर परियोजना भूपदेवपुर-धरमजयगढ़ परियोजना पूर्ण हो चुकी है। इसमें मालगाड़ी (कोयला परिवहन) माह नवंबर 2019 से प्रारंभ हो गया है। जबकि इस कारीडोर परियोजना में पैसेंजर ट्रेन चलाने का प्रावधान है, परंतु आज तक पैसेंजर ट्रेन चालू नहीं हुआ है। अतः जल्द से जल्द धरमजयगढ़ कारीडोर में पैसेंजर ट्रेन प्रारंभ करने की कार्यवाही शुरू की जाए। पैसेंजर ट्रेन परिचालन हेतु सभी निर्माण (टिकट काउंटर, स्टेशन, प्लेटफार्म) कार्य पूर्ण हो चुके हैं। धरमजयगढ़ को राजधानी रायपुर मुख्यालय से जोड़ने पर सुदूर अंचल के लोगों को राजधानी से जुड़ने में आसानी होगी।

रायपुर मेडिकल कॉलेज में तकनीशियन के 8 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी

रायपुर। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के रेडियोथेरेपी विभाग में आठ तकनीशियनों की नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। इनमें चार लीनियर एक्सीलरेटर टेक्नोलॉजिस्ट तथा एक-एक कोबाल्ट थेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट, ब्रेकीथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट, सीटी सिमुलेटर टेक्नोलॉजिस्ट और मोल्ड रूम टेक्नोलॉजिस्ट शामिल हैं। रायपुर मेडिकल कॉलेज द्वारा जारी आदेश के अनुसार लीनियर एक्सीलरेटर टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर तोषण लाल कन्नौजे, श्रीमती पूनम चन्द्राकर, अजय चन्द्राकर और सुनील कुजूर का चयन किया गया है। चयनितों में कोबाल्ट थेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर भवनेन्द्र कुमार पांडेय, ब्रेकीथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर श्रीमती यामिनी पाल, सीटी सिमुलेटर टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर रिंकु राव और मोल्ड रूम टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर नरेश कुमार खरसन शामिल हैं। सभी चयनित उम्मीदवारों को आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर महाविद्यालय में पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। चयनितों को पदभार ग्रहण करने के 15 दिनों के भीतर जिला मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र और निवास स्थान से संबंधित थाना से चरित्र सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने किया हमर लैब, डे-केयर कीमोथेरेपी एवं सीसीयू का लोकार्पण

'हमर लैब' में 90 तरह की जांच की सुविधा

- हृदय रोगों और कैंसर के इलाज के लिए नई सुविधाएं
- सभी जिला अस्पतालों में शुरू होगी कीमोथेरेपी, 7 जिलों में सीसीयू
- गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण : टी.एस. सिंहदेव

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज पंडरी स्थित रायपुर जिला अस्पताल में अत्याधुनिक हमर लैब, कैंसर मरीजों के लिए डे-केयर कीमोथेरेपी सेवा और कार्डियक केयर यूनिट (सी.सी.यू.) का लोकार्पण किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ तीनों जगहों का भ्रमण कर यहां मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सी.सी.यू. में भर्ती मरीज से मिलकर उनकी सेहत की भी जानकारी ली।

रायपुर जिला अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त लैब में 90 तरह की जांच की सुविधा है। हृदय की तकलीफों की आकस्मिक और गहन चिकित्सा के लिए छह बिस्तरों का इंटेसिव कार्डियक केयर यूनिट तथा डे-केयर कीमोथेरेपी के लिए छह बिस्तरों का दीर्घायु वार्ड भी जिला चिकित्सालय में आज से शुरू हो गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, विधायकगण सर्वश्री कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, श्रीमती अनिता शर्मा और रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा भी मौजूद थीं।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि यूनिवर्सल हेल्थ केयर के तहत लोगों को निःशुल्क या कम से कम खर्च पर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकारी अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। वहां नई सुविधाएं शुरू करने के साथ ही बेहतर इलाज व देखभाल के लिए संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं। रायपुर में आज शुरू हुए हमर लैब से लोगों को एक ही जगह नाममात्र के शुल्क पर अनेक तरह के परीक्षण की सुविधा मिलेगी। अभी यहां 90 तरह की जांच की सुविधा है। कुछ और मशीनों के आने के बाद इस लैब से 120 तरह के जांच की सुविधा मिलने लगेगी। श्री सिंहदेव ने कहा कि इस आधुनिक लैब में हुए परीक्षण की रिपोर्ट मरीजों को सीधे उनके मोबाइल पर मिल जाएगी। रिपोर्ट की हॉर्डकॉपी उन्हें संबंधित अस्पताल से मिलेगी। जिला अस्पताल के साथ ही आसपास के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संकलित सैंपलों का भी परीक्षण यहां होगा।

स्वास्थ्य विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने लोकार्पण कार्यक्रम में बताया कि हमर लैब की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और सीडीसी के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है। चरणबद्ध रूप से सभी जिला चिकित्सालयों के लैब में जांच की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। डे-केयर कीमोथेरेपी एवं सी.सी.यू. सुविधा का सभी जिला अस्पतालों तक विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज यहां शुरू हुए इंटेसिव कार्डियक केयर यूनिट से हृदयाघात के बाद तत्काल आपात चिकित्सा की सुविधा लोगों को मिलेगी। यहां प्रतिदिन चौबीसों घंटे गहन चिकित्सा की व्यवस्था है। वहीं डे-केयर कीमोथेरेपी सेवा कैंसर का इलाज सुलभ बनाएगा। इन दोनों सुविधाओं से मरीजों का जल्दी इलाज होने से असमय मृत्यु को रोका जा सकेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम में डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना की वेबसाइट लॉंच की। उन्होंने योजना के तहत डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के ऑनलाइन भुगतान सुविधा का भी शुभारंभ किया। श्री सिंहदेव ने अस्पताल में अपना आधार नंबर देकर योजना के तहत मौके पर ही अपना ई-कॉर्ड बनवाया।

यूनिवर्सल हेल्थ केयर की ओर बढ़ते कदम- हमर लैब, सी.सी.यू. और कीमोथेरेपी सुविधा

हमर लैब प्रदेश की पहली ऐसी लैब होगी जहां जांच रिपोर्ट के लिए मरीज या उनके परिजनों को दोबारा आना नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट मोबाइल पर या अस्पताल में मिल जाएगी। आई.पी.एच.एस. के अनुसार जिला अस्पताल के लैब में 60 तरह की जांच की सुविधा होनी चाहिए। लेकिन उच्च स्तरीय आधुनिक मशीनों से यहां 90 तरह के जांच की सुविधा मिलेगी। अगले वित्तीय वर्ष में सभी जिला अस्पतालों में हमर लैब की स्थापना की जाएगी। हृदय रोग, हृदयाघात और स्ट्रोक से होने वाली असमय मौत को रोकने के लिए प्रदेश के सात जिला अस्पतालों में कार्डियक केयर यूनिट की स्थापना की जा रही है। रायपुर के साथ ही जशपुर, धमतरी, दुर्ग, कोरबा, कांकेर और बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला चिकित्सालयों में यह सुविधा शुरू की जा रही है। सीसीयू में बेडसाइड कॉर्डियक मॉनिटर और उन्नत मशीनों से लैस बेडसाइड केयर उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 जिला अस्पतालों में दीर्घायु वार्ड के नाम से डे-केयर कीमोथेरेपी सेवा भी शुरू की जा रही है। जिला अस्पतालों में इस निःशुल्क सेवा की शुरूआत से कैंसर पीड़ितों को स्थानीय स्तर पर ही फॉलो-अप कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी।

एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार का उत्पादन जल्द होगा शुरू

लौह अयस्क खनन से स्टील उत्पादन का पहला कदम होगा एनएमडीसी का

जगदलपुर। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) का पहला स्टील प्लांट लगभग पूर्णता की ओर अग्रसर हो रहा है। एनएमडीसी के स्टील प्लांट की स्थापना के साथ इस दिशा में इन्होंने शुरूआत की है, इससे पूर्व एनएमडीसी अब तक बस्तर में लौह अयस्क का खनन ही करती थी पर अब स्टील का उत्पादन करने को भी तैयार है। एनएमडीसी ने स्टील प्लांट के विभिन्न सयंत्रों का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। अब अधिक समय नगरनार स्टील प्लांट से उत्पादन शुरू होने में नहीं लगेगा, ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर ओड़िशा सीमा के करीब जगदलपुर ब्लॉक के नगरनार में स्थापित हो रहे तीन मिलियन टन सालाना उत्पादन क्षमता के इस स्टील प्लांट से इसी वर्ष 2020 में उत्पादन शुरू होने की संभावना है। अगले माह कमीशनिंग के एक महत्वूपर्ण चरण में कोक ओवन बैटरीज की हीटिंग की तैयारी कंपनी कर रही है। इसके पहले 28 सितंबर 2018 को चिमनी की हीटिंग का एक पड़ाव इस्पात संयंत्र सफलतापूर्वक पार कर चुका है। कोक ओवन की हीटिंग सात मार्च को होने की संभावना है। इसकी सफलता के बाद ब्लास्ट फर्नेस की कमीशनिंग की जाएगी जो उत्पादन शुरू करने की दिशा में बड़ा कदम माना जाता है।

नगरनार में रोमेल्ट तकनीकी पर आधारित स्टील प्लांट के लिए 23 सितंबर 2003 को तत्कालीन उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने आधारशिला रखी थी। बाद में रूस से रोमेल्ट तकनीकी नहीं मिलने पर दोबारा तीन सितंबर 2008 को तत्कालीन स्टील मिनिस्टर रामविलास पासवान ने नगरनार आकर आधारशिला रखी थी। इस स्टील प्लांट का निर्माण तय समयावधि से करीब पांच वर्ष पीछे चल रहा है। समयावधि पर स्टील प्लांट के निर्माण नहीं होने से कई गुणा अधिक लागत स्टील प्लांट के स्थापना के लिए बढ़ती चली गई है। अंततः अब वह समय आ गया है जब एनएमडीसी स्टील प्लांट से लोहे का उत्पादन शुरू हो जायेगा।

लंदन की शोध छात्रा ने 'गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़' को सराहा

खुद की खुशी, सफ्लता की कुंजी : उमेश उपाध्याय

रायपुर (नवप्रदेश)। प्रदेश के शहरों में संचालित ई-साक्षरता केन्द्रों के माध्यमों से दिए जा रहे डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण से ब्रूनेट यूनिवर्सिटी लंदन से अनुसंधान करने आई शोधार्थी पेगी फ्रायार काफी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अपने काम के अनुभव के बारे में बताते हुए इसे एक नवाचारी कार्यक्रम बताया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री उमेश कुमार उपाध्याय ने गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों से कहा कि जिस काम को करने से स्वयं को खुशी मिले वही जीवन के सफ्लता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रदेश के सभी लोगों को कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए टोल फ्री नंबर 15100 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस टोल फ्री नंबर पर कही से भी फोन करके कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में यह सेवा की शुरुआत की जा रही है। श्री उपाध्याय ने कहा कि आज के समय में मोबाइल एक ऐसा माध्यम है जो हमारे जीवन को सुलभ सहज तो बनाता है, लेकिन इसी मोबाइल के समुचित उपयोग नही होने पर या सदुपयोग करने के प्रति जागरूक नही होने के कारण सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत बहुत नुकसान देखने को मिलता है।

मुलाकात...

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहाँ उनके विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद भिलाई के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर स्मृति चिन्ह भेंट किये। इस अवसर पर विधायक देवेन्द्र यादव एवं छत्तीसगढ़ी भोजपुरी परिषद के संरक्षक संजय ओझा भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ भूमि रिकार्ड के गुणवत्तापूर्ण डिजिटलीकरण में अग्रणी राज्य

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आर्थिक अनुसंधान की राष्ट्रीय परिषद (एनसीएईआर) के अनुसार मध्य प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और उनकी गुणवत्ता के मामले में शीर्ष राज्य हैं। नए एनसीएईआर लैंड रिकॉड्र्स एंड सर्विसेज इंडेक्स (एन-एलआरएसआई 2020) को जारी करते हुए, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) ने कहा कि डेटा भारत में भूमि प्रशासन को सक्रिय करेगा। 60-75 अंकों के साथ, मध्य प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु एन-एलआरएसआई पर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले पांच राज्य थे। 50-60 अंक की श्रेणी में पश्चिम बंगाल, झारखंड, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश छह राज्य शामिल है। जबकि इसके बाद के राज्यों में लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, सिक्किम, चंडीगढ़, केरल, असम, मणिपुर, दिल्ली और बिहार शामिल है। एनसीएईआर ने के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न राज्यों ने अपनी भूमि के रिकॉर्ड को नागरिकों को डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। एन-एलआरएसआई का उद्देश्य इस प्रगति और मौजूदा अंतराल की सीमा को समझना और प्रत्येक राज्य में भूमि रिकॉर्ड में सुधार के उपायों की पहचान करना है। आर्थिक अनुसंधान निकाय ने कहा कि आर्थिक विकास और गरीबी में कमी के लिए भूमि तक पहुंच एक महत्वपूर्ण कारक है। संपत्ति का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और विवादों को कम करने में सक्षम होने के लिए, विश्वसनीय भूमि और संपत्ति के रिकॉर्ड तक पहुंच होना सरकार, उद्योग और नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है।